सूर्योदय 5:47 सूर्यास्त 6:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.6 न्यू | 25.4 अधि |
| धर्मशाला | 16.2 न्यू | 31.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,273 |
| निफ्टी | 24,577 |
| सोना | 1,52,155 |
| चांदी | 2,50,063 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 22 अप्रैल 2026 | 9 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 113, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## हिमाचल में नगर निकाय चुनाव 17 मई को

### शहरी क्षेत्रों में आचार संहिता लागू; ट्रांसफर, प्रमोशन व नई भर्तियां बैन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शहरी निकाय चुनावों का बिगुल बज चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 51 नगर निकायों में 17 मई को मतदान कराने की घोषणा की है, जिसमें 4 नगर निगम, 25 नगर परिषद और 22 नगर पंचायतें शामिल हैं। चुनाव कार्यक्रम जारी होते ही प्रदेश के सिर्फ शहरी क्षेत्रों में आचार संहिता लागू कर दी गई है, जिसके चलते ट्रांसफर, प्रमोशन और नई भर्तियों पर बैन लग गया है। यही नहीं विधायक, सलाहकार, बोर्ड-निगमों के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन इस दौरान सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। वहीं, प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों में नई योजना व परियोजना की घोषणा नहीं कर सकेगी। यहां तक कि शिलान्यास और उद्घाटन करने पर भी मनाही है।

इन चुनावों की खास बात यह है कि नगर निगम चुनाव पार्टी सिंबल पर होंगे, जबकि नगर परिषद और नगर पंचायत के चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित चुनाव चिन्हों पर कराए जाएंगे। साथ ही नगर निगम चुनाव ईवीएम से होंगे, जबकि पंचायत स्तर के चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएंगे, जिससे प्रक्रिया में स्पष्ट विभाजन देखने को मिलेगा। चुनाव प्रक्रिया के तहत 21 अप्रैल को अधिसूचना जारी हो गई है, जबकि 29 और 30 अप्रैल तथा 2 मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को होगी और 6 मई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे।

### सभी प्रशासनिक अधिकारी अपने मुख्यालयों में ही रहेंगे: अनिल खाची

**राज्य** निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने स्पष्ट किया है कि सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और बीडीओ को मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न हो सके। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था को भी कड़ा किया जा रहा है।



### चुनावी शेड्यूल

- मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन 29 अप्रैल
- नामांकन भरने की तिथि 29, 30 अप्रैल व 2 मई
- नामांकन की जांच 4 मई सुबह 10 बजे से
- नाम वापसी 6 मई सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक
- चुनाव चिन्ह आवंटन 6 मई
- मतदान 17 मई सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक
- नगर पंचायत, परिषद की काउंटिंग 17 मई
- नगर निगम की काउंटिंग 31 मई

इसके तुरंत बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे, जिससे चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी।

मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। नगर पंचायत और नगर परिषद के नतीजे उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि नगर निगमों के परिणाम 31 मई को घोषित होंगे।

आयोग का कहना है कि पंचायत चुनावों पर किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े, इसलिए परिणामों की तारीखों में अंतर रखा गया है।

चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के खर्च की सीमा भी तय कर दी है। नगर निगम के पार्षद उम्मीदवार अधिकतम 1 लाख रुपए, नगर परिषद के उम्मीदवार 75 हजार रुपए और नगर पंचायत के उम्मीदवार 50 हजार रुपए तक खर्च कर सकेंगे। सभी उम्मीदवारों को मतदान के एक माह के भीतर अपने चुनावी खर्च का पूरा ब्यौरा देना अनिवार्य होगा। इन चुनावों में कुल 3 लाख 60 हजार 859 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 1 लाख 80 हजार 963 पुरुष, 1 लाख 79 हजार 882 महिलाएं और 14 अन्य मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि 1808 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जिससे चुनाव में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिलेगा।

### सीएम सुक्खू बोले-जो कहा था वो किया

**फतेहपुर।** पंचायत चुनावों को लेकर फतेहपुर दौरे के दौरान हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़ा राजनीतिक बयान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जनता से जो वादे किए थे, उन्हें धरातल पर उतारा गया है और अब पंचायत चुनावों की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पंचायत चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हों। उन्होंने कहा कि हमने जो कहा था, वो किया है और पंचायत चुनाव समय पर कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पंचायत चुनावों में अपने उम्मीदवार घोषित नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव स्थानीय स्तर के हैं और हर व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का अधिकार है। पार्टी किसी प्रकार की उम्मीदवार सूची जारी नहीं करेगी, ताकि सभी को समान अवसर मिल सके।

## 30 जून तक सीबीएसई स्कूलों में सभी अध्यापक होंगे उपलब्ध: सीएम सुक्खू

### बोले-शाह नहर का दफ्तर मंडी से फतेहपुर जाएगा वापस

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शाह नहर के प्रमुख अभियंता प्रोजेक्ट का कार्यालय, जिसे पहले फतेहपुर से मंडी स्थानांतरित किया गया था, अब पुनः फतेहपुर में स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के महिला मंडलों को 20-20 हजार रुपए की सहायता प्रदान करने तथा वजीर राम सिंह स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 50 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।



जखबड़ में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार को वर्तमान सरकार की तुलना में लगभग 60 हजार करोड़ रुपए अधिक प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि पूर्व सरकार को राजस्व घाटा अनुदान के रूप में 54 हजार करोड़ रुपए तथा जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में 16 हजार करोड़ रुपए मिले, जबकि वर्तमान सरकार को केवल 17 हजार करोड़ रुपए ही प्राप्त हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार ने ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लगभग एक हजार करोड़ रुपए की लागत से भवनों का निर्माण कराया, जो आज भी खाली पड़े हैं। उन्होंने कहा कि आरडीजी बंद होने से प्रदेश को प्रति वर्ष 8 से 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए बेतुकी बयानबाजी कर रही है और पार्टी आंतरिक रूप से पांच गुटों में विभाजित है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में हिमकेयर योजना में अनियमितताएं हुई, यहां तक कि पुरुषों के भी ओवरी ऑपरेशन दिखाए गए। उन्होंने कहा कि 30 जून तक इन सभी स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति पूरी कर दी जाएगी, जिसके लिए राज्य स्तर पर चयन प्रक्रिया के तहत परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### केदारनाथ धाम के आज खुलेंगे कपाट



**एजेंसी, रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)।** विश्वविख्यात केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल यानी आज सुबह 8 बजे शुभ मुहूर्त में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए जाएंगे। इसी के साथ केदारनाथ यात्रा-2026 का औपचारिक शुभारंभ होगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पंचमुखी डोली के आगमन से पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह चरम पर है। श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन को आतुर हैं। (अनंत ज्ञान)

### लेखिका मधु किश्वर पर एफआईआर दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लेखिका मधु किश्वर के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित फर्जी और भ्रामक सामग्री फैलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। मंगलवार को चंडीगढ़ पुलिस उनकी दिल्ली स्थित ऑफिस पहुंची और नोटिस थमाया, साथ ही जांच में शामिल होने को कहा। किश्वर ने 'एक्स' पर बताया कि कानून के मुताबिक रात में महिलाओं से पूछताछ नहीं हो सकती, इसलिए उन्होंने टीम प्रमुख से फोन पर बात की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि वे केवल नोटिस देने आए थे और आगे की जांच में सहयोग अपेक्षित है। (अनंत ज्ञान)



### टिम कुक ने एप्पल के सीईओ का पद छोड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टेक दिग्गज एप्पल में बड़ा बदलाव सामने आया है। करीब 15 साल तक कंपनी की कमान संभालने के बाद टिम कुक ने सीईओ पद छोड़ने का ऐलान किया है। 2011 में स्टीव जॉब्स के निधन के बाद कुक ने कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। अब 1 सितंबर से जॉन टर्नस नए सीईओ होंगे। एक्सपर्ट्स इसे एक युग के अंत और नए नेतृत्व की शुरुआत मान रहे हैं, जो टेक इंडस्ट्री में बड़े बदलाव का संकेत देता है। (अनंत ज्ञान)



### पाक ने भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस 24 मई तक किया बंद

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 मई तक बंद रखने का फैसला किया है, जिससे पाबंदियां एक साल से ज्यादा लंबी हो जाएंगी। यह कदम पिछले साल पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उठाया गया था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। हमले के बाद भार और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के विमानों पर रोक लगा दी थी। 2025 से दोनों देशों के एयरस्पेस पर प्रतिबंध अब भी जारी है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिमला में दृष्टिहीनों ने शर्टलेस होकर किया प्रदर्शन -पेज 2
- एनएच-03 के निर्माण में लापरवाही 3 साल से टूटा रास्ता बना मुसीबत -पेज 9
- ममलीग में जरूरतमंद महिलाओं को वितरित कीं 50 सिलाई मशीनें -पेज 12


## ऊना सबसे गर्म, पारा 38° पहुंचा

### मैदानी इलाकों में बढ़ी तपिश, अगले तीन दिन धूप तेज

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में इन दिनों मौसम पूरी तरह साफ बना हुआ है, जिससे मैदानी क्षेत्रों में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बीते 24 घंटों के दौरान तापमान में उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया और ऊना का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से अधिक है। राज्य के 12 शहरों में तापमान 30 डिग्री के पार पहुंचने से लोगों को दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, 24 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा और इस दौरान तापमान में 3 से 4 डिग्री तक और बढ़ोतरी हो सकती है। खासकर मैदानी इलाकों में दिन के समय प्रचंड गर्मी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनेगी, वहीं मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी गर्मी का असर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। हालांकि, ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय हल्की ठंडक बनी हुई है, जिससे लोगों को राहत मिल रही है।

पर्यटन स्थलों की बात करें तो वहां मौसम सुहावना बना हुआ है और पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। शिमला का तापमान 25.6 डिग्री, मनाली 25.4 डिग्री, नारकंडा 19 डिग्री और कुफरी 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इन स्थानों पर पहुंच रहे पर्यटक ठंडी हवाओं और मनमोहक मौसम का आनंद ले रहे हैं, जिससे पर्यटन कारोबार में भी रौनक देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि यह गर्मी ज्यादा दिन तक नहीं टिकेगी। 24 अप्रैल की रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिसके प्रभाव से 25 और 26 अप्रैल को प्रदेश में बारिश हो सकती है।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस जा सकते हैं इस्लामाबाद

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए शांति वार्ता के लिए इस्लामाबाद जा सकते हैं। सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'न्यूयॉर्क पोस्ट' से कहा था कि वेंस के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद के लिए रवाना हो चुका है, जबकि कुछ अन्य खबरों में उपराष्ट्रपति के वाशिंगटन में ही मौजूद होने की बात कही गई है।



वेंस का यह संभावित दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब आठ अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम की अवधि खत्म होने वाली है और ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि समझौता नहीं हुआ तो ईरान में पुलों और बिजली संयंत्रों पर भीषण हमले किए जा सकते हैं। वेंस के मंगलवार देर रात इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है। अमेरिकी समाचार वेबसाइट 'एक्सियोस' ने तीन अमेरिकी सूत्रों के हवाले से खबर में कहा, ''वेंस युद्ध को समाप्त कराने के लिए ईरान के साथ संभावित शांति वार्ता के वास्ते मंगलवार सुबह तक इस्लामाबाद रवाना हो सकते हैं।'' उनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर के भी जाने की संभावना है। 'एक्सियोस' की खबर के अनुसार पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किये के मध्यस्थों ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता में शामिल होने का अनुरोध किया। (अनंत ज्ञान)

## करसोग में खाई में गिरी कार, दो की मौत

अनंत ज्ञान



**करसोग।** विधानसभा क्षेत्र करसोग के अंतर्गत अलसिडी के समीप (तरोर) मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी एचपी63बी-0451 अनियंत्रित होकर लगभग 400 फुट गहरी खाई में गिर जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार दोनों व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही जान चली गई।

मृतकों की पहचान सुनील कुमार पुत्र काशी राम निवासी गांव वोगो, डाकघर माहुनाग, तहसील करसोग तथा पवन कुमार पुत्र कृष्ण चंद निवासी गांव केतु, डाकघर माहुनाग, तहसील करसोग, जिला मंडी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हादसा सुबह के समय हुआ, जब वाहन किसी कारणवश संतुलन खो बैठा और सड़क से नीचे जा गिरा।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हादसे के पीछे तेज रफ्तार या सड़क की स्थिति को संभावित कारण माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

इस हृदय विदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

## बंगाल में 630 करोड़पति कैंडिडेट 23 प्रतिशत पर क्रिमिनल केस

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 23% उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें सबसे ज्यादा करीब 208 उम्मीदवार भाजपा से हैं। वहीं, 192 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध का केस है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने चुनाव लड़ रहे कुल 2920 उम्मीदवारों के एफिडेविट का एनालिसिस किया है। इनमें 630 उम्मीदवार करोड़पति हैं, यानी हर 5 में से एक उम्मीदवार करोड़पति है।

रिपोर्ट के मुताबिक, उम्मीदवारों की औसत संपत्ति करीब 1.28 करोड़ रुपए है। सबसे ज्यादा करीब 72% उम्मीदवार टीएमसी के करोड़पति हैं, जबकि भाजपा में यह आंकड़ा करीब 49% है। एजुकेशन की बात करे तो 48% उम्मीद वार 5वीं से 12वीं तक पढ़े हैं, जबकि 47%

### 53% उम्मीदवार ग्रेजुएट भी नहीं, सिर्फ 13% महिलाओं को टिकट

उम्मीदवार ग्रेजुएट या उससे अधिक पढ़े-लिखे हैं। भाजपा, टीएमसी, कांग्रेस और सीपीआई (एम) के कुल 1074 उम्मीदवारों में से 481 उम्मीदवारों पर आपराधिक केस दर्ज हैं। इनमें करीब 35 उम्मीदवारों पर हत्या से जुड़े आरोप हैं, जबकि 192 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। 8 कैंडिडेट्स पर रेप का आरोप है।

वहीं, इन दलों के करीब 412 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। चुनाव लड़ रही प्रमुख पार्टियों ने करीब 26% से लेकर 72% तक टिकट ऐसे उम्मीदवारों को दिए हैं, जिन पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## नासा के हबल टेलीस्कोप ने कैद की ट्राइफिड नेबुला की शानदार तस्वीर




**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के हब्बल स्पेश टेलीस्कोप ने ट्राइफिड नेबुला की एक नई और बेहद शानदार तस्वीर जारी की है, जिसमें तारों के निर्माण की जटिल प्रक्रिया को साफ तौर पर देखा जा सकता है। यह तस्वीर हबल की लॉन्चिंग की 36वीं वर्षगांठ (24 अप्रैल) के अवसर पर साझा की गई। करीब 5,000 प्रकाश वर्ष दूर स्थित ट्राइफिड नेबुला अंतरिक्ष का एक सक्रिय क्षेत्र है, जहां गैस, धूल और नवजात तारों का विशाल समूह मौजूद है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यहां लगातार नए सितारे जन्म लेते रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

## सोलन-सिरमौर में पहले भी बड़े पैमाने पर उजागर हुए बेनामी सौदे

### 400 बीघा बिकी जमीन सरकार कर चुकी है जब्त

अनंत ज्ञान



**आर मोहन चौहान, सोलन।** बेनामी जमीनी सौदों के लिए चर्चित रहे सोलन और सिरमौर जिला में पहले भी बड़े पैमाने में काश्तकारी व भूमि सुधार अधिनियम 1972 की धारा 118 के उल्लंघन के मामले उजागर हो चुके हैं। करीब 400 बीघा बिकी जमीन सरकार जब्त कर चुकी है। सौदे या तो बेनामी पाए गए हैं या फिर जमीन की खरीद बाहरी लोगों ने जाली कृषक प्रमाण पत्र के आधार पर की है। इसमें से कई मामले डीसी की अदालत में विचाराधीन हैं तो कुछ में डीसी ने जमीन जब्त करने के आदेश दे चुके हैं।

जांच में यह बात सामने आई है कि परवाणू से नारकंडा तक नेशनल हाईवे के साथ आसपास बड़े पैमाने पर बाहरी राज्यों धन्नासेठों ने हिमाचलियों के नाम पर जमीन खरीद की है। सोलन जिले से शुरू हुए ऐसे सौदों में चेस्टर हिल प्रोजेक्ट इन दिनों चर्चा में है, जिसकी जांच चल रही है।

### सिरमौर के पच्छाद में 19 मामले

**एसआईटी** ने सिरमौर जिला के पच्छाद में भी फर्जी कृषक बनकर जमीन खरीदने के 19 मामले पकड़े गए। इन मामलों की जांच चल रही है। कई मामलों में तो भूमिहीनों को सरकार की ओर से मिली जमीन भी बेची गई है। कुछ वर्ष पहले पुलिस ने जांच में कंडाघाट क्षेत्र में 103 बीघा जमीन सौदे को बेनामी बताते हुए इसे सरकार में निहित करने की सिफारिश की थी। मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

### कसौली और चायल में सामने आ चुके हैं मामले

**पूर्व** में एसआईटी की जांच में पाया गया है कि कसौली के साथ लगते कोठी-चपला चपला गांव में 40 बीघा, मोलों में 28.12 बीघा, चायल में 50 बीघा, धर्मपुर में 6.13 बीघा, कुठाड़ में 10 बीघा, सुबाथू में 2.4 बीघा, कंडाघाट के समीप ध्यारी गांव में 24.17 बीघा, कंडाघाट के मौजा सैंज में 103 बीघा जमीन के सौदों में हिमाचल प्रदेश टेंनेंसी एंड लैंड रिफॉर्म एक्ट के नियमों का उल्लंघन हुआ है। इसके अलावा सिरमौर जिला रेणुका क्षेत्र में 177 बीघा जमीन खरीद में नियमों इस दायरे में आती है।

## सबरीमाला केस: सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, मूर्ति छूना अपमान कैसे?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। कोर्ट ने पूछा, 'मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं।'

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, 'क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा, जिसे केवल उसके वंश और जन्म के कारण देवता को छूने से रोक दिया जाता है।'

इस पर सबरीमाला के वकील एडवोकेट वी गिरी ने कहा किसी भी मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा होते हैं। पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती। भगवान अयप्पा 'नैष्ठिक ब्रह्मचारी' हैं, इसलिए वहां की परंपराएं उसी के अनुरूप तय की गई हैं।

### सबरीमाला के वकील बोले- भगवान अयप्पा ब्रह्मचारी इसलिए पूजा की प्रथा भी वैसी



सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। फैसला कल आने की संभावना है। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिस पर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है।

## दुविधा

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के तहत 50 सड़कों का कार्य पूरा, 30 का प्रगति पर

## बिटुमेन रेट बढ़े, ठेकेदार टारिंग करने में असमर्थ

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** बिटुमेन के रेट एकाएक बढ़ने से ठेकेदार टारिंग में असमर्थ हो गए हैं। जिला कांगड़ा और चंबा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 (पीएमजीएसवाई-3) के तहत स्वीकृत 80 सड़कों में से 50 का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 30 का कार्य प्रगति पर है। देहरा व नूरपुर सर्कल में सड़कों के निर्माण में फुल डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

पीएमजीएसवाई-3 के तहत बन रही एफडीआर और सीटीवी सड़कों में टारिंग का कार्य शेष बचता है, जो कि बिटुमेन के रेट सामान्य होने पर ही पूरा होने की संभावना है। चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग कांगड़ा जोन ई. विकास सूद ने बताया कि जिस रेट पर कार्य आवंटित किए गए थे, उसके मुकाबले बिटुमेन की कीमतें काफी बढ़ गई हैं, ऐसे में ठेकेदार टारिंग कार्य जल्द करने में सक्षम नहीं हैं। जैसे ही बिटुमेन के रेट सामान्य होते हैं, वैसे ही टारिंग कार्य को पूरा करवाया जाएगा, क्योंकि एफडीआर और सीटीवी सड़कों में भी टॉरिंग का कार्य ही शेष बचता है।

### देहरा-नूरपुर सर्किल में एफडीआर तकनीक से बन रही सड़कें



चीफ इंजीनियर विकास सूद।

चीफ इंजीनियर ने बताया कि कांगड़ा-चंबा में पीएमजीएसवाई-3 में 80 सड़कें और 13 पुल स्वीकृत हुए थे, जिसमें से 50 सड़कों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं, जबकि पुलों का कार्य चल रहा है, क्योंकि इनकी स्वीकृति देरी से मिली थी। इसके अलावा एफडीआर तकनीक से बन रही 30 सड़कों का कार्य प्रगति पर है।

### 57 सड़कों को कनेक्ट करने को बन रहे 12 पुल

**उन्होंने** बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 में सड़कों की अपग्रेडेशन की जाती है, जिसके तहत जिला चंबा में योजना के तहत 23 सड़कें और 1 पुल स्वीकृत हुआ था। जिला कांगड़ा में 57 सड़कें और 12 पुल स्वीकृत हुए थे, जो कि 57 सड़कों को कनेक्ट करने के लिए बनने थे, इसके लिए 832 करोड़ रुपए की राशि मंजूर हुई थी। पालमपुर और चंबा में जहां कन्वेंशनल टेक्नोलॉजी थी, वहां उक्त कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। पीएमजीएसवाई-3 में पहली बार एफडीआर और सीटीवी टेक्नोलॉजी को लाया गया है, यह टेक्नोलॉजी कुछ कम्पलोकेटिड थी, जिसके चलते इस टेक्नोलॉजी के तहत नूरपुर और देहरा सर्कल में कार्य चल रहे हैं, जो कि प्रगति पर हैं।

### एनुअल रिपेयर एंड मेंटेनेंस पर 66 करोड़ रुपए खर्च

**चीफ** इंजीनियर ने बताया कि चंबा में एनुअल रिपेयर एंड मेंटेनेंस के तहत 73 किलोमीटर स्वीकृत हुए थे, जबकि जिला कांगड़ा में 406 किलोमीटर की स्वीकृति मिली थी। बरसात में भारी नुकसान के चलते रोड़ बंद होने मशीनरी पहुंचाने में आ रही दिक्कतों के चलते लग रहा था कि टारिंग कार्य नहीं हो पाएगा, लेकिन 66 करोड़ रुपए की राशि से विभागीय अधिकारियों ने 480 किलोमीटर सड़क पर टारिंग कार्य पूरा किया है। इसी तरह ऑरिजिनल टारिंग यानी पीएमजीएसवाई, नाबार्ड व स्टेट रोड़ के तहत नई बनी 223.45 किलोमीटर सड़कों पर टारिंग की गई है, जिसके लिए 31 करोड़ रुपए की राशि व्यय की गई है।

# आयुर्वेदिक अस्पतालों में पंचकर्म कोर्स को मंजूरी, युवाओं को मिलेगा रोजगार अवसर

## पंचकर्म तकनीशियन कोर्स से कौशल आधारित रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं और कौशल विकास को एक नई दिशा देते हुए राज्य सरकार ने आयुर्वेदिक अस्पतालों में पंचकर्म कोर्स शुरू करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस निर्णय के साथ ही पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को सशक्त बनाने के साथ-साथ युवाओं के लिए स्वरोजगार और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। राज्य व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण परिषद की बैठक में लिए गए इस फैसले को प्रदेश के स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस संदर्भ में बैठक की अध्यक्षता करते हुए तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने पिछली बैठक के निर्णयों पर हुई प्रगति की समीक्षा की और संतोष व्यक्त किया।

इस दौरान आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित पंचकर्म कोर्स के स्वरूप में बदलाव का सुझाव भी सामने आया, जिसके तहत इसे अधिक तकनीकी और व्यावहारिक बनाते हुए 'पंचकर्म तकनीशियन' के रूप में विकसित करने पर बल दिया गया। इससे प्रशिक्षित युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने में मदद मिलेगी। इसके अलावा राज्य के कांगड़ा जिले के पपरोला स्थित राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल और छोटा शिमला स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पताल में इस कोर्स की सीटें बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया है। इसके साथ ही आयुष विभाग के अधीन 12 जिलों के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में भी इस कोर्स को शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। यह कदम प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों तक आयुर्वेदिक सेवाओं के विस्तार में सहायक साबित होगा।

वहीं परिषद ने एक वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम जैसे हॉर्टिकल्चर, प्राकृतिक और जैविक खेती तथा डेयरी प्रौद्योगिकी को भी विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शुरू करने की अनुमति दी है। ये पाठ्यक्रम प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और इनका उद्देश्य कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही आजीविका के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और पलायन की समस्या को भी कम करने में सहायता मिलेगी।

### पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को मिलेगी अहमियत

**ऐसे** में सरकार का यह प्रयास पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पुनर्जीवित करने की दिशा में अहम है, साथ में कौशल आधारित शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भरता को भी प्रोत्साहित करता है। आने वाले समय में इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य, रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम कर सकता है।

◆ 12 जिलों के अस्पतालों में भी शुरू होगा पंचकर्म कोर्स

## मैक्स अस्पताल फिर से राज्य सरकार के साथ सूचीबद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने मैक्स हॉस्पिटल मोहाली को पुनः सूचीबद्ध करते हुए कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा को और मजबूत किया है। इस निर्णय के तहत पात्र लाभार्थी अब ओपीडी परामर्श, आईपीडी देखभाल और उन्नत जांच सुविधाओं के साथ-साथ हृदय रोग, कैंसर, तंत्रिका विज्ञान और अस्थि रोग जैसे प्रमुख विभागों में विशेषज्ञ उपचार का लाभ उठा सकेंगे।

इस पहल से लाभार्थियों को सरकार द्वारा अनुमोदित योजनाओं के अंतर्गत किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे उपचार की सुलभता बढ़ेगी। साथ ही, प्रदेश के मरीजों को अब अपने नजदीकी क्षेत्र में ही आधुनिक इलाज मिल सकेगा, जिससे लंबी दूरी की यात्रा की आवश्यकता कम होगी और बेहतर रोगी-केंद्रित देखभाल सुनिश्चित हो सकेगी।

# शिमला में दृष्टिहीनों ने शर्टलेस होकर किया प्रदर्शन

## 918 दिन से जारी आंदोलन, प्रदर्शनकारियों का सचिवालय के बाहर चक्का जाम



बैकलॉग भर्तियों की मांग को लेकर सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते दृष्टिहीन संघ के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में मंगलवार को दृष्टिहीन संघ का आंदोलन एक बार फिर उग्र रूप में सामने आया। अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सचिवालय के बाहर शर्टलेस होकर धरना दिया और चक्का जाम कर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। पिछले 918 दिनों से लगातार जारी यह आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है, जिसमें बैकलॉग भर्तियों को जल्द भरने की मांग प्रमुख रूप से उठाई जा रही है।

प्रदर्शन के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। मुख्य मार्गों पर लंबी-लंबी वाहनों की कतारें लग गईं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे विद्यार्थियों और कार्यालय पहुंचने वाले कर्मचारियों को कठिनाई झेलनी पड़ी। कई स्थानों पर पुलिस को स्थिति संभालने के लिए मशक्कत करनी पड़ी, जबकि प्रदर्शनकारियों ने इसे अपना 30वां चक्का जाम बताते हुए आंदोलन को और तेज करने के संकेत दिए। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक तथा उग्र रूप दिया जाएगा। उनका कहना है कि लंबे समय से सरकार द्वारा अनदेखी किए जाने के कारण अब वे आर-पार की लड़ाई के लिए मजबूर हैं।

# रामपुर में हरियाणा का युवक 9.31 ग्राम हेरोइन संग गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** जिला के रामपुर में पुलिस ने नियमित गश्त के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने मंगलवार को भराखड्ड, निरथ के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 9.31 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गुरजीत सिंह (24) पुत्र बग्गा सिंह, निवासी महादेव कॉलोनी, डाकघर सूरजपुर, रायपुर रानी, तहसील कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसे नियमानुसार अदालत में पेश किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है, ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# गायनी ओपीडी स्थानांतरण के विरोध में कमला नेहरू अस्पताल में आज फिर गूंजेगा आंदोलन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने कमला नेहरू अस्पताल से गायनी ओपीडी को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित करने के फैसले के खिलाफ बुधवार को एक बार फिर जोरदार धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

समिति का कहना है कि 102 वर्ष पुराने कमला नेहरू अस्पताल में दशकों से महिलाओं को एक ही छत के नीचे समग्र उपचार मिल रहा था, लेकिन सरकार ने जल्दबाजी में ओपीडी को स्थानांतरित कर महिलाओं को असुविधा में डाल दिया है। उनका आरोप है कि यह निर्णय महिलाओं की जरूरतों के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाता है। समिति के अनुसार, आईजीएमसी में पहले से ही मरीजों की भीड़ और आधारभूत ढांचे की कमी है, जिससे गर्भवती और स्त्री रोग से पीड़ित महिलाओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ेगा।

◆ गर्भवती महिलाओं को लंबी कतारों में होना पड़ रहा खड़ा

उन्होंने कहा कि एंटीनेटल और गायनी सेवाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, जिन्हें अलग करना न केवल मरीजों बल्कि डॉक्टरों और स्टाफ के लिए भी परेशानी का कारण बनेगा। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार को अधिकारियों द्वारा गुमराह किया जा रहा है और बिना समुचित अध्ययन के यह फैसला लिया गया है। महिला समिति ने सरकार से मांग की है कि कमला नेहरू अस्पताल में तीसरे चरण के भवन निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कर आधुनिक सुविधाएं जैसे अल्ट्रासाउंड, रोबोटिक सर्जरी, लैब और आईवीएफ केंद्र स्थापित किए जाएं।

उन्होंने चेतावनी दी कि अस्पताल परिसर में विधायकों के आवास बनाने की योजना को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। राज्य अध्यक्ष रंजना जरेट और राज्य सचिव फालमा चौहान ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## राष्ट्रपति निवास मशोबरा 2 मई तक आम पर्यटकों के लिए रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के समीप स्थित राष्ट्रपति निवास, मशोबरा को आगामी 2 मई तक आम पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। यह निर्णय भारत के राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं और आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। निर्धारित अवधि के दौरान परिसर में आम जनता का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसमें गाइडेड टूर सहित सभी प्रकार की विजिट्स को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है।

## दूरसंचार विभाग में भर्ती का सुनहरा मौका 30 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र, शिमला में विभिन्न रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी गई है। विभाग द्वारा प्रति नियुक्ति आधार पर भरे जा रहे कनिष्ठ अभियंता दूरसंचार (लेवल-6) ग्रुप-बी, आशुलिपिक ग्रेड-टू (ग्रुप-सी), अवर श्रेणी लिपिक तथा दूरसंचार सहायक श्रेणी के पदों के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। पहले निर्धारित तिथि में आवेदन नहीं कर पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह निर्णय महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इन पदों से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता मानदंड तथा आवेदन प्रक्रिया के दिशा-निर्देश अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या संबंधित कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। विभाग ने इच्छुक उम्मीदवारों से अपील की है कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि इस महत्वपूर्ण भर्ती प्रक्रिया का लाभ उठाया जा सके।

# वेतन स्थगन के फैसले पर संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने जताई आपत्ति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने राज्य सरकार द्वारा 18 अप्रैल को जारी अधिसूचना के तहत कुछ श्रेणी के अधिकारियों के वेतन के एक हिस्से को छह माह के लिए स्थगित करने के निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई है। महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान और महासचिव हीरा लाल वर्मा ने कहा कि वर्ग-1 और वर्ग-2 कर्मचारियों को दी गई छूट की समीक्षा स्वागत योग्य है, लेकिन आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और संस्थानों के प्रमुखों पर वेतन स्थगन जारी रखना उचित नहीं है। उन्होंने इसे सेवा ढांचे में असंतुलन पैदा करने वाला कदम बताया।

महासंघ ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी एक ही प्रशासनिक ढांचे के अंतर्गत कार्य करते हैं और सभी लोक सेवक हैं। उच्च पदों पर कार्यरत अधिकारियों पर अधिक जिम्मेदारियां और सामाजिक अपेक्षाएं होती हैं, जिससे उनके वित्तीय दायित्व भी अधिक होते हैं। ऐसे में वेतन स्थगन जैसे उपायों को लागू करना न तो न्यायसंगत है और न ही आर्थिक समस्याओं का स्थायी समाधान है।

◆ उच्च अधिकारियों पर लागू निर्णय को बताया अनुचित

◆ सरकार से आदेश वापस लेकर लंबित देयों के भुगतान की मांग

महासंघ ने यह भी कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते तथा सातवें वेतन आयोग के तहत 10,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहले से लंबित है। ऐसे में वेतन स्थगन से कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ सकती है। महासंघ ने सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसे पूरी तरह वापस लेने और लंबित देयों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि कर्मचारियों का मनोबल बना रहे और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत हो सके।

# हिमाचल कांग्रेस में 'परफॉर्मेंस मॉडल' लागू

## हर तीन महीने में एचपीसीसी व एआईसीसी स्तर पर होगी समीक्षा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस संगठन को अधिक मजबूत, सक्रिय और जवाबदेह बनाने के लिए अब 'परफॉर्मेंस बेस्ड फ्रेमवर्क' लागू करने की तैयारी कर ली गई है। इस नई व्यवस्था के तहत जिला और ब्लॉक स्तर तक के पदाधिकारियों के कामकाज का मूल्यांकन नियमित रूप से किया जाएगा और उसी आधार पर उनके भविष्य का फैसला होगा। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इससे संगठन में निष्क्रियता खत्म होगी और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

सूत्र बताते हैं कि इस योजना के तहत कांग्रेस एक विशेष मोबाइल ऐप तैयार कर रही है, जिसमें सभी पदाधिकारी अपनी गतिविधियों, कार्यक्रमों और जनसंपर्क की जानकारी अपलोड करेंगे। जिला व ब्लॉक अध्यक्ष इस ऐप के माध्यम से यह बताएंगे कि उन्होंने कब-कब और क्या-क्या कार्य किए। इसी डिजिटल डाटा के आधार पर उनके काम का विश्लेषण होगा और रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

### सभी पदाधिकारियों की होगी नियमित मॉनिटरिंग

**इस** नई व्यवस्था के साथ ही प्रदेश में जिला व ब्लॉक अध्यक्षों की सूची भी जारी कर दी गई है, जिसमें चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना और किन्नौर सहित सभी जिलों के ब्लॉकों के अध्यक्षों के नाम शामिल हैं। पार्टी का कहना है कि अब इन सभी पदाधिकारियों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग होगी और सूची में शामिल प्रत्येक अध्यक्ष को अपने क्षेत्र में सक्रियता और प्रदर्शन साबित करना होगा, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिल सके।

◆ तीन जोन में बांटा संगठन का कामकाज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने स्पष्ट किया है कि पूरे संगठन को तीन जोन, ग्रीन, येलो और रेड, में बांटा जाएगा। ग्रीन जोन में वे पदाधिकारी होंगे जो उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, जबकि येलो जोन में औसत कार्य करने वालों को रखा जाएगा और उनसे सुधार की अपेक्षा की जाएगी। वहीं रेड जोन में आने वाले नेताओं को 'परफॉर्म करो या पद छोड़ो' की नीति के तहत चेतावनी दी जाएगी और सुधार न होने पर उन्हें पद से हटाया भी जा सकता है।

पार्टी के अनुसार, जो नेता लगातार अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उन्हें भविष्य में लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनावों में टिकट देने के साथ-साथ संगठन में बड़े पदों की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी राज्य स्तर पर एचपीसीसी और राष्ट्रीय स्तर पर एआईसीसी द्वारा की जाएगी। हर तीन महीने में समीक्षा बैठक होगी, जिसमें सभी पदाधिकारियों के कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा।

# देवठी और तकलेच में गर्भवती व धात्री महिलाओं को बांटी पोषण किटें



गर्भवती महिलाओं को पोषण किटें बांटने के दौरान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प 'कुपोषण मुक्त भारत' को साकार करने की दिशा में देवठी व तकलेच क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद कंगना रनौत द्वारा भेजी गई पोषण किटों का वितरण गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी सोच एवं सांसद कंगना रनौत द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के लिए पोषण किटें उपलब्ध कराने पर सांसद कंगना रनौत का आभार भी व्यक्त किया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी के 'कुपोषण मुक्त भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। अभियान का उद्देश्य 'सही पोषण-देश रोशन' के नारे के साथ माताओं और बच्चों को कुपोषण से मुक्त कर एक स्वस्थ एवं सशक्त भारत की नींव रखना है।

# एचपीयू में फीस वृद्धि व अस्थायी भर्तियों के खिलाफ एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को उस समय माहौल गरमा गया जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई ने फीस वृद्धि और पीजीटी पदों पर अस्थाई भर्तियों के विरोध में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्रों ने परिसर में एकत्र होकर प्रदेश सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।



अस्थायी भर्तियों के विरोध में प्रदर्शन करते छात्र। अनंत ज्ञान

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ता बाजारीकरण आम छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के रास्ते बंद कर रहा है, जिससे सामाजिक असमानता और गहराने का खतरा पैदा हो गया है। एबीवीपी के इकाई पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार युवाओं को रोजगार देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर पीजीटी जैसे अहम पदों पर अस्थायी भर्तियां कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने मांग उठाई कि इन पदों पर नियमित भर्ती प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए ताकि शिक्षा की गुणवत्ता और युवाओं का भरोसा कायम रह सके। साथ ही, विश्वविद्यालय में हाल ही में की गई फीस वृद्धि को छात्र हितों के खिलाफ बताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेने की जोरदार मांग की गई। परिषद ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज व उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों का उत्साह और आक्रोश साफ दिखाई दिया, जहां उन्होंने प्रशासनिक रवैये में सुधार और छात्र हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को बुलंद आवाज दी।

# प्राचीन लिपियों व पांडुलिपियों के संरक्षण पर कार्यशाला शुरू



शिमला में आयोजित कार्यशाला के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास, शिमला में पश्चिमी हिमालय के अंतर्गत प्राचीन लेखनकला की धरोहर हिमाचल की लिपियां एवं पांडुलिपियों का संरक्षण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। 21 से 22 अप्रैल तक आयोजित इस कार्यशाला में प्राचीन लिपियों, पाण्डुलिपियों के संरक्षण, पठन-पाठन, डिजिटलीकरण व प्रलेखन के विभिन्न आयामों पर गहन विचार-विमर्श किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र की शुरुआत पांडुलिपियों की प्रदर्शनी से हुई, जिसमें शारदा से विकसित पाबुची, टाकरी, पण्डवाणी और चंदवाणी जैसी लिपियों से जुड़ी दुर्लभ धरोहरों की झलक प्रस्तुत की गई। कार्यशाला के संयोजक प्रो. ओमप्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय अध्येता प्रो. आर.सी. सिन्हा और मुख्य अतिथि प्रो. हिमांशु चतुर्वेदी सहित वक्ताओं ने पाण्डुलिपियों को भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके संरक्षण, डिजिटलीकरण और वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्षता कर रहे प्रो. देवदत्त शर्मा ने युवा शोधकर्ताओं को इस दिशा में आगे आने के लिए प्रेरित किया। अंत में सचिव मेहर चंद नेगी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जबकि संचालन डॉ. अखिलेश पाठक ने किया।

**राहत** तेल कंपनियों ने की स्थिति स्पष्ट, भंडारण व कालाबाजारी पर सख्ती

# प्रदेश में ईंधन व गैस आपूर्ति सामान्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच तेल विपणन कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और पर्याप्त है। चंडीगढ़ में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में राज्य स्तरीय समन्वयक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की घबराहट में आने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सभी भंडार केंद्रों और विक्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है।

जानकारी के अनुसार मोटर ईंधन और उच्च गति डीजल का भंडार राज्य भर में संतुलित बना हुआ है तथा सभी विक्रय केंद्रों पर निर्बाध बिक्री जारी है। कंपनियों ने यह भी स्पष्ट किया कि वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद देश में रसोई गैस की आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और घरेलू उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जा रही है।

इसी क्रम में यह भी बताया गया कि राज्य में रसोई गैस वितरण लगभग पूर्व स्थिति के अनुरूप चल रहा है। उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए संदेश सेवा और दूरभाष स्वचालित प्रणाली के माध्यम से गैस भराई पंजीकरण को बढ़ावा दिया गया है, जिससे बड़ी संख्या में लोग डिजिटल माध्यम अपना रहे हैं। साथ ही, सिलेंडर की सही वितरण सुनिश्चित करने के लिए वितरण प्रमाणीकरण संहिता का पालन भी सुदृढ़ किया गया है।

तेल कंपनियों ने काला बाजारी और जमाखोरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य भर में गैस वितरकों के आकस्मिक निरीक्षण के लिए विशेष दल तैनात किए हैं। अनियमितताओं की पहचान के लिए आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है तथा दोषी पाए जाने वाले वितरकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर छापेमारी की कार्यवाही भी निरंतर जारी है। सरकार और तेल कंपनियों ने उपभोक्ताओं से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था मजबूत है और भविष्य में भी इसे और सुदृढ़ किया जाएगा। निगरानी तंत्र को और सक्रिय बनाकर हर स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है।

### गैस सिलेंडरों का भंडारण न करने की अपील

**कंपनियों** ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें और अफवाहों से दूर रहें। साथ ही, वाणिज्यिक गैस आपूर्ति को भी पूर्व स्तर के लगभग सत्तर प्रतिशत तक बढ़ाया गया है तथा प्रवासी मजदूरों और जरूरतमंद वर्गों के लिए छोटे आकार के गैस सिलेंडरों की उपलब्धता दोगुनी की गई है, जिससे हर वर्ग तक सुगम और पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

◆ डिजिटल बुकिंग व सत्यापन प्रणाली को मिला बढ़ावा

◆ घरेलू उपभोक्ताओं को दी जा रही प्राथमिकता

◆ छोटे गैस सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ी

# बेनामी जमीन और मनी लॉन्ड्रिंग पर राकेश जम्वाल का कांग्रेस पर हमला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्य मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने चेस्टर हिल मामले में सामने आए नए खुलासों को लेकर कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी कर्मचारियों के नाम पर 150 बीघा से अधिक बेनामी जमीन की खरीद और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप प्रदेश में गंभीर आर्थिक अपराध की ओर इशारा करते हैं। जम्वाल ने कहा कि संबंधित व्यक्तियों और उनके परिजनों के नाम पर बड़ी मात्रा में जमीन खरीदी गई है जो उनकी घोषित आय के स्रोतों से मेल नहीं खाती।



उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में कई स्तरों पर मिलीभगत की आशंका है जिसमें प्रशासनिक अधिकारी प्रोजेक्ट से जुड़े लोग और राजनीतिक संरक्षण देने वाले शामिल हो सकते हैं। उन्होंने इसे प्रदेश की जनता के संसाधनों पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस मामले की जांच समयबद्ध और स्वतंत्र एजेंसियों के माध्यम से की जाती है तो सच्चाई सामने आ सकती है और जनता का विश्वास बहाल किया जा सकता है। भाजपा नेता ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह के कथित आर्थिक अपराधों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आक्रोश बढ़ सकता है और शासन की साख पर सवाल उठेंगे। उन्होंने दोहराया कि पूरे प्रकरण में किसी भी प्रकार की राजनीतिक ढिलाई या हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं होगा और जांच एजेंसियों को बिना दबाव स्वतंत्र रूप से काम करने दिया जाना चाहिए ताकि मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके जांच प्रक्रिया

# निर्विरोध पंचायतों को सरकार का बड़ा तोहफा

## ग्राम पंचायत को 25 लाख, पंचायत समिति को 50 लाख व जिला परिषद के लिए एक करोड़ तक का अनुदान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंचायत चुनावों में निर्विरोध चयन को प्रोत्साहित करने के लिए बड़ी घोषणा की है। नए संशोधित दिशा-निर्देशों के तहत यदि किसी ग्राम पंचायत में प्रधान, उपप्रधान सहित सभी सदस्य निर्विरोध चुने जाते हैं तो उस पंचायत को 25 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा। पहले यह राशि 10 लाख रुपए थी, जिसे अब कई गुना बढ़ा दिया गया है।

इसी प्रकार पंचायत समिति स्तर पर सभी सदस्य, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्विरोध चुने जाने पर 50 लाख रुपए का प्रोत्साहन मिलेगा, जो पहले मात्र 5 लाख रुपए था। वहीं जिला परिषद में सभी सदस्य, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्विरोध चुने जाने पर अब एक करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी, जबकि पहले यह 15 लाख रुपए निर्धारित थी। सरकार ने 20 अप्रैल को अधिसूचना को निरस्त करते हुए ये संशोधित दिशा-निर्देश लागू कर दिए हैं। सरकार का मानना है कि इस पहल से पंचायत स्तर पर आपसी सहमति और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही चुनावी प्रतिस्पर्धा और खर्च में कमी आएगी, जिससे विकास कार्यों के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। सभी उपायुक्तों और संबंधित अधिकारियों को इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक पंचायतें इसका लाभ उठा सकें।

◆ सहमति की राजनीति को बढ़ावा चुनावी खर्च में कमी का दावा

**कई तरह के सवाल भी उठे**

**हालांकि** इस निर्णय को लेकर कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। कई लोग इसे लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला कदम मान रहे हैं। इसके बावजूद सरकार को उम्मीद है कि यह योजना ग्रामीण विकास को गति देने और पंचायतों में सहमति आधारित नेतृत्व को मजबूत करने में सहायक साबित होगी।

## हिमाचल के शहरी क्षेत्रों में आचार संहिता लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में नगर निकाय चुनाव 2026 की घोषणा के साथ ही पूरे राज्य के शहरी क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इसके लागू होते ही सरकार और प्रशासन के कार्यों पर स्पष्ट सीमाएं तय कर दी गई हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। अब चुनाव संपन्न होने तक शासन-प्रशासन को चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत ही कार्य करना होगा। राज्य चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष में कार्य करने से स्पष्ट रूप से मना किया गया है।

आचार संहिता लागू होने के बाद सरकार कोई नई योजना, परियोजना की घोषणा, शिलान्यास या उद्घाटन नहीं कर सकेगी। सरकारी खर्च पर लोकलुभावन फैसले लेने, नई भर्तियों के विज्ञापन जारी करने तथा ट्रांसफर-पोस्टिंग जैसे बड़े प्रशासनिक निर्णयों पर भी रोक लगा दी गई है। यदि किसी विशेष परिस्थिति में ऐसे निर्णय आवश्यक हों, तो उसके लिए चुनाव आयोग की अनुमति अनिवार्य होगी। मंत्रियों, विधायकों, एडवाइजर्स और बोर्ड-निगमों के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को भी चुनाव प्रचार के दौरान सरकारी गाड़ियों या संसाधनों के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सरकारी उपलब्धियों के प्रचार, विज्ञापन अभियान और सार्वजनिक स्थानों पर लगे पोस्टर-बैनर हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि मतदाताओं पर किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े।

**ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत चुनाव संग लागू होगी आचार संहिता**

**फिलहाल** यह आचार संहिता केवल शहरी क्षेत्रों में लागू की गई है और ग्रामीण इलाकों में अभी यह प्रभावी नहीं है। हालांकि जैसे ही पंचायत चुनावों की घोषणा होगी, ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही नियम लागू कर दिए जाएंगे। चुनाव आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि पूरे चुनावी माहौल को निष्पक्ष बनाए रखते हुए सभी दलों और उम्मीदवारों को समान अवसर प्रदान किया जाए।

## कोटखाई में पिकअप खाई में गिरी, चालक की मौके पर मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में मंगलवार को एक एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना थाना कोटखाई के अंतर्गत पांदली इलाके में शाकला नाला के पास हुई। पुलिस के अनुसार पिकअप गाड़ी लोहे की ग्रिल व एंगल से लदी थी। इसे कोटखाई के पनोग गांव निवासी 40 वर्षीय विजय शर्मा चला रहे थे। गाड़ी में उनके साथ दो अन्य व्यक्ति भी सवार थे। इनमें 35 वर्षीय मोहम्मद आलम, निवासी बादशाहपुर, तहसील व जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) और 29 वर्षीय उवैद, निवासी मंडिया विकम, जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। बताया गया है कि दोनों कुछ समय से बागड़ा में विजय शर्मा की वेल्डिंग की दुकान पर रह रहे थे। जैसे ही वाहन शाकला नाला के पास पहुंचा, वह अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना गंभीर था कि चालक विजय शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल दोनों व्यक्तियों को तुरंत सिविल अस्पताल कोटखाई पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में थाना कोटखाई में तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## राष्ट्रपति दौरे से पहले शिमला में सड़क किनारे खड़े वाहन हटेंगे

अनंत ज्ञान

◆ शहर की मुख्य सड़कों पर विशेष अभियान शुरू

◆ पहले चेतावनी, फिर क्रेन से होगी कार्रवाई

◆ तीन प्रमुख मार्गों पर पुलिस की कड़ी नजर

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित शिमला दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन ने शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है। शहर की प्रमुख सड़कों पर सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी ताकि यातायात सुचारू बना रहे और किसी भी तरह की बाधा न आए।



इस अभियान के तहत ढली से जाटिया देवी तक के मार्ग सहित छोटा शिमला, बालूगंज, टूटीकंडी और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस के अनुसार इन इलाकों में अक्सर सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण मार्ग संकरा हो जाता है, जिससे यातायात प्रभावित होता है। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान इन मार्गों को पूरी तरह व्यवस्थित और खुला रखने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्रवाई को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, जिसमें पहले वाहन मालिकों को चेतावनी स्लिप दी जाएगी। निर्धारित समय में वाहन नहीं हटाने पर पुलिस क्रेन के माध्यम से उन्हें हटकर चालान करेगी। प्रशासन का कहना है कि यह कदम आम जनता की सुविधा और शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

## पंचायत देह भूमि प्रभावितों को मिलेगा मुआवजा: सुक्खू

### गगल एयरपोर्ट विस्तार से प्रभावित 70 परिवारों ने सीएम उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**गगल।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गगल क्षेत्र के उन परिवारों को राहत का भरोसा दिया है, जो लंबे समय से पंचायत देह भूमि पर निवास कर रहे थे और एयरपोर्ट विस्तार के चलते प्रभावित हुए हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पूर्व प्रधान रविंद्र बाबा की अध्यक्षता में अपनी समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।



एयरपोर्ट पर सीएम सुक्खू का किया स्वागत। अनंत ज्ञान

प्रभावित परिवारों ने बताया कि वे पिछले 60 वर्षों से अधिक समय से उक्त भूमि पर रह रहे हैं, लेकिन एयरपोर्ट विस्तार के दौरान उनकी जमीन का उपयोग तो किया गया, परंतु उसे आधिकारिक अधिग्रहण प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि भूमि का सत्यापन कर उसे अधिग्रहण योजना में शामिल किया जाए और उचित मुआवजा दिया जाए।

इस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने आश्वासन दिया कि पंचायत देह भूमि को जल्द नियमित कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद प्रभावितों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने राजस्व विभाग को इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

मंडी उपज के अध्यक्ष निशु मोंगरा ने भी प्रभावित परिवारों के पक्ष में आवाज उठाते हुए मुआवजे की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाया। फोरलेन परियोजना के संबंध में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इसका अंतिम निर्णय नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा लिया जाएगा।

इस अवसर पर केवल सिंह पठानिया, डॉ. राजेश शर्मा, एसडीएम इशांत भारद्वाज सहित प्रभावित परिवार रजत तलवाड़, जगत राम, पूर्व प्रधान भक्त सिंह कोहली, वीरेन, निर्मला, सरिता, राजू, अश्वनी, प्रीतम, शास्त्री, राजन, संजीव, आनंद तुली, रजनी, मोहित सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पश्चिम बंगाल का चुनाव ममता बनाम जनता: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆ कहा- पिछले 15 वर्षों में राज्य में तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को मिला है बढ़ावा

**हमीरपुर।** कोलकाता में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य में आज की राजनीति ममता बनाम जनता के संघर्ष में बदल चुकी है और जनता जब निर्णय लेती है तो परिणाम स्पष्ट होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान राज्य में तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा मिला है, जिसका असर आगामी चुनावों में देखने को मिलेगा।



उन्होंने दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने पर युवाओं के लिए नए अवसर और मंच तैयार किए जाएंगे। इसके तहत बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को प्रतिमाह 3000 रुपए की आर्थिक सहायता, एक करोड़ रोजगार सृजन, और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपए की सहायता जैसी योजनाओं का वादा किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियों को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत पूरा किया जाएगा और परीक्षा प्रणाली में सुधार कर युवाओं को राहत दी जाएगी। अनुराग ठाकुर ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में रोजगार के अवसर लगातार घटे हैं, जिससे प्रतिभाशाली युवा अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में खेल और कौशल विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का ढांचा विकसित किया जाएगा, ताकि युवा केवल नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले भी बन सकें।

## एचआरटीसी में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू

### 1000 डीजल बसें होंगी बाहर, ई-बसों से बदलेगा पूरा बेड़ा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम अब अपने बेड़े में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। राज्य सरकार की योजना के तहत करीब 1000 डीजल बसों को चरणबद्ध तरीके से बाहर कर उनकी जगह इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के बाद निगम प्रबंधन ने इस दिशा में काम तेज कर दिया है, जिससे आने वाले समय में प्रदेश की परिवहन व्यवस्था अधिक आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बन सकेगी। निगम के पास इस समय लगभग 3200 बसें हैं, जो प्रदेश के 2684 रूटों पर संचालित हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार इनमें करीब 100 इलेक्ट्रिक बसें पहले से शामिल हैं, जबकि 297 नई ई-बसों की खरीद प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और उनकी डिलीवरी इसी महीने अपेक्षित है। सरकार का लक्ष्य है कि धीरे-धीरे डीजल बसों को पूरी तरह हटाकर इलेक्ट्रिक बसों का अनुपात बढ़ाया जाए, जिससे प्रदूषण में कमी लाई जा सके।



◆ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम

◆ 1500 करोड़ के प्रस्ताव से बदलेगा परिवहन तंत्र

◆ चार्जिंग स्टेशन व आधारभूत ढांचे पर भी तेज काम

पुरानी और अधिक दूरी तय कर चुकी बसों को प्राथमिकता के आधार पर बेड़े से हटाया जाएगा। जिन बसों ने 9 लाख किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर ली है या 15 साल से ज्यादा पुरानी हो चुकी हैं, उन्हें चरणबद्ध तरीके से बाहर किया जाएगा। साथ ही कम माइलेज देने वाली बसों को भी हटाकर उनकी जगह नई और बेहतर तकनीक वाली ई-बसें शामिल की जाएंगी। भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 37 से 42 सीट क्षमता वाली छोटी और सुविधाजनक बसों की खरीद पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

इस पूरी योजना के लिए करीब 1500 करोड़ रुपये का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा गया है। बसों की खरीद ऋण के माध्यम से की जाएगी, जिसमें सरकार बैंक गारंटी देगी। इसके साथ ही निगम ने चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की दिशा में भी कदम बढ़ा दिए हैं। करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से बस अड्डों पर ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि नई बसों का संचालन बिना किसी बाधा के सुनिश्चित किया जा सके।

## चुनाव टालने की कोशिश में रही कांग्रेस अब जनता देगी जवाब: विपिन परमार

अनंत ज्ञान

◆ कहा- 365 दिन तैयार भाजपा, जनविरोधी नीतियों पर लगेगा करारा तमाचा

**ब्यूरो, शिमला।** आगामी शहरी निकाय चुनावों की घोषणा के बाद हिमाचल प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बीते तीन-चार महीनों से सरकार इन चुनावों को टालने का प्रयास कर रही थी, लेकिन अब चुनाव तिथि घोषित होने के बाद भाजपा इसका स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो 365 दिन जनता के बीच सक्रिय रहती है और चुनावों के लिए हमेशा तैयार रहती है। परमार ने विश्वास जताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में पार्टी इन चुनावों को पूरी रणनीति और मजबूती के साथ लड़ेगी।



परमार ने शिमला से जारी बयान में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि सत्ता में आने से पहले दी गई 10 गारंटियों में से एक भी धरातल पर पूरी नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जल दरों में वृद्धि, नए कर और शुल्कों के बोझ ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है, जिससे प्रदेशभर में असंतोष बढ़ा है। भाजपा इन मुद्दों को चुनावी रण में प्रमुखता से उठाएगी और जनता की आवाज को मजबूत करेगी। उन्होंने दावा किया कि आगामी शहरी निकाय चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ेगा और इसके परिणाम 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में मजबूत आधार तैयार करेंगे।

## सुन्नी क्षेत्र में डिसिल्टिंग कार्य को लेकर बीबीएमबी से वार्ता जारी: विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सुन्नी क्षेत्र में लंबे समय से लंबित डिसिल्टिंग कार्य को शुरू करवाने के लिए बीबीएमबी प्रशासन के साथ लगातार बातचीत जारी है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में देरी के कारण क्षेत्र में जोखिम की स्थिति बनी हुई है, लेकिन जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और जल्द ही कार्य शुरू कराने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं। इसके साथ ही थली ब्रिज का लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर संपर्क सुविधा और सुरक्षा मिलेगी।



मंत्री विक्रमादित्य सिंह का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान ग्राम पंचायत बाग में श्री पंदोई महाराज के धार्मिक आयोजन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने के साथ-साथ आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विकास के लिए देवता का आशीर्वाद भी लिया।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई सरकारी भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे लोगों को प्रशासनिक और सामाजिक सेवाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध होंगी। सरकार का ध्यान युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर केंद्रित है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सराज क्षेत्र सहित उनकी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले इलाकों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय परियोजनाओं में अब तक लगभग 1600 युवाओं को रोजगार दिया गया है, जिनमें करीब 60 प्रतिशत स्थानीय युवा शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं होते, इसलिए स्थानीय स्तर पर सर्वसम्मति से योग्य प्रत्याशियों का चयन करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता जिन प्रतिनिधियों को चुनेगी, उनके साथ मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा दी जाएगी व जन कल्याणकारी योजनाओं को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

## पीएम श्री नवोदय ठियोग के दो होनहार विज्ञान समृद्धि कार्यक्रम के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, ठियोग के दो मेधावी विद्यार्थियों, दीपक बंधु एवं ललित कुमार का चयन आईआईटी कानपुर में आयोजित होने वाले विज्ञान समृद्धि कार्यक्रम 2026-27 के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल इन विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के उच्च शैक्षणिक स्तर, मार्गदर्शन और प्रेरणादायी वातावरण का भी प्रमाण है। इस चयन से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है और पूरे क्षेत्र का गौरव भी बढ़ा है।

यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम 01 जून से 04 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से कक्षा 11वीं के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में भविष्य के नेतृत्वकर्ता बन सकें। चयनित विद्यार्थियों को विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में शोध परियोजनाओं, प्रयोगशाला अनुभव, शैक्षणिक भ्रमण और रचनात्मक गतिविधियों का अवसर मिलेगा, जिससे उनके ज्ञान और कौशल का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। विद्यालय के प्राचार्य ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## चुनाव सत्ता का सेमीफाइनल, जनता करेगी हिसाब चुकता: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि आगामी स्थानीय निकाय और नगर निगम चुनावों को भाजपा पूरी मजबूती से लड़ने के लिए तैयार है और प्रदेश में परिवर्तन की लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी करने का स्वागत करते हुए मांग की कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी तंत्र के दुरुपयोग और राजनीतिक दबाव के कारण चुनावों में अनावश्यक देरी हुई है, जिससे लोकतंत्र की जमीनी इकाइयों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।



जयराम ठाकुर शिमला से जारी बयान में कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में दमनकारी नीतियां अपनाई गई और जनहित के खिलाफ फैसले लिए गए, जिनका जवाब अब जनता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि माताएं-बहनें, किसान-बागवान और बेरोजगार वर्ग चुनावी वादों से ठगा हुआ महसूस कर रहा है और अपने मताधिकार के जरिए जवाब देना चाहता है। उन्होंने प्रदेश पर बढ़ते टैक्स बोझ और विकास कार्यों की धीमी गति को सरकार की विफलता बताया तथा पंचायत चुनावों में देरी को ग्रामीण विकास के ठप होने का बड़ा कारण करार दिया। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी चिंता जताते हुए कहा कि अपराधों का बढ़ता ग्राफ सरकार और पुलिस प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने इन चुनावों को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों का 'सेमीफाइनल' बताते हुए दावा किया कि भाजपा इसमें जीत दर्ज कर आगामी विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि जनता अब कुशासन से मुक्ति चाहती है और भाजपा को एक सशक्त विकल्प के रूप में देख रही है।

**इंतजार** एक सप्ताह में होगा बड़ा फैसला, 3758 पंचायतों में चुनाव प्रस्तावित

# हिमाचल पंचायत चुनाव पर सस्पेंस बरकरार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर बना इंतजार अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने साफ संकेत दिए हैं कि पंचायत चुनाव का ऐलान एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाएगा। 27 अप्रैल के बाद कभी भी चुनाव कार्यक्रम घोषित होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और संभावित उम्मीदवारों की सक्रियता बढ़ने लगी है।





◆ करीब 200 नई पंचायतें में मतदाता सूची बनी वजह

◆ ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से गरमाने लगा माहौल

प्रदेश की 3758 पंचायतों में इस बार प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, जिला परिषद और बीडीसी सदस्यों के लिए मतदान होना है। यह चुनाव ग्रामीण सत्ता के लिहाज से बेहद अहम माने जा रहे हैं। लंबे समय से इन चुनावों का इंतजार कर रही जनता अब तारीखों के ऐलान की राह देख रही है, ताकि चुनावी प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो सके।

पंचायत चुनाव में देरी की असली वजह नवगठित पंचायतों में मतदाता सूचियों का अंतिम रूप न लेना बताया जा रहा है। करीब 200 पंचायतों में अभी तक मतदाता सूची फाइनल नहीं हो पाई है। इन पंचायतों में 27 अप्रैल को मतदाता सूचियों का प्रकाशन होना तय है, जिसके बाद ही आयोग पूरे प्रदेश के लिए एक साथ चुनाव कार्यक्रम घोषित कर सकेगा।

**अब 27 अप्रैल के ऐलान पर टिकी निगाहें**

**अब** नजर इस बात पर टिकी है कि 27 अप्रैल के बाद आयोग किस तारीख को चुनाव का ऐलान करता है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि मई के दूसरे या तीसरे सप्ताह में मतदान कराया जा सकता है, ताकि सभी प्रशासनिक तैयारियां समय रहते पूरी हो सकें। ऐसे में चुनाव की घोषणा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो जाएगी और चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर पहुंच जाएगी।

इसी बीच, राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और उपायुक्तों को निर्देश जारी किए हैं कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाए। आचार संहिता लागू होने के बाद सरकारी मशीनरी पूरी तरह निष्पक्ष भूमिका में रहेगी और किसी भी प्रकार के राजनीतिक प्रभाव से दूर रहकर कार्य करेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी माहौल तेजी से गरमाने लगा है। गांव-गांव में संभावित उम्मीदवार जनसंपर्क में जुट गए हैं और लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। कई जगहों पर विकास कार्यों, सड़क, पानी, स्वास्थ्य सुविधाओं और स्थानीय समस्याओं को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। युवा मतदाता इस बार निर्णायक भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि महिला उम्मीदवारों की भागीदारी भी बढ़ने की उम्मीद है। राजनीतिक दल भी अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। पंचायत स्तर पर होने वाला यह चुनाव आने वाले समय में राज्य की स्थानीय राजनीति की दिशा तय करेगा।

## एचपीआरसीए ने घोषित किया सहायक स्टाफ नर्स का परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने सहायक स्टाफ नर्स के 508 पदों को भरने के लिए 20 और 21 मार्च को आयोजित कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस परीक्षा में 757 उम्मीदवारों को आगामी प्रक्रिया एवं डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया है।

यह प्रक्रिया 30 अप्रैल से आयोग के परिसर में आरंभ होगी, जिसका शेड्यूल वेबसाइट पर अलग से जारी किया जाएगा। इसके लिए उम्मीदवारों को पत्र नहीं भेजे जाएंगे और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए दूसरा मौका नहीं दिया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, इनकी फोटो प्रतियों के दो-दो सेट और आईडी प्रूफ इत्यादि साथ लाने होंगे। परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

## मिनर्वा के विद्यार्थियों का जेईई मेन्स में शानदार प्रदर्शन, 70 विद्यार्थी एडवांस के लिए चयनित

अनंत ज्ञान

**भूपेश नड्डा, घुमारवीं।** मिनर्वा स्टडी सर्कल, घुमारवीं व धर्मशाला के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता साबित की है। इस वर्ष संस्थान के 81 छात्रों ने 90 प्रतिशतक से अधिक अंक प्राप्त किए, जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इनमें से 50 छात्रों ने 93 से अधिक, 38 ने 95 से अधिक, 15 ने 97 से अधिक तथा 4 छात्रों—आदित्य, वरीन, प्रगुन दुबे और सान्वी—ने 99 प्रतिशतक से अधिक अंक हासिल कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि मिनर्वा के 70 छात्रों का चयन जेईई एडवांस के लिए हुआ है। यह सफलता संस्थान में दी जा रही उच्च स्तरीय शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों, नियमित परीक्षण शृंखला और व्यक्तिगत मार्गदर्शन का परिणाम है। अब ये छात्र देश के प्रतिष्ठित अभियांत्रिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए अगली परीक्षा में भाग लेंगे। संस्थान के प्रबंध निदेशक राकेश चंदेल ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के विश्वास का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि छात्रों को मजबूत करियर के लिए तैयार करना है, ताकि वे भविष्य में देश और समाज का नाम रोशन कर सकें।



मिनर्वा स्कूल के जेईई मेन्स में उत्तीर्ण हुए छात्र। अनंत ज्ञान

◆ आदित्य, वरीन, प्रगुन और सान्वी ने 99+ पर्सेंटाइल हासिल कर बढ़ाया मान

उन्होंने बताया कि जेईई, नीट, एनडीए और सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ड्रॉपर बैच के पंजीकरण शुरू हो चुके हैं और इच्छुक विद्यार्थी समय रहते इसका लाभ उठा सकते हैं। संस्थान के शिक्षकों ने विश्वास जताया कि जेईई एडवांस में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और यह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं कैप्टन दल बहादुर थापा गोल्ड कप का होगा आयोजन

# धर्मशाला पुलिस ग्राउंड में 27 से जुटेंगे देशभर के फुटबाल खिलाड़ी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में 27 अप्रैल से देशभर के फुटबाल खिलाड़ी जुटेंगे। वीर शहीदों की स्मृति और खेल भावना को समर्पित अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं कैप्टन दल बहादुर थापा मेमोरियल गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट का 38वां संस्करण 27 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 1989 से निरंतर आयोजित होने वाला यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट न केवल देशभर की श्रेष्ठ टीमों को एक मंच प्रदान करता है। वहीं, खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए कड़ इंतजाम किए गए हैं।



प्रेसवार्ता करते एसोसिएशन के अध्यक्ष पालम जंग प्रधान।

### देश की बेहतरीन टीमें होंगी शुमार

**टूर्नामेंट** में इस बार देश की 14 प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें आरबीआई मुंबई, कस्टम दिल्ली, सीआईएसएफ, राजस्थान पुलिस, 16 गढ़वाल राइफल्स, 2 गढ़वाल राइफल्स, 3/5 गोरखा राइफल्स, 5/5 गोरखा राइफल्स, खालसा क्लब अमृतसर, डो-लाइक स्पोर्ट्स क्लब जालंधर, जेसीटी फगवाड़ा, आरसीएफ कपूरथला और एचपीएफए शामिल हैं। मेजबान टीम के रूप में धर्मशाला की स्थानीय टीम भागसू इलेवन भी मैदान में उतरेगी।

### सांस्कृतिक धरोहर और शहादत का संगम

**एसोसिएशन** के अध्यक्ष पालम जंग प्रधान ने प्रेसवार्ता में बताया कि 1 मई को धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नेपाली-गोरखाली नृत्य और कांगड़ा का प्रसिद्ध झमाकड़ा प्रस्तुत किया जाएगा। वीर शहीदों के जीवन और बलिदान पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जाएगी।

### अंडर-19 इंटर स्कूल मुकाबले भी होंगे

**अध्यक्ष** ने बताया कि गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट के साथ इस वर्ष धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में स्थित11 स्कूलों के बीच अंडर-19 प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र होगी। इसमें इंटरनेशनल सहज पब्लिक स्कूल (टालनू), सेक्रेड हार्ट स्कूल (सिद्धपुर), अचीवर्स हब (दाड़ी), आधुनिक पब्लिक स्कूल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, टीसीवी स्कूल, दयानंद पब्लिक स्कूल, हाइलैंड पब्लिक स्कूल, डीपीएस कांगड़ा, और जीएसएसएस खनियारा खास व शाहपुर के युवा खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे।

## अंतर-विभागीय बैडमिंटन स्पर्धा में 52 खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में अंतर-विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के 52 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के निदेशक कुलदीप अत्री ने किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देता है। इस मौके पर शारीरिक शिक्षा निदेशक अश्वनी लखनपाल ने भी विशेष रूप से शिरकत की और कहा कि इस प्रकार की खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिससे परिसर में खेल भावना का वातावरण बना। हर मुकाबला उत्साह और प्रतिस्पर्धा से भरपूर था, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

# उपमुख्य सचेतक ने किया सड़कों का निरीक्षण

### 5 किलोमीटर पैदल चलकर परखी सड़कों की स्थिति, विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश


पठानिया ने ढोलिया महादेव मंदिर में माथा टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को करीब 5 किलोमीटर पैदल चलकर लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ क्षेत्र के विभिन्न सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने चकवन राख, तला, भेड़ू, ऊनी, मनोह, सुहैंड, वोडूसारना और गिलड़ भेडा सड़कों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करना और लंबित विकास कार्यों में तेजी लाना रहा। मौके पर अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर विशेष जोर दिया। पठानिया ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर प्रगति पर हैं और समय-समय पर स्थल निरीक्षण से कार्यों में तेजी आती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क, पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि जनता को समय पर लाभ मिल सके। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने ढोलिया महादेव मंदिर में माथा टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में ही उन्होंने दोपहर का भोजन ग्रहण किया और स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

# भारत में पिछले कुछ वर्षों से बढ़ रही आत्महत्याएं: शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि देश में होने वाली आत्महत्याएं चिंताजनक हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष भारत में एक लाख 87 हजार लोगों ने आत्महत्या की इनमें 13 हजार छात्र थे। पिछले कुछ वर्षों से आत्महत्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। कुरुक्षेत्र में एक शिक्षा संस्थान में दो महीने में चार छात्रों ने आत्महत्या की। शांता ने कहा कि इन सब समस्याओं के मूल में जो समस्या है, उनकी ओर देश का ध्यान नहीं जा रहा है। सबसे बड़ी समस्या प्रतिदिन टिडीदल की तरह बढ़ती जनसंख्या है। इसके कारण गरीबी और बेरोजगारी बढ़ रही है। युवा पीढ़ी में निराशा और हताशा का अंधेरा छा रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद गरीबी और बेरोजगारी की समस्या के लिए बहुत बढ़िया योजनाएं बनी। उनका लोगों को फायदा भी हुआ, परंतु उन योजनाओं की एक सीमा थी। सरकार ने रोजगार दिया, लेकिन उस बीच बढ़ती जनसंख्या के कारण नए बेरोजगार खड़े हो गए। शांता ने कहा कि विश्व के बहुत से देशों ने बढ़ती आबादी को रोका है, दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले देश चीन ने भी बढ़ती आबादी को रोका और आज भारत, चीन को पीछे छोड़ कर सबसे अधिक आबादी वाले देश बन गया है। शांता ने कहा कि भारत एक अमीर देश है जिसमें विश्व में सबसे अधिक गरीब रहते हैं। देश इस मूल समस्या को जड़ से मिटाने की कोशिश करे।

◆ **कहा- लगातार बढ़ती जनसंख्या है ऐसी समस्याओं का मूल कारण**

# जेएनएनयूआरएम बसों के संचालन पर निजी ऑपरेटरों का कड़ा विरोध

अनंत ज्ञान

**गगल।** कांगड़ा जिले के निजी बस ऑपरेटर वेलफेयर सोसाइटी की बैठक इच्छी के नीविया मैरिज पैलेस में हुई। इसमें निजी बस ऑपरेटर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, मनमोहन बेदी उपाध्यक्ष वरिंदर मनकोटिया संजय भाटिया मीडिया प्रभारी विनय बेदी, संदीप बालिया, रमन सागर, निपुण ग्लोनास, राजीव महाजन, सुभाष बलिया, रितेश शर्मा आशु चढ़ा एवं कुणाल चड्ढा ने संयुक्त बयान में प्रदेश में कानून व्यवस्था और न्यायपालिका के आदेशों की हो रही अनदेखी पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश हाईकोर्ट के स्पष्ट और सख्त आदेशों के बावजूद हिमाचल पथ परिवहन निगम की ओर से जेएनएनयूआरएम की बसों को अंतरराज्य एवं लंबी दूरी के रूटों पर धड़ल्ले से चलाया जा रहा है, जो सीधे-सीधे न्यायालय की अवमानना है। यह स्थिति न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून के शासन पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेश के निजी बस ऑपरेटर लगातार इस गंभीर मुद्दे को परिवहन विभाग के समक्ष उठाते रहे हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे निजी बस ऑपरेटरों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और साथ ही न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास भी कमजोर हो रहा है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिले के निजी बस ऑपरेटरों की ओर से रविदत्त शर्मा की ओर से इस मामले में माननीय हाईकोर्ट में कंटेंप्ट नंबर 253/26 केस दायर किया जा चुका है और संबंधित अधिकारियों को इसका नोटिस भी पहुंच चुका है। लेकिन अधिकारियों पर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

# डाडासीबा में गैस सिलेंडर में लगी आग, रसोई का सारा सामान जला

### स्थानीय लोगों की सूझबूझ से आग पर पाया काबू, बड़ा हादसा टला

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा पंचायत के वार्ड नंबर-1 में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे उस समय बड़ा हादसा टल गया जब जगदीश राम के स्लेटपोश मकान की रसोई में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग लगने से रसोई में रखा सारा सामान, बर्तन, अनाज, दो गैस चूल्हे और लकड़ी की अलमारी जलकर राख हो गई।


सिलेंडर में आग लगने से जला सामान। अनंत ज्ञान

हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे पूरा मकान बच गया। घटना के समय जगदीश राम घर पर अकेले थे। उन्होंने धुआं उठता देखा और शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद की। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पूर्व उप प्रधान परमेश्वरी दास ने बताया कि ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा नुकसान टल गया, अन्यथा स्थिति गंभीर हो सकती थी। वहीं, फायर चौकी प्रभारी सुजान सिंह की टीम भी मौके पर पहुंची और सिलेंडर की जांच की।

तहसीलदार बीरबल ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है और प्रभावित परिवार को नियमों के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## आईपीएल से पहले इंद्रुनाग देवता के दरबार जाएगी एचपीसीए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में अगले माह खेले जाने वाले आईपीएल मैचों से पहले एचपीसीए 26 अप्रैल को भगवान इंद्रुनाग के दरबार जाएगी। मैचों से पहले एचपीसीए की ओर से इंद्रुनाग मंदिर में पूजा व हवन करके मैचों के सफल आयोजन की कामना की जाएगी। धर्मशाला स्टेडियम में होने वाले हर आयोजन से पहले एचपीसीए इंद्रुनाग देवता के दरबार जाती है। इस दौरान एचपीसीए पदाधिकारियों की ओर से मैचों के सफल आयोजन के लिए देवता से प्रार्थना की जाती है।

◆ **धर्मशाला में 11, 14 व 17 मई को खेले जाएंगे आईपीएल मैच**

यही नहीं प्रशासन भी धर्मशाला में बड़े आयोजन से पहले इंद्रुनाग देवता के दरबार में हाजिरी लगाना नहीं भूलता। गौरतलब है कि इंद्रुनाग देवता को बारिश का देवता माना जाता है, ऐसे में मैचों के दौरान बारिश की बाधा न हो, उसके लिए भी एचपीसीए की ओर से प्रार्थना की जाती है। यही नहीं क्षेत्र के लोग भी नई फसल उगने के बाद इंद्रुनाग देवता के दरबार में चढ़ाना शुभ मानते हैं। एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि 26 को इंद्रुनाग देवता के मंदिर में पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भंडारा भी लगाया जाएगा।

## प्रदेश व्यवसायिक शिक्षक कल्याण संघ राज्य उपाध्यक्ष चुनाव संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश व्यवसायिक शिक्षक कल्याण संघ की राज्य कार्यकारिणी के राज्य उपाध्यक्ष पद के चुनाव मंगलवार को कांगड़ा जिले में संपन्न हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी वीरेंद्र राणा, मनदीप सिंह राणा एवं शैलेन्द्र कुमार शर्मा मैदान में थे। मतदान के उपरांत घोषित परिणामों के अनुसार शैलेंद्र कुमार शर्मा को 105 मत, वीरेंद्र राणा को 100 मत तथा मनदीप सिंह राणा को 8 मत प्राप्त हुए। शैलेंद्र कुमार शर्मा को राज्य उपाध्यक्ष पद के लिए विजयी घोषित किया गया। संघ के राज्य अध्यक्ष प्रवीण मेघटा ने परिणाम घोषित करते हुए सभी प्रतिभागियों एवं सदस्यों की सराहना की तथा संगठन की एकता को सर्वोपरि बताया। इसके साथ राज्य पैनल एवं जिला प्रधान के साथ विचार-विमर्श के पश्चात वीरेंद्र राणा को उनके महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखते हुए कांगड़ा से राज्य कार्यकारिणी में शामिल करने का निर्णय लिया गया। नवनिर्वाचित राज्य उपाध्यक्ष शैलेन्द्र ने सभी व्यवसायिक शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यवसायिक शिक्षकों के अधिकारों, स्थायित्व और उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

◆ **शैलेंद्र कुमार शर्मा ने वीरेंद्र राणा को हराया**

# भोपाल में आयोजित कार्यशाला में कृषि विवि का केंद्र सर्वश्रेष्ठ घोषित


केंद्र के प्रभारी डॉ. प्रदीप ने प्राप्त किया सम्मान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए गौरव अर्जित किया है।

विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना- मृदा एवं पौधों में सूक्ष्म एवं द्वितीयक पोषक तत्वों तथा प्रदूषक तत्वों पर केंद्र को 17-19 अप्रैल, 2026 के दौरान भाकृअनुपरि-भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल (मप्र) में आयोजित 30वीं द्विवार्षिक कार्यशाला में सर्वश्रेष्ठ केंद्रों में से एक घोषित किया गया। यह सम्मान केंद्र के प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार, प्रोफेसर (मृदा विज्ञान) ने प्राप्त किया। यह उपलब्धि मृदा विज्ञान एवं पोषक तत्व प्रबंधन के क्षेत्र में पालमपुर केंद्र द्वारा किए जा रहे निरंतर उत्कृष्ट एवं प्रभावी अनुसंधान कार्यों को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि इस केंद्र ने लगातार पिछले चार अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्विवार्षिक बैठकों में भी शीर्ष केंद्रों में स्थान बनाए रखते हुए अपनी उत्कृष्टता का निरंतर प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अशोक कुमार पांडा ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर डॉ. प्रदीप कुमार एवं उनकी टीम को बधाई दी।

## सैर पर निकली दो महिलाओं को गाड़ी ने मारी टक्कर एक की मौत, दूसरी घायल

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** मंगलवार सुबह करीब 5:45 से 6 बजे के बीच थुरल में मातम छा गया, जब चंडीगढ़ से पालमपुर जा रही एक गाड़ी नंबर एचपी-37 एच 5858 मालिक मनीष शर्मा पालमपुर ने थुरल पुलिस स्टेशन के पास सुबह की सैर पर निकली दो महिलाओं कौशल सूद (55) पत्नी राजेश सूद व अनामिका सूद (47) पत्नी संजय सूद को गाड़ी ने अपनी चपेट में ले लिया। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों की जानकारी के अनुसार, गाड़ी चालक को झपकी आ गई और गाड़ी अनियंत्रित होकर दोनों महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में कौशल सूद को गंभीर चोटें आईं। दोनों महिलाओं को स्थानीय अस्पताल थुरल ले जाया गया, लेकिन कोशल सूद को गंभीर चोटें की वजह से टांडा अस्पताल रेफर कर दिया गया। जब कौशल सूद को टांडा ले जाया जा रहा था, तो उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दूसरी महिला को कुछ देर चिकित्सा देने को बाद छुट्टी दे दी। गाड़ी चालक भी उनके साथ ही था। उसने बताया कि उसे नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मान ही राष्ट्र का सम्मान है: सुकृति लिखी

### धर्मशाला युद्ध संग्रहालय में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों का सम्मान समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित युद्ध संग्रहालय में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सचिव, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार सुकृति लिखी रहीं। उनके साथ प्रबंध निदेशक, ईसीएचएस अनिल चंदेल, सचिव, केंद्रीय सैनिक बोर्ड दिग्विजय बसेरा और कर्नल जय गणेश भी उपस्थित थे।


सचिव सुकृति लिखी ने सुनी पूर्व सैनिकों की समस्याएं। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम की शुरुआत में ब्रिगेडियर एमएस शर्मा ने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। सुकृति लिखी ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का देश सेवा में योगदान अतुलनीय है। उन्होंने वीरता पदक विजेताओं और वीर नारियों को सम्मानित करते हुए उनके साहस और बलिदान को नमन किया। उन्होंने उपस्थित पूर्व सैनिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि उनके सुझावों को प्राथमिकता के साथ अमल में लाया जाएगा। इस अवसर पर आप्रेशन रक्षक में शौर्य चक्र प्राप्त आनरेरी कैप्टन मदन लाल, कर्नल भूपिन्द्र सिंह और आप्रेशन पवन में वीर चक्र प्राप्त आनरेरी कैप्टन भगवान सिंह राणा को सम्मानित किया गया। साथ ही वीर नारियों को भी सराहा गया।

कार्यक्रम के बाद सुकृति लिखी ने राज्य युद्ध संग्रहालय और युद्ध स्मारक का दौरा भी किया।

# विधायक आशीष ने बनूरी मतेहड़ में किया वन वाटिका का लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** विधायक पालमपुर आशीष बुटेल ने नगर निगम पालमपुर के अंतर्गत वार्ड-14 बनूरी मतेहड़ में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित वन वाटिका का लोकार्पण किया। विधायक ने वन वाटिका परिसर में एरोकेरिया का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हरित पहलें न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।


वन वाटिका का लोकार्पण करते विधायक आशीष। अनंत ज्ञान

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और शहरी क्षेत्रों में खुले एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थलों के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शहरी और ग्रामीण स्तर पर हरित क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे लोगों को स्वच्छ हवा, प्राकृतिक सौंदर्य और स्वस्थ जीवनशैली का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पालमपुर क्षेत्र को एक आदर्श, स्वच्छ और हरित शहर बनाने के लिए अनेक विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं।

वन वाटिका जैसे प्रोजेक्ट न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं बल्कि स्थानीय लोगों के लिए सामाजिक गतिविधियों का भी एक बेहतर केंद्र होते हैं। विधायक ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस वन वाटिका की देखभाल में सहयोग करें और अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी और प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के निपटान का आश्वासन भी लोगों को दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मौके पर लोगों की समस्या के निदान के लिए दिशा निर्देश भी जारी किए।

## क्लीनिक में हेरोइन के साथ डेंटिस्ट और साथी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** शाहपुरकंडी पुलिस ने जुगियाल मार्केट स्थित एक डेंटल क्लीनिक पर छापेमारी कर 5 ग्राम 46 मिलीग्राम हेरोइन (पॉलीथीन लिफाफे सहित) बरामद की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में डेंटल क्लिनिक चलाने वाला अमनदीप गुप्ता उर्फ साहिल (जिला शाहपुरकंडी) और रोहित शर्मा उर्फ सलीम (शाहपुरकंडी) शामिल हैं। पुलिस को एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि अमनदीप और रोहित नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं और उनकी बिक्री भी करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और क्लिनिक पर छापेमारी की। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि आरोपी यह नशा कहां से लाए थे और उनके साथ इस धंधे में और कौन शामिल है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बच्चों में टाइप 1 डायबिटीज के इलाज व प्रबंधन के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा टांडा का एंडोक्राइन क्लीनिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज टांडा में बच्चों की एंडोक्राइन क्लिनिक हिमाचल प्रदेश में बच्चों के टाइप 1 डायबिटीज़ के इलाज और प्रबंधन के लिए एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। 2022 में बाल रोग विभाग के डॉ. अतुल गुप्ता द्वारा स्थापित यह क्लिनिक, राज्य में अपनी तरह की पहली विशेष सुविधा है। यह कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर, मंडी, ऊना, कुल्लू और बिलासपुर जैसे विभिन्न जिलों से बच्चों को उपचार प्रदान करता है। यह क्लिनिक बच्चों को शुरुआती स्थिति स्थिर करने के लिए भर्ती करता है, जहां उन्हें प्रशिक्षित डॉक्टरों, नर्सों और डायबिटीज़ शिक्षकों द्वारा चौबीसों घंटे देखभाल मिलती है। क्लिनिक का प्रमुख आकर्षण इसका व्यवस्थित शिक्षा कार्यक्रम है, जिसमें परिवारों को ब्लड ग्लूकोज़ की निगरानी, इंसुलिन की खुराक समायोजन, खानपान प्रबंधन और जटिलताओं की पहचान पर प्रशिक्षण दिया जाता है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि मरीज़ों के विस्तृत रिकॉर्ड उपचार में समय पर समायोजन और जटिलताओं का शुरुआती चरण में पता लगाने में मदद करते हैं। नियमित फॉलो-अप और व्यक्तिगत परामर्श से देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित की जाती है, जो बच्चों की चिकित्सीय और मानसिक स्थिति को भी संबोधित करती है।



◆ **बाल रोग विभाग में चार साल पहले डा. अतुल गुप्ता ने किया था स्थापित**

# नशे और साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर जताई चिंता



प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा में जागरुकता अभियान का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा में पुलिस विभाग की ओर से जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल रेणु परमार ने की।

इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिस स्टेशन इंदौरा के एसआई भजन जरयाल, एएसआई प्रदीप सिंह राजपूत और हवलदार रघुवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि व्यक्ति के भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। पुलिस अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय सतर्क रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 100 (पुलिस), 102 और 108 (एंबुलेंस), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1091 और 181 (महिला हेल्पलाइन) की जानकारी दी। प्रिंसिपल रेणु ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

# सीएम सुक्खू ने फतेहपुर विस क्षेत्र को दी 153.81 करोड़ की सौगात

## ब्यास नदी पर 103.65 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 800 मीटर लंबे स्पैन पुल का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान 153.81 करोड़ रुपए की 8 महत्वपूर्ण विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ब्यास नदी पर 103.65 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 800 मीटर लंबे स्पैन पुल का शिलान्यास किया, जो फतेहपुर और जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने 13.60 करोड़ रुपए की लागत से आदर्श स्वास्थ्य संस्थान फतेहपुर, 3.14 करोड़ रुपए की लागत से अनाज मंडी फतेहपुर के पार्किंग और अन्य कार्यों का शिलान्यास भी किया। इसके अलावा, नाबार्ड के तहत 9.09 करोड़ रुपए की लागत से फतेहपुर से बदियाली वाया कुंडियाल, थेरू और सुनेट सड़कों का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने फतेहपुर में शहीद स्मारक के निर्माण के लिए 35 लाख रुपए की लागत से कार्य की शुरुआत की।

12.82 करोड़ की लागत से संयुक्त कार्यालय भवन फतेहपुर, 5.27 करोड़ की लागत से कोडी बेला से पराल वाया जट्ट बेली सड़कों का निर्माण तथा 5.89 करोड़ रुपए की लागत से पलाख से चरूड़ी और मल्हारी से डुहाग सड़कों का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास में गति आएगी और स्थानीय लोगों को कई सुविधाएं प्राप्त होंगी।



153.81 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए।

### फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में श्रांई पुल का भूमि पूजन, विकास को मिलेगी नई दिशा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के पौंग बांध के पास श्रांई में लंबे समय से प्रतीक्षित पुल का भूमि पूजन होने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। 103.65 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस 840 मीटर लंबे पुल से क्षेत्र की कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण मजबूती मिलेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा डीपीआर और बजट को मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, और इसे 18 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्थाना गांव श्रांई और पंजाब के तलवाड़ा बाजार के बीच यह पुल व्यापार, परिवहन और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि का कारण बनेगा। पुल बनने से पौंग बांध पर सुरक्षा प्रतिबंध समाप्त हो जाएंगे, जिससे हिमाचल से पंजाब के बीच निर्बाध आवाजाही संभव होगी। इससे जखबड़ में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र को भी बड़ा लाभ होगा। यह पुल 17 मजबूत पिलरों और दो एबटमेंट पर आधारित होगा, जिसमें 200 मीटर स्टील संरचना और 640 मीटर आरसीसी संरचना शामिल होगी। इस परियोजना को केंद्र सरकार की सेतु बंधन योजना के तहत तैयार किया जा रहा है, जो आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगी और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

◆ **840 मीटर लंबे पुल से हिमाचल-पंजाब कनेक्टिविटी होगी मजबूत**

### सीएम ने की विधायक भवानी की सराहना

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के जखबड़ में आयोजित विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायक भवानी सिंह पठानिया की खुलकर सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक पठानिया क्षेत्र की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर उनका समाधान करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का काम कर रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि विधायक ने अढ़ाई करोड़ रुपये के पैकेज वाली नौकरी छोड़कर जनसेवा को प्राथमिकता दी, जो उनके समर्पण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विधायक के प्रयासों से फतेहपुर क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और औद्योगिक विकास से जुड़े कई प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिनसे जनता में संतोष का माहौल है। जनसभा में विधायक की भूमिका को विकास की मजबूत कड़ी के रूप में रेखांकित किया गया।

### ज्वालामुखी में विद्युत मंडल व उपमंडल कार्यालय भवन का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी में विद्युत मंडल और उपमंडल कार्यालय भवनों के निर्माण कार्य तथा 33 केवी सब-स्टेशन के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत लगभग 4 करोड़ रुपए है और इससे 35,000 से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

◆ **देहरियां में उपमंडल खोलने की घोषणा की**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ज्वालामुखी के देहरियां में एक और विद्युत उपमंडल खोलने की घोषणा की, जिसके लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि धार्मिक पर्यटन के विकास के लिए श्री ज्वालामुखी, श्री चिंतपूर्णी और श्री नैना देवी में एक मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत 150 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पहले चरण में इन कार्यों के लिए 25 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की जाएगी। इस मौके पर विधायक संजय रत्न ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में उनके क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर विधायक कमलेश ठाकुर, एक्स सर्विसमेन कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कर्नल मनीष कुमार तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को सिखाए आग से बचने के गुर

**अनंत ज्ञान, गरली।** गर्मियों की दस्तक के साथ आगजनी के बढ़ते खतरे को देखते हुए, सरकारी आईटीआई नैहरनपुखर में मंगलवार को फायर कार्यालय देहरा की टीम ने एक जागरूकता अभियान चलाया। सायरन, मॉक ड्रिल और बचाव प्रशिक्षण के साथ पूरा संस्थान परिसर सुरक्षा संदेशों से गूंज उठा। छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लेकर आग से निपटने के तरीकों को सीखा। फायर विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को आग की घटनाओं से बचाव के उपाय बताए, जैसे गैस सिलेंडर में आग लगने पर क्या करना चाहिए और शुरुआती बचाव के तरीके। मॉक ड्रिल में छात्रों ने अग्निशमन यंत्र चलाने और आपातकालीन निकासी के तरीके सीखे।

### टांडा फायरिंग रेंज में फायरिंग अभ्यास 23-24 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त (उपायुक्त) ने जानकारी दी कि भारतीय सेना द्वारा टांडा फायरिंग रेंज में 23 और 24 अप्रैल को सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कोहाला, कछियारी, खोली और घुरकड़ी के निवासियों से अपील की है कि वे इन तिथियों में फायरिंग रेंज के आसपास के क्षेत्रों में न जाएं, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके।

### धीरा पंचायत में बलोटी छिंज मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** धपंचायत ीरा के बलोटी छिंज मेले का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं मेला कमेटी अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि वरिष्ठ नागरिक प्रकाश चंद विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रथम दिन बच्चों और स्थानीय पहलवानों ने कुश्ती के करतब दिखाए। इस अवसर पर अरुण गुप्ता ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और इस धरोहर को भावी पीढ़ी के लिए संजो कर रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मेलों का आयोजन आपसी सहयोग से किया जाना आवश्यक है।

### पोस्टर से नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के धौलाधार परिसर-1 में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब और मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। धौलाधार परिसर-1 एवं 2 में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विजेताओं को 23 अप्रैल को सम्मानित किया जाएगा।

### कृषि विवि में 17वें दीक्षांत समारोह 30 को

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर 30 अप्रैल 2026 को अपने 17वें दीक्षांत समारोह का आयोजन करेगा। इस समारोह में 1 सितंबर, 2018 से 31 अगस्त, 2023 के मध्य उत्तीर्ण स्नातकोत्तर (मास्टर्स और डॉक्टरेट) विद्यार्थियों को उपाधियां, स्वर्ण पदक और अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। दीक्षांत समारोह के लिए अनिवार्य पूर्वाभ्यास 29 अप्रैल को प्रातः 11 बजे और अपराह्न 3 बजे विश्वविद्यालय सभागार में होगा। दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अधिसूचित परिधान संहिता का पालन करना अनिवार्य होगा।

### सुरेंद्र मनकोटिया ने वितरित की राशन सामग्री

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** कांग्रेसी नेता और प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का जन्मदिन उनके पैतृक गांव डाडासीबा से लेकर जसवां परागपुर में उत्साह के साथ मनाया गया। दिन की शुरुआत राधाकृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई, इसके बाद सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच केक काटकर जश्न मनाया गया। जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए मनकोटिया ने गरली बालिका आश्रम में छात्राओं को घड़ियां और उपहार भेंट किए। इसके बाद वृद्धाश्रम में बेसहारा बुजुर्गों को राशन सामग्री वितरित की। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनहित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### रेलवे स्टेशन पपरोला में मनाया हेरिटेज दिवस

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सप्ताहिक विश्व विरासत दिवस 2026 के उपलक्ष्य पर सीडीओ पठानकोट सौरभ शर्मा के नेतृत्व में गाड़ी संख्या 52473 को उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय एवं उपनिदेशक हैरिटेज के निर्देशानुसार ट्रेन इंजन एवं कोचों को बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन में रिबन एवं गुब्बारों से सजाकर चलाया। स्टेशन सुपरिंटेंडेंट देसराज शर्मा, स्टेशन उपअधीक्षक राजेश भारद्वाज, एसएसई लोको अमित, एसएसई कैरेज अंगरीश कुमार सटाफ के साथ मौजूद रहे। इस दौरान भारतीय रेल एवं उसकी हैरिटेज धरोहर को संजोया गया, जिससे यात्रियों और कर्मियों में उत्साह देखने को मिला ।

### अंडरपास निर्माण से जाम से मिलेगा छुटकारा: राकेश

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के रिहलू रोड क्रॉसिंग पर प्रस्तावित अंडरपास को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सख्ती देखी गई है। भाजपा नेता राकेश चौहान ने बताया कि धर्मशाला में आयोजित जिला कांगड़ा दिशा बैठक में सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया। उन्होंने एडीसी कांगड़ा और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्देश दिए कि अंडरपास के निर्माण में कोई भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अंडरपास के निर्माण से क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और स्थानीय लोगों को सुरक्षित आवागमन मिलेगा। अब यह परियोजना जल्द पूरी होने की उम्मीद है।

### नगरोटा सूरियां में जागरुकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां में पुलिस विभाग ने एक जागरुकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान स्थानीय पुलिस चौकी के प्रभारी योगेश प्रियंगल और सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार ने सड़कों पर सुरक्षा नियम, नशा मुक्ति अभियान और छात्रा सुरक्षा अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने किसी भी समस्या के समाधान के लिए आवश्यक दूरभाष नंबर भी साझा किए। प्रधानाचार्य हरभजन सिंह सोहल ने इस पहल के लिए पुलिस विभाग का धन्यवाद किया और भविष्य में ऐसी जानकारी देने का आग्रह किया।

### इसराइल से कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचा दंपती

**अनंत ज्ञान, गगल।** स्पाइसजेट की फ्लाइट से मंगलवार को इजराइल का रहने वाला दंपती यॉर्कर और अपनी पत्नी चिन और अपने बेटी ऑडिट के साथ कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचा। यह जोड़ा धौलाधार की ऊंची पहाड़ियों को देखकर बहुत खुश हुआ। यॉर्कर ने कहा इंडिया में हम एक महीने के लिए घूमने फिरने के लिए आए हैं। इस यात्रा में हम हिंदुस्तान के तमाम मंदिर धौलाधार की हसीन वादियां का नजारा लेकर वापस इसरायल को चले जाएंगे।

## बैजनाथ-पपरोला में चुनावों पर अनिश्चितता, लोगों को करना होगा इंतजार

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद के आगामी चुनावों को लेकर स्थिति अभी भी साफ नहीं हो पाई है, जिससे स्थानीय लोगों में असमंजस बना हुआ है। नोडल अधिकारी इंजीनियर तरुण सूद ने स्पष्ट किया है कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है, लेकिन यह केवल 51 शहरी स्थानीय निकायों तक ही सीमित है। इस सूची में बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद और बीड़ नगर पंचायत को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी वजह से इन क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया और मतदान की तारीखों का फिलहाल कोई निर्धारण नहीं किया गया है। जैसे ही राज्य चुनाव आयोग की ओर से संबंधित क्षेत्रों के लिए अधिसूचना जारी होगी, स्थानीय प्रशासन तुरंत इसकी जानकारी आम जनता तक पहुंचाएगा। इस बीच, बैजनाथ-पपरोला और बीड़ क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता भी लागू नहीं है, जिससे यह साफ है कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने में अभी समय लग सकता है। कुल मिलाकर, बैजनाथ-पपरोला के लोगों को नगर परिषद चुनावों के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा, जब तक कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से नई अधिसूचना जारी नहीं हो जाती।

## रेस्क्यू इंस्ट्रक्टर बोले- रेस्क्यू के लिए उपलब्ध करवाए जाएं उपकरण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के विभिन्न जिलों के रेस्क्यू इंस्ट्रक्टर मंगलवार को धर्मशाला डीसी कार्यालय पहुंचे। एडीएम से मिलकर रेस्क्यू के लिए उपकरण उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। हिम समसारा हिमालयन स्नो एंड माउंटेंन, सर्च एंड रेस्क्यू एसोसिएशन के महासचिव रविंद्र नैहरिया ने बताया कि एसोसिएशन केंद्र सरकार के पास पंजीकृत है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी घोषित किया है। धर्मशाला आने वाले पर्यटक, धौलाधार रेंज के फैन होते हैं, जो कि पहाड़ों के समीप जाने की कोशिश करते हैं। पूर्व में पहाडियों पर ट्रैकिंग के लिए गए लोगों के साथ कई हादसे हो चुके हैं, क्योंकि लोग बिना जानकारी के जाते थे और समय पर रेस्क्यू नहीं हो पाता था। हमारा प्रशासन से आग्रह है कि जो भी लोग पहाड़ों की ओर जाते हैं, उन्हें रेगुलेट वे से भेजा जाए, जिससे कि यदि हादसा हो तो समय रहते रेस्क्यू किया जा सके। एसोसिएशन में 80 से अधिक सदस्य हैं, जो कि सभी प्रशिक्षित हैं, जिन्होंने पर्वतारोहण में बेसिक और अडवांस कोर्स किए हैं। एडीएम से मिलकर रेस्क्यू के लिए जाते समय उपयुक्त व पर्याप्त मात्रा में उपकरण उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया है। रविंद्र नैहरिया ने बताया कि एसोसिएशन के 50 फीसदी सदस्यों के पास अपने उपकरण हैं, लेकिन रेस्क्यू के दौरान कई बार और उपकरणों की जरूरत पड़ती है। एडीएम ने आश्वासन दिया कि सूची उपलब्ध करवाएं, जिसके अनुसार उपकरण उपलब्ध करवाए जा सकें। यही नहीं मैक्लोडगंज स्थित पर्वतारोहण केंद्र के माध्यम से भी उपकरण मुहैया करवाने का प्रयास किया जाएगा। एडीएम ने एसोसिएशन को जल्द विभिन्न विभागों के साथ मीटिंग करवाने का आश्वासन दिया है। रविंद्र नैहरिया ने कहा कि विभिन्न विभागों से होने वाली बैठक में पर्वतारोहण हेतू जाने वाले पर्यटकों को जागरूक करने के लिए रणनीति बनाने पर फोकस रहेगा।

◆ **एडीएम से की मुलाकात, जल्द ही एसोसिएशन की विभिन्न विभागों से होगी मीटिंग**

## डिब्बर-मनेई सड़क निर्माण की औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करें: केवल पठानिया

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने विधानसभा क्षेत्र के डिब्बर में जन समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिब्बर से मनेई तक सड़क निर्माण प्रस्तावित है और मौजूदा जीप योग्य सड़क को भी चौड़ा किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने राजस्व, वन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण की जाएं, ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सके। पठानिया ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जहां-जहां निजी भूमि सड़क चौड़ीकरण में आ रही है, वहां भूमि मालिक स्वेच्छा से गिफ्ट डीड सरकार के नाम करें, जिससे विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस परियोजना के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हों, ताकि मौके पर ही अधिकतम जन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### नई जोड़ी


सुधेड़ (धर्मशाला)के ईशान बजबरिया व पिंजौर (चडीगढ़) की भावना को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक


ऊना के कपिल शर्मा और प्रियंका शर्मा शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## महिला आरक्षण पर कांग्रेस का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण: कमल

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल शर्मा ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों के रुख पर कड़ा एतराज जताया है।



उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा इस ऐतिहासिक विधेयक के विरोध को महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए कांग्रेस को स्पष्ट रूप से महिला विरोधी दल करार दिया। कमल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं को राजनीति के केंद्र में लाने का जो साहसिक कदम उठाया है, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में मील का पत्थर है।

उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कभी भी महिलाओं को उनका वाजिब हक नहीं दिया। आज जब भाजपा सरकार महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर रही है, तो कांग्रेस अपनी संकीर्ण राजनीति और वोट बैंक खिसकने के डर से इसमें अड़ंगे लगा रही है। कमल शर्मा ने विश्वास जताया कि विपक्ष के तमाम अवरोधों के बावजूद नारी शक्ति का यह संकल्प पूरा होगा और आने वाले समय में देश की महिलाएं इस विरोध का मुंहतोड़ जवाब देंगी।

भाजपा महिलाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।हम महिला मंडलों, महिला समूहों और महिलाओं के बीच जाकर कांग्रेस ब इनके सहयोगियों का महिला विरोधी चेहरा बेनकाब करेंगे।

## बड़ोह में डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन

### आरएस बाली बोले- हंस फाउंडेशन प्रतिवर्ष नगरोटा में स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च कर रही 2 करोड़

◆ **मोरथ जसाई में पीएचसी भवन का किया शिलान्यास**

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** हंस फाउंडेशन हर वर्ष नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क सेवा के लिए लगभग 2 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। यह बात जानकारी पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ोह में 60 लाख रुपये की लागत से स्थापित डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन करते हुए कही।

बाली ने हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने नगरोटा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में महीने में दो बार अपनी मोबाइल मेडिकल यूनिट भेजकर लोगों को घर-द्वार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं। उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि डायलिसिस का इलाज महंगा होता है, लेकिन हंस फाउंडेशन द्वारा यह सेवा अब पूरी तरह से निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। बड़ोह स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित डायलिसिस मशीन फरीसैनियस मेडिकल केयर की है, जो अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी। आरएस बाली ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अन्य पहल की भी घोषणा की। उन्होंने 14 साल की लड़कियों के लिए एचपीवी टीका लगाने की अपील की, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में मदद करता है। इसके साथ ही उन्होंने बड़ोह स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक बुधवार को स्त्री विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती का ऐलान किया और 29 अप्रैल से महिला विशेषज्ञ को नियुक्त करने की बात कही। इसके अलावा मोरथ जसाई में पीएचसी भवन के निर्माण का शिलान्यास किया, जो 2.44 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। इस पीएचसी में एमबीबीएस डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी तैनात होंगे, जिससे न केवल मोरथ जसाई बल्कि आसपास की पंचायतों के लोगों को भी स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। आरएस बाली ने इस पहल के लिए हंस फाउंडेशन के संस्थापक मनोज भार्गव राघव और श्वेता रावत का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस स्वास्थ्य सुविधा को शुरू किया और इसके संचालन में सहयोग दिया।



आरएस बाली ने बड़ोह स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती का ऐलान किया।

## वन विभाग की भूमि पर सड़क बनाने की एसडीएम से शिकायत

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** धीरा पंचायत के अपर धीरा में एक व्यक्ति की ओर`स वन विभाग की भूमि पर ट्रक योग्य सड़क बनाने के खिलाफ स्थानीय निवासी मदन ठाकुर ने मंगलवार को एसडीएम धीरा को शिकायत पत्र सौंपा। पत्र में मदन ने कहा कि इस मामले में वह पहले ही वन विभाग के डीएफओ, राजस्व विभाग और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस भूमि पर सड़क बनाई गई है, वह वन विभाग के खंड कार्यालय से मात्र 50 मीटर की दूरी पर स्थित है, फिर भी विभाग क्यों चुप है। मदन ठाकुर ने आरोप लगाया कि व्यक्ति की ओर से अपनी जमीन पर भवन निर्माण कार्य भी शुरू किया है, और सड़क के माध्यम से ट्रक भवन निर्माण सामग्री लेकर आ-जा रहे हैं। उन्होंने इस मामले की गहराई से जांच की मांग की। एसडीएम सलीम आजम ने कहा कि यह मामले की जांच के लिए वन विभाग के डीएफओ पालमपुर को भेजा जाएगा।

## सुधीर शर्मा ने तंगरोटी मेले के विजेता पहलवान किए सम्मानित



सुधीर ने मेला समिति को दिए 51 हजार रुपए।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** तंगरोटी में अमर शहीद विशाल के नाम पर होने वाले मेले में धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने मेला समिति को 51 हजार रुपए दिए।

वहीं, विजेता पहलवानों को भी सम्मानित किया। सुधीर ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला अमर शहीद विशाल के नाम पर है। ऐसे में इस मेले का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि तंगरोटी में अमर शहीद के नाम पर गेट का निर्माण किया जा रहा है। इस गेट को जल्द तैयार करने के बाद समर्पित कर दिया जाएगा। मेले में शहीद के माता-पिता भी मौजूद रहे। सुधीर ने कहा कि हिमाचल वीरभूमि है। हमें अपने रणबांकुरों पर नाज है। उन्होंने मेला कमेटी को आयोजन की बधाई दी। सुधीर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने व्यवस्था परिवर्तन की बात कहकर हिमाचल का व्यवस्था पतन किया है। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में जानबूझकर प्रोजेक्टों को ठप किया गया है। धर्मशाला में एक भी काम नहीं चल रहा है। सीयू, स्मार्ट सिटी से लेकर विभागों में काम ठप हैं। विभागों के पास बजट नहीं है। बिना विजन वाले कांग्रेस नेता सिर्फ फोटो खिंचवाने में मस्त हैं।

## हिमाचल फिल्म नीति: परागपुर में शूटिंग शुल्क की खुली लूट

### सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे फिल्म प्रोडक्शन हाउस

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** धरोहर गांव परागपुर की खूबसूरती अब फिल्म निर्देशकों के लिए केवल मुफ्त की लोकेशन बनकर रह गई है। यहां सालों से फिल्मों, गानों और विज्ञापनों की शूटिंग का बाजार गर्म है, लेकिन हिमाचल प्रदेश फिल्म नीति के नियमों की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। बड़े-बड़े प्रोडक्शन हाउस गांव के विकास का राग तो अलापते हैं, मगर हकीकत में पंचायत के खजाने में फूटी कौड़ी तक जमा नहीं कर रहे।

सरकारी खजाने को चूना लगाकर अपनी जेबें भरने का यह खेल प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है। पंचायत के आधिकारिक दस्तावेजों ने इन प्रोडक्शन हाउसों के झूठ की पोल खोल कर रख दी है। रिकॉर्ड के अनुसार, आखिरी बार 28 जून 2014 को फिल्म बांके की क्रेजी बारात के निर्माता ने 31 हजार रुपए की फीस जमा करवाई थी। इसके बाद से आज तक दर्जनों शूटिंग हुईं, लेकिन किसी ने भी सरकारी मापदंडों के अनुसार, फीस देना मुनासिब नहीं समझा। हाल ही में हुई एक फिल्म की शूटिंग ने तो हद ही पार कर दी, न पंचायत से इजाजत ली गई और न ही कोई फंड दिया गया। स्थानीय निवासी दीपक, संजीव, ऋषभ, सुरेश, राजीव, नीरज, रजत, संजय, अजय, अखिलेश और कृष्ण गोपाल ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे शूटिंग के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन नियमों की इस तरह अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से सीधा सवाल किया है कि आखिर पुलिस और विभाग शूटिंग से पहले इन कागजातों की जांच क्यों नहीं करते।

> साल 2014 में हुई फिल्म की शूटिंग के लिए ही निर्माता द्वारा 31000 रुपये का चेक पंचायत में जमा करवाया गया है। उसके बाद किसी भी शूटिंग करने वाले ने कोई धन पंचायत के पास जमा नहीं करवाया है। अभी हाल ही में परागपुर में कोई शूटिंग हुई है, इसकी जानकारी पंचायत को नहीं है।
>
> **-दिनेश कुमार, सचिव, ग्राम पंचायत परागपुर**

ग्रामीणों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है।उनका कहना है कि फिल्म नीति के नाम पर परागपुर के संसाधनों का इस्तेमाल तो हो रहा है, पर बदले में पंचायत को उसका हक नहीं मिल रहा। उन्होंने प्रशासन और पंचायत से मांग की है कि बिना कागजी औपचारिकताएं पूरी किए किसी भी फिल्म यूनिट को गांव में पैर न रखने दिया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### भोटा और पट्टा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड विद्युत उपमंडल भोंरज की सूचना के अनुसार 22 अप्रैल को 33/11 केवी सब-स्टेशन लदरौर से निकलने वाले विभिन्न फीडरों पर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते लदरौर, भोटा, पट्टा, मैड़, खरवाड़, घण्डालवीं, जाहु, जखोल, फीडर के तहत आने वाले गांव लदरौर, भोटा, पट्टा, बलौखर, अघ्घार, भोटा शुक्कर खड्ड, मैड़, उखली, खखड़ सहित अन्य क्षेत्रों में आने वाले गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### तरेटी में 24 को मनाया जाएगा एकता दिवस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के तरेटी गांव में 24 अप्रैल को संत निरंकारी मिशन द्वारा मानव एकता दिवस श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी संत निरंकारी ब्रांच तरेटी के संयोजक जसवंत सिंह ने दी। कार्यक्रम में प्रातः 10 से 12 बजे तक सतसंग आयोजित होगा। यह आयोजन मानवता, भाईचारे और समरसता के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी लगाए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम दिल्ली के बुराड़ी स्थित ग्राउंड नंबर 2 में निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी के सानिध्य में होगा।

### विधायक ने श्रेया ठाकुर को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर क्षेत्र की होनहार बेटी श्रेया ठाकुर ने मिस इंडिया 2026 प्रतियोगिता में टॉप-8 में स्थान बनाकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर विधायक ने श्रेया को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रेया की मेहनत और प्रतिभा ने न केवल सुजानपुर, बल्कि हिमाचल प्रदेश का भी मान बढ़ाया है। यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विधायक ने श्रेया और उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सैनिक स्कूल सुजानपुर ने कपूरथला को हराया

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा में आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल्स फुटबाल प्रतियोगिता (ग्रुप 'ए') के चौथे दिन खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। अंडर-17 छात्रों के वर्ग में दयानंद पब्लिक स्कूल, पटियाला ने रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, फतेहाबाद को 2-0 से हराया। वहीं, अंडर-17 छात्राओं में रॉयल इंटरनेशनल ने सैनिक स्कूल कुंजपुरा को 2-0 से मात दी। अंडर-15 छात्रों के वर्ग में सैनिक स्कूल नगरोटा ने सुजानपुर को 3-2 से हराया, जबकि छात्राओं के वर्ग में सैनिक स्कूल सुजानपुर ने कपूरथला को 1-0 से हराया।

### 27 को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूरे भारत में गोमाता को राष्ट्रीय दर्जा देने के लिए गो सम्मान आहान अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश में 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपे जाएंगे। यह ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को तहसीलदार के माध्यम से दिया जाएगा। जिला हमीरपुर से विभिन्न तहसीलों में केशव शर्मा (भोरंज), प्रकाश चंद पटियाल (हमीरपुर), पुरशोतम कुमार (सुजानपुर), बलवीर चौधरी (नादौन), और प्रवीण (बड़सर) नेतृत्व करेंगे। ज्ञापन देने के दौरान कोई भी बैनर या नारेबाजी नहीं होगी, कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भक्तिमय रहेगा।

### छूटे नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने को जिला निर्वाचन अधिकारी के पास करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मतदाता सूचितयों के विशेष संशोधन के लिए कार्यक्रम अधिसूचित किया गया है। जिसके फलस्वरूप नादौन विकास खंड की नव गठित/पुर्नगठित/विभाजित पंचायतों पंचायत बड़ा, कोटला चिल्लियां, जलाड़ी, उटप, गाहली, टिल्लू, चमराल, नधूं व लंज्याना को छोड़कर अन्य पंचायतों की मतदाता सूचियों को तैयार कर दिया गया है। सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं बीडीओ नादौन ने बताया कि प्रदेश पंचायतीराज निर्वाचन संशोधन नियम 24 के उप नियम 3 में प्रावधान अनुसार नियम 32 के अधीन 21 अप्रैल से निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने की तिथि तक मतदाता सूचियों में से छूटे हुए नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत को प्रपत्र 2 दोहरी प्रति के साथ 2 रुपए शुल्क अदा कर नामांकन के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना तक आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध कांग्रेस की महिला विरोधी सोच का परिचायक : कमलेश

## कहा- कांग्रेस और उसके सहयोगी दल करते केवल वोट बैंक की राजनीति



प्रेसवार्ता करती भाजपा महिला मोर्चा की राज्य महासचिव कमलेश कुमारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हिमाचल भाजपा महिला मोर्चा की राज्य महासचिव, कार्य समिति सदस्य और पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जो दल वर्षों से महिलाओं को अधिकार, सम्मान और भागीदारी देने की बात करते रहे, वे आज अपने वास्तविक रूप में सामने आ गए हैं। कमलेश ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल केवल वोट बैंक की राजनीति करते हैं और महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने के प्रति कभी गंभीर नहीं रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। नारी शक्ति वंदन विधेयक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी कदम है, जो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। पूर्व विधायक ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर आरोप लगाया कि उन्होंने महिला आरक्षण को चुनावी मुद्दा बना दिया, लेकिन उसे लागू करने का साहस कभी नहीं दिखाया।

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं के उत्थान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर आरोप लगाया कि वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने महिला आरक्षण को केवल राजनीतिक मुद्दा बनाए रखा, जबकि भाजपा सरकार ने इसे लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है।

# नंबदरारों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के समक्ष रखी समस्याएं



डीसी को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपता नंबरदार संघ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला नंबरदार संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संयोजक भीम सिंह चौहान की अध्यक्षता में डीसी गंधर्वा राठौड़ से मिला और नंबरदारों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया गया। प्रदेश संयोजक भीम सिंह चौहान ने बताया कि नंबरदारों को पटवारियों से फर्द वाच और ढालवाच जारी करवाया जाए ताकि वे भूमि की वसूली ठीक ढंग से कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि नम्बरदारों को पिछले 9 महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जो शीघ्र दिलवाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, नंबरदारों को पहचान पत्र जारी करने, तहसील में बैठने के लिए उचित स्थान प्रदान करने और भूमि रजिस्ट्री, वसीयतनामा, इंतकाल जैसी कार्यों में शिनाख्त अनिवार्य करने की मांग की।

डीसी ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 100 नंबरदार कार्यरत हैं और प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें मासिक 4500 रुपए का मानदेय दिया जा रहा है, जिसमें 500 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा, जिला संयोजक बलबीर सिंह के अस्वस्थ होने पर महेंद्र सिंह को नया जिला संयोजक नियुक्त किया गया।

### नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा में 17 को होगा मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा में आगामी चुनावों के लिए हलचल तेज हो गई है। इन दोनों शहरी निकायों में चुनावी प्रक्रिया शुरू होते ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। डीसी गंधर्वा राठौड़ ने जानकारी दी कि नगर परिषद सुजानपुर में 9 वार्ड और नगर पंचायत भोटा में 7 वार्ड हैं। चुनाव के लिए उम्मीदवार 29 और 30 अप्रैल, तथा 2 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को होगी, और 6 मई तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा, और उसी दिन शाम को परिणाम घोषित किए जाएंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं।

# हमीरपुर के बेटे रोहित शर्मा ने जेईई मेन्स में प्रदेशभर में किया टॉप

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के युवक ने अपनी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया कि छोटे गांव से भी बड़े सपने साकार किए जा सकते हैं। टौणी देवी क्षेत्र के गांव लल्यार (पंजोत) के होनहार छात्र रोहित शर्मा ने जेईई-मेन्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश में स्टेट रैंक-1 हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। रोहित ने ऑल इंडिया स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए AIR 802 प्राप्त की है। रोहित शर्मा पुत्र मनोहर लाल और माता रीना कुमारी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव, क्षेत्र और जिले में खुशी की लहर है। जेईई-मेन्स के परिणाम में रोहित ने गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान में लगभग परफेक्ट स्कोर हासिल करते हुए कुल 99.9549354 एनटीए स्कोर प्राप्त किया, जो उनकी असाधारण प्रतिभा को दर्शाता है। रोहित ने यह सफलता बिना किसी कोचिंग के अपनी मेहनत की बदौलत प्राप्त की है।




रोहित की इस सफलता के पीछे उनके स्कूल डीएवी ग्रयोह के प्रिंसिपल संजीव गुलेरिया का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग भी अहम रहा। उनके सही दिशा-निर्देशन ने रोहित को इस ऊंचाई तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोहित के परिवार और क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी। पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है और लोग रोहित को बधाई देने उनके घर पहुंच रहे हैं। रोहित शर्मा की यह उपलब्धि न केवल परिवार बल्कि प्रदेश के लिए भी गर्व की बात है।

# हिम अकादमी के 25 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड 2026 के लिए किया क्वालीफाई

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी के 25 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अकादमी का नाम गौरवान्वित किया है। जेईई मेन्स परीक्षा 2026 में नीलाक्षी ने 99.20 परसेंटाइल प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

इसके अलावा विहान 98.92, अनिरुद्ध सिंह (98.92), सोहम (98.50), शाश्वत (98.05), आनंदिता (97.58), अधिराज सिंह (96.62, आर्यन ठाकुर (96.60), अंशुल (96.56), आदित्य मोदगिल (96.09), अमृतांश (95.63), साई नमन (95.62), अगस्त्य (95.18), हर्षित कुमार (95.18), उज्जवल (95.01), संचित शर्मा (95.02), पूर्वी (94.86) और वामन (94.79) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इसके अलावा आर्यन आचार्य (93.88), लक्ष्य चौहान (91.05), सोनम (87.90), निडोन (85.92), आयुष चौहान (85.82) एवं स्टानजिन त्सेरिंग (85.60) ने भी




शानदार परसेंटाइल हासिल किए। हिम अकादमी के 65 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 25 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड 2026 के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित की। अकादमी परिवार ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों तथा शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की और समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन, उनके निरंतर परिश्रम एवं उत्कृष्ट शिक्षण के लिए विशेष आभार व्यक्त किया।

# विधायक लखनपाल बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट के स्पेशल इनवाइटी ट्रस्टी नियुक्त

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए यह गर्व का विषय है कि विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को दियोटसिद्ध स्थित सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट में 'स्पेशल इनवाइटी ट्रस्टी' नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप की गई है, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बाबा बालक नाथ मंदिर देश-विदेश में प्रसिद्ध आस्था का केंद्र है, जहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।



ऐसे प्रतिष्ठित ट्रस्ट से जुड़ना सेवा और समर्पण का महत्वपूर्ण अवसर है। इंद्र दत्त लखनपाल की नियुक्ति से क्षेत्र को गौरव मिला है और यह उम्मीद जताई जा रही है कि इससे मंदिर और क्षेत्र दोनों के विकास को नई दिशा मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के अनुरूप यह कदम धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ मंदिर परिसर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और जनकल्याणकारी कार्यों को गति देगा। इंद्रदत्त लखनपाल अपनी सादगी, निष्पक्ष छवि और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। उनकी इस नई जिम्मेदारी से ट्रस्ट के कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ने की उम्मीद है। नियुक्ति की खबर मिलते ही बड़सर क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया। लोगों ने मिठाइयां बांटकर शुभकामनाएं दीं और इसे बाबा का आशीर्वाद बताया। स्थानीय नागरिकों को विश्वास है कि यह अवसर विकास, आस्था और जनकल्याण का सशक्त संगम साबित होगा।

# पपलाह कृषि सहकारी सभा के पुनरुत्थान की दिशा में बड़ा कदम

## सहकारी सभा कक्कड़ के सचिव भवानी शर्मा को जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत वर्ष 1928 में स्थापित दी पपलाह कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित कभी क्षेत्र की एक अत्यंत प्रतिष्ठित संस्था मानी जाती थी। लगभग 100 वर्ष पुराने इतिहास वाली यह सभा विशेष रूप से 1950 के दशक में अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रसिद्ध रही। उस समय यहां से भोरंज क्षेत्र की विभिन्न सहकारी सभाओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जाती थी, जिसके कारण इसे 'रेल हेड' के नाम से भी जाना जाता था। समय के साथ प्रबंधक समितियों की निष्क्रियता और कर्मचारियों की कमी ने सभा की कार्यप्रणाली को प्रभावित किया। धीरे-धीरे यह संस्था घाटे में चली गई और लोगों का विश्वास भी कम होता गया।

वर्तमान में स्थिति यह है कि यह सहकारी सभा बंद होने के कगार पर पहुंच चुकी है, जिससे क्षेत्र में चिंता का माहौल है। इस स्थिति को सुधारने के लिए प्रबंधक समिति ने एक अहम निर्णय लिया है। सभा के प्रधान किशोरी लाल के नेतृत्व में पपलाह सहकारी सभा के सचिव का कार्यभार अब सहकारी सभा कक्कड़ के सचिव भवानी शर्मा को सौंपा गया है। कार्यभार संभालते हुए भवानी शर्मा ने भरोसा दिलाया कि वे आगामी पांच महीनों में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की। इस निर्णय से क्षेत्रवासियों में नई उम्मीद जगी है कि यह ऐतिहासिक संस्था फिर से अपनी पहचान स्थापित करेगी।



### आज होने वाले वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के तहत 22 अप्रैल को प्रस्तावित वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिए गए हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के अनुसार वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की नई तिथि शीघ्र ही निर्धारित कर दी जाएगी।

# दाड़ला भलेठ की महिला की ब्यास में डूबने की आशंका

- महिला को खोजने के लिए गोताखोरों टीम ने चलाया अभियान
- पुलिस और गोताखोरों की टीम को नहीं लगा को सुराग

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** उपमंडल सुजानपुर की दाड़ला भलेठ पंचायत में एक 35 वर्षीय महिला की ब्यास नदी में डूबने की आशंका जताई जा रही है। महिला के परिजनों ने रविवार देर रात सुजानपुर थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। महिला के परिजनों ने बताया कि वह घर से बिना बताए गायब हो गई थी। स्थानीय लोगों ने महिला को ब्यास नदी के किनारे पर जाते हुए देखा था, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि उसने नदी में छलांग लगा दी हो।

सूचना मिलने के बाद सुजानपुर पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की टीम ने ब्यास नदी के विभिन्न स्थानों पर तलाशी शुरू की। सोमवार को भी सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन महिला का कोई पता नहीं चला। मंगलवार को भी तलाशी अभियान जारी रखा गया। इस बार ग्रह रक्षा विभाग के ड्राइवरों को भी विशेष रूप से अभियान में शामिल किया गया। कंपनी कमांडर प्रवीण कुमार ने बताया कि महिला के नदी में डूबने की आशंका के चलते सर्च ऑपरेशन को और तेज किया गया है। सुजानपुर थाना के एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि गोताखोरों की टीम नदी में उतरकर तलाश कर रही है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। पुलिस, गोताखोरों और स्थानीय लोगों की टीम पूरी कोशिश कर रही है कि महिला का पता लगाया जा सके। हालांकि, यह हादसा या किसी अन्य कारण का मामला हो सकता है, और सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा।

### स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में न डालें बाधा

- सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से की विशेष अपील

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के विद्युत उपमंडल-2 के सहायक अभियंता सौरभ राय ने जानकारी दी कि भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत पुराने बिजली मीटरों को चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन मीटरों की स्थापना के लिए उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त आर्थिक भार नहीं डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के संशोधित विनियम-2026 के अनुसार, जिन क्षेत्रों में संचार नेटवर्क उपलब्ध है, वहां निर्धारित समय सीमा में सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर उपलब्ध कराना अनिवार्य है। विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 163 (1) के तहत अधिकृत अधिकारी को मीटर की जांच, मरम्मत या प्रतिस्थापन के लिए परिसर में प्रवेश का अधिकार है। वहीं, धारा 163 (3) के अनुसार, यदि कोई उपभोक्ता कार्य में बाधा डालता है, तो 24 घंटे की लिखित सूचना के बाद उसकी बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से काटी जा सकती है। सौरभ राय ने बताया कि हमीरपुर में यह कार्य अधिकृत एजेंसी मैसर्स अप्रावा हमीरपुर स्मार्ट मीटर प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ उपभोक्ता सहयोग नहीं कर रहे, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्मार्ट मीटर से बिजली दरों या सब्सिडी में कोई बदलाव नहीं होगा और सभी से सहयोग की अपील की।

# बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना पार्टी का लक्ष्य: संजय



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कॉन्फ्रेंस की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बड़सर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि पार्टी का पहला लक्ष्य बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी पंचायत चुनावों में कांग्रेस विचारधारा के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही जिला परिषद चुनावों के लिए भी पार्टी संगठन जिताऊ उम्मीदवारों के चयन पर नजर बनाए हुए है। संजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं को समान दृष्टि से देखा जाता है और जो कार्यकर्ता निष्ठा से पार्टी के लिए काम करता है, उसे पूरा सम्मान दिया जाता है। उन्होंने भरोसा जताया कि इसी एकजुटता के बल पर आने वाले चुनावों में कांग्रेस विचारधारा को मजबूती मिलेगी। ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे सभी को साथ लेकर संगठन को और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से पार्टी को नई दिशा मिलेगी। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष ढटवलिया, हिमुडा डायरेक्टर इंजीनियर राजेश बन्याल, बोर्ड डायरेक्टर कृष्णा चौधरी, नरेश लखनपाल, कमल पठानिया, रुबल ठाकुर नशा निवारण बोर्ड, नशा निवारण बोर्ड सदस्य, परमजीत शर्मा उर्फ डैंफा मंत्री, रमा शंकर, पवन शर्मा, सतीश बन्याल, रतन चंद शर्मा अकंपूर्व प्रधान ननावां पवन कालिया, एसी मोर्चा अध्यक्ष हरीश इंजीनियर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिया के परिजनों को सौंपी आर्थिक सहायता

## एसवीएन कॉलेज स्टाफ व स्टूडेंट्स ने दिए 10,200 रुपए



परमार बस स्टाफ ने भी 2000 रुपए देकर किया सहयोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** सरकाघाट उपमंडल के नैण गांव में सिया के परिजनों को विभिन्न सामाजिक संगठनों व लोगों की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

उपमंडल भोरंज के एसवीएन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हमीरपुर (तरक्वाड़ी) के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने मिलकर 10,200 रुपए की राशि एकत्रित की। कॉलेज के प्रतिनिधिमंडल ने सिया के घर पहुंचकर यह राशि उनके परिजनों को सौंपी और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। वहीं, परमार बस सेवा के स्टाफ ने भी संवेदनशीलता दिखाते हुए 2,000 रुपए की अतिरिक्त राशि भेंट की।

लोगों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज में एकजुटता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।

### क्रिकेट स्पर्धा में राज राजेश्वरी कॉलेज की टीम बनी उपविजेता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा की क्रिकेट टीम ने भदरो क्रिकेट क्लब घुमारवीं द्वारा आयोजित शहीद अंकिश मेमोरियल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। इस सफलता में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान के नेतृत्व में टीम ने अनुशासन, खेल भावना और टीमवर्क का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। डॉ. धीमान की रणनीतिक सोच और प्रोत्साहन से टीम ने हर चुनौती का सामना किया। सुनील कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' चुना गया, जो उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतीक है। कॉलेज के चेयरमैन मनजीत सिंह और सचिव कुलवीर ठाकुर ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस जीत से संस्थान का खेल क्षेत्र में गौरव बढ़ेगा और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# आकाश इंस्टीट्यूट का जेईई मेन्स में दबदबा, सारांश प्रदेश के द्वितीय टॉपर



अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट हमीरपुर ने लगातार चौथे साल जेईई मेन्स में अपना दबदबा कायम रखते हुए शानदार सफलता दर्ज की है। जहां दर्जनों छात्रों ने 90+ फीसदी आकंड़ा पार किया है। 99.71 फीसदी अंकों के साथ सारांश सूद के सिटी टॉपर और हिमाचल के द्वितीय टॉपर बनकर उभरे हैं।

वहीं, सक्षम धीमान (99.01), अनहद शर्मा (98.86), शिवांश कौशल (97.91), आर्यन (97.56), यशस्वी (97.41), अर्पित जगोता (96.24), अमर्तांश जायसवाल (95.6) और नेनो (94.97) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

इस मौके पर संस्थान में होनहार स्टूडेंट को सम्मानित किया गया। आकाश संस्थान के हेड राकेश कुमार ने बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी बेहतर परिणाम से छात्र गदगद हैं।

# केंद्र की उड़ान योजना में नाम, जमीन पर काम शून्य

अनंत ज्ञान


उपायुक्त चंबा के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजते हुए। अनंत ज्ञान

**चंबा।** डलहौजी-चंबा क्षेत्र में हवाई संपर्क को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मनीष सरीन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल के माध्यम से पूछा है कि जब केंद्र की उड़ान योजना में इस क्षेत्र को स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है, तो फिर अब तक इन परियोजनाओं को आगे क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा सबसे बड़ा सवाल यही बन गया है।

पत्र में बताया गया है कि डलहौजी को जल हवाई अड्डे के रूप में चिन्हित किया जा चुका है व यहां जल विमान सेवाएं शुरू करने की पूरी संभावना है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती, लेकिन राज्य स्तर पर आवश्यक बुनियादी ढांचे को लेकर कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही। इसी तरह चंबा के हेलिपोर्ट को भी योजना में शामिल किया गया है, फिर भी आज तक इसका संचालन शुरू नहीं हो पाया। सवाल उठ रहा है कि जब नीति तैयार है, स्थान चिन्हित हैं और केंद्र की ओर से मार्ग भी साफ है, तो आखिर बाधा कहां है और किस स्तर पर यह योजनाएं अटकी हुई हैं। मनीष सरीन ने यह भी चिंता जताई कि डलहौजी-चंबा के लिए अब तक नया हवाई अड्डा बनाने का प्रस्ताव तक आगे नहीं भेजा गया, जिसके कारण यह महत्वपूर्ण परियोजना विचाराधीन ही नहीं आ पाई। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए और क्षेत्र को हवाई संपर्क से जोड़ा जाए। इस मुद्दे की प्रति केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु को भी भेजी गई है, ताकि केंद्र स्तर पर भी ध्यान आकर्षित किया जा सके, अब जनता के बीच यही चर्चा है कि योजनाएं कागजों में सीमित क्यों हैं और डलहौजी-चंबा को विकास की उड़ान से दूर क्यों रखा जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान समाजसेवी राजेश चोभियाल, इच्छा राम टंडन, योगराज महाजन और रजत शर्मा भी मौजूद रहे।

# चूड़ी स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापना की प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान

◆ **सभी औपचारिकताओं को पूरा करने में करीब 50 दिन का लग सकता है समय**

**धरवाला/चंबा।** भरमौर विधानसभा क्षेत्र के चूड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापना को लेकर आखिरकार ठोस कदम उठाए गए हैं।

वर्षों से चली आ रही मांग के बाद अब यह प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलने जा रही है, अब तक क्षेत्रवासियों के पास जांच के लिए चंबा मुख्यालय जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। वहां भी मरीजों को लंबी-लंबी कतारों में घंटों खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था, जिससे समय व पैसे दोनों की भारी बर्बादी होती थी। खासकर गर्भवती महिलाओं व बुजुर्गों के लिए यह परेशानी और भी ज्यादा थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज द्वारा आयोजित विभागीय बैठक में इस परियोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी तकनीकी व प्रशासनिक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जाएं और किसी भी प्रकार की देरी न हो। अधिकारियों के अनुसार, सभी औपचारिकताओं को पूरा करने में करीब 50 दिन का समय लग सकता है। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित कर दी जाएगी।

स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उनका कहना है कि अब उन्हें छोटी-छोटी जांच के लिए भी दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा व अस्पतालों की भीड़ से भी राहत मिलेगी। चूड़ी में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू होना न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समय पर बेहतर इलाज भी सुनिश्चित करेगा।

# चंबा हाफ मैराथन में आशीष का जलवा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में राजपूत कल्याण सभा द्वारा आयोजित हाफ मैराथन कार्यक्रम में खेल के साथ-साथ सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। इस अवसर पर जिला चंबा के उभरते कलाकार आशीष कुमार ने अपनी शानदार प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा और कार्यक्रम में खास आकर्षण का केंद्र बने रहे। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने आशीष कुमार की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा कलाकार अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं व इन्हें प्रोत्साहन मिलना बेहद जरूरी है। आशीष कुमार इससे पहले भी विभिन्न मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत चुके हैं। उन्हें कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव भारद्वाज सहित कई दिग्गज नेताओं द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। आशीष कुमार की लगातार मिल रही उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि वह आने वाले समय में प्रदेश की संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

# बकलोह में सैन्य आस्था का संगम, गुरु गोरखनाथ मंदिर में की विधिवत पूजा

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला चंबा के भाटियात क्षेत्र के बकलोह में तीसरे दिन सैन्य आस्था व परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सील हिल के पास पहाड़ी पर स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर में 14 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र सबाथू, 15 राष्ट्रीय राइफल्स और 4/4 गोरखा राइफल्स की विभिन्न इकाइयों के अधिकारी, जेसीओ व जवान श्रद्धा के साथ नतमस्तक हुए।

सुबह करीब 9 बजे विधि-विधान के साथ पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विभिन्न इकाइयों से आए धर्मगुरुओं ने मंत्रोच्चारण के बीच गुरु गोरखनाथ जी का अभिषेक किया और उन्हें नूतन वस्त्र व जनेऊ धारण करवाया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस विशेष अवसर पर 14 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र सुबाथू के केंद्र कमांडेंट पुनीत शर्मा अपनी धर्मपत्नी ज्योतिका शर्मा के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। करीब 11 बजे इकाई के जवानों द्वारा बाबा जी को रोट चढ़ाकर प्रसाद अर्पित किया गया। इसके बाद स्थानीय महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को और भी श्रद्धामय बना दिया और आरती उतारी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के अंतिम दिन पांचों इकाइयों के जवान अपने कुलदेवी काली मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके साथ ही 4/4 गोरखा राइफल्स के भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए सामूहिक मिलन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। समापन समारोह में 4/4 गोरखा राइफल्स के कर्नल ऑफ द रेजीमेंट मेजर जनरल बलबीर सिंह मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे, जिससे इस धार्मिक आयोजन का महत्व और भी बढ़ गया है।

# गुरु नानक व पब्लिक स्कूल ने पुलिस को भेंट किए ट्रैफिक कोण व बैरिकेड्स

अनंत ज्ञान




**अजीत सिंह/डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में यातायात व्यवस्था को सुचारु व सुरक्षित बनाने की दिशा में दो शिक्षण संस्थानों ने सराहनीय योगदान दिया है। गुरु नानक पब्लिक स्कूल, डलहौजी व पब्लिक स्कूल, डलहौजी ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक कोण व बैरिकेड्स भेंट किए हैं, जिनका उपयोग अब शहर में यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है।

पुलिस प्रशासन ने इन संसाधनों को शहर के प्रमुख चौकों व संवेदनशील स्थानों पर स्थापित करना शुरू दिया है, जिससे ट्रैफिक की आवाजाही अधिक व्यवस्थित व सुरक्षित हो सके। विशेषकर पर्यटन सीजन के दौरान बढ़ने वाली वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने में ये उपकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डीएसपी डलहौजी मयंक शर्मा ने इस सराहनीय पहल के लिए डलहौजी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ. कैप्टन जीएस ढिल्लों और गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य नवदीप भंडारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों का इस प्रकार का सहयोग पुलिस प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे शहर में अनुशासन व सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलती है।

# जोगिंद्रनगर में बिना परमिट शराब की बड़ी खेप पकड़ी वाहन से 60 बोतल बरामद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वाहन से 60 बोतल शराब बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार सेठी कुमार निवासी वीपीओ दोहग, तहसील जोगिंद्रनगर की गाड़ी नंबर एचपी 29बी-1201 की तलाशी के दौरान 48 बोतल ऊना नंबर-1 तथा 12 बोतल रॉयल स्टैग (प्रत्येक 750 मिलीलीटर) बिना परमिट के पाई गईं। पुलिस ने मौके पर ही शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में अवैध शराब की गतिविधियों पर नजर रखते हुए यह कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा आगे भी ऐसे मामलों में सख्ती बरती जा रही है, ताकि अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके। इस मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने की है।

# महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन की कोशिश नाकाम : करतार ठाकुर

अनंत ज्ञान



**चंबा।** महिला आरक्षण बिल को लेकर देशभर में जारी बहस के बीच चंबा से एक बड़ा राजनीतिक बयान सामने आया है। राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड हिमाचल प्रदेश के गैर सरकारी सदस्य करतार सिंह ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल की आड़ में परिसीमन बिल को पारित करवाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन विपक्षी दलों की सतर्कता के चलते यह रणनीति सफल नहीं हो सकी। उनके अनुसार, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल महिला आरक्षण के पक्षधर हैं, लेकिन परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को बिना व्यापक चर्चा के आगे बढ़ाना उचित नहीं है। ठाकुर ने कहा कि विपक्ष पहले ही सरकार की मंशा को भांप चुका था, जिसके चलते यह प्रस्ताव सदन में टिक नहीं पाया। उन्होंने याद दिलाया कि महिलाओं को आरक्षण देने की पहल पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में शुरू हुई थी, जिसका परिणाम आज पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी के रूप में देखने को मिलता है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिना जनगणना के लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाना व नए सिरे से सीमांकन करना न्यायसंगत नहीं है। साथ ही, इस विषय पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन व विस्तृत चर्चा के बिना विशेष सत्र में बिल लाने को उन्होंने संदिग्ध करार दिया। अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नारी सशक्तिकरण की समर्थक रही है व केंद्र सरकार को चाहिए कि वह मौजूदा 543 लोकसभा सीटों में ही महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाए, न कि जनता को भ्रमित करने वाले प्रयास करे।

# बैरा स्यूल परियोजना में मजदूरों का हल्ला बोल

## नौकरी से हटाए गए दुनी चंद की बहाली को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया

अनंत ज्ञान


सीटू के बैनर तले धरना-प्रदर्शन करते हुए श्रमिक। अनंत ज्ञान

**तीसा।** बैरा स्यूल परियोजना, सुरंगानी में मजदूरों का आक्रोश खुलकर सामने आया, जब बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले बड़ी संख्या में श्रमिकों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कंट्रोल रूम डैम साइट, तीसा में कार्यरत रहे दुनी चंद को 10 अप्रैल, 2026 से सेवा से हटाए जाने के विरोध में किया गया।

धरने का नेतृत्व सीटू जिला चंबा के महासचिव सुदेश ठाकुर की मौजूदगी में हुआ, जहां मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और फैसले को अन्यायपूर्ण करार दिया। यूनियन का आरोप है कि दुनी चंद को 58 वर्ष की आयु का हवाला देकर हटाया गया, जबकि सेवानिवृत्ति की निर्धारित आयु 60 वर्ष है, क्योंकि एनएचपीसी लिमिटेड भारत सरकार का उपक्रम है, इसलिए यहां केंद्र सरकार के नियम लागू होने चाहिए। यूनियन नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस तरह की कार्रवाई को तुरंत नहीं रोका गया, तो यह केवल एक कर्मचारी का मामला नहीं रहेगा, बल्कि अन्य कर्मचारियों की नौकरी भी खतरे में पड़ सकती है।

उन्होंने प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले भी इस मुद्दे को बातचीत के माध्यम से सुलझाने की कोशिश की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। धरना-प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने एकजुटता दिखाते हुए साफ कहा कि जब तक दुनी चंद की बहाली नहीं होती, तब तक आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। इस दौरान धर्म चंद, लौकी ठाकुर, सुरेंद्र, सुनील समेत कई यूनियन नेताओं ने भी मजदूरों को संबोधित किया और संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। बैरा स्यूल परियोजना में उठी यह आवाज अब एक बड़े श्रमिक आंदोलन का रूप लेती नजर आ रही है, जहां मजदूर अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए आर-पार के मूड में हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## मकान से अवैध शराब बरामद, 16 बोतलें कब्जे में

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने कार्रवाई में अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार राज कुमार निवासी गांव रोपा पधर, तहसील जोगिंद्रनगर के मकान की तलाशी के दौरान 16 बोतल ऊना नंबर-1 (प्रत्येक 750 मिलीलीटर) बिना परमिट के बरामद की गईं। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है व जांच आगे बढ़ाई जा रही है। स्थानीय स्तर पर अवैध शराब की बिक्री व भंडारण को रोकने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।इस कार्रवाई की पुष्टि पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने की है।

## टिप्पर ने खड़े वाहन को मारी टक्कर, चालक काबू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** औट थाना क्षेत्र के तहत टकोली के पास एक सड़क हादसे में लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार टिप्पर नंबर एचपी 45-4447 के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़े वाहन एचपी 87एए 7246 को टक्कर मार दी व मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चालक को पकड़ लिया। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुष्टि की है।

## 330 चालान व 44 कोटपा मामलों में जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 330 चालान किए, जबकि कोटपा के तहत 44 मामलों में कार्रवाई की गई। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों से कुल 4400 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा व नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम लोगों से भी यातायात नियमों का पालन करने व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई है। इस पूरी कार्रवाई की पुष्टि पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने की है।

## वेदांत कुटीर मंडी में गूंजे वेद मंत्र




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी स्थित वेदांत कुटीर में आयोजित पांच दिवसीय शंकराचार्य जयंती समारोह का मंगलवार को विधिवत समापन हुआ, जिसमें संत-महात्माओं के सान्निध्य में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर साध्वी सेवानंद सरस्वती ने मंडी वासियों व बाहर से पधारे संतों का आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान संतों ने आदि शंकराचार्य के जीवन, उनके अद्वैत वेदांत दर्शन व सनातन धर्म को एक सूत्र में पिरोने में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच विशेष आरती, पूजन व हवन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान ब्रह्मचारी प्रणव चैतन को विधिवत सन्यास दीक्षा प्रदान कर उनका नाम स्वामी प्रणवानंद सरस्वती रखा गया। संतों ने कहा कि सन्यास केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या व लोक कल्याण का मार्ग है। दीक्षा उपरांत स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने गुरुजनों का आशीर्वाद लेकर समाज को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संदेश दिया। समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पुरीजी, स्वामी विष्णु चैतन्य तीर्थ, स्वामी विरागानंद गिरिजी महाराज, ब्रह्मनंद तीर्थ, कृपालानंद पुरी, स्वामी अरविंद पुरी, सर्व चैतन्य महाराज, चित प्रकाश, अखिलेश्वरनंद गिरी, निरंजन दास, महेंद्र चैतन्य महाराज व नारायण महाराज सहित अन्य संतों ने प्रवचन दिए। अंत में भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

# टीबी मुक्त चंबा अभियान को तेजी सांसद हर्ष महाजन से मिले सीएमओ

अनंत ज्ञान




**चंबा।** जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों को और गति देने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जिले में चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत हो रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में निक्षय वाहन के माध्यम से आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में गांव-गांव जाकर संभावित टीबी लक्षण वाले लोगों की पहचान की जा रही है, जहां उनकी छाती की जांच, बलगम परीक्षण के साथ-साथ बीपी व शुगर की जांच भी की जा रही है। इस पहल से दूरदराज क्षेत्रों में लोगों को समय रहते जांच और उपचार की सुविधा मिल रही है। बैठक के दौरान सांसद हर्ष महाजन ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। वहीं, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने निश्चय मित्र पहल के तहत टीबी रोगियों को गोद लेने की योजना की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला चंबा के सभी टीबी रोगियों को केंद्रीय भंडारण निगम, भारत सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए पोषण सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इस अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉक्टर निकेत और जिला टीबी कार्यक्रम समन्वयक नितेश कुमार भी मौजूद रहे। जिले में चल रहे इस व्यापक अभियान से उम्मीद जताई जा रही है कि चंबा जल्द ही टीबी मुक्त लक्ष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाएगा।

# जो ठान लिया, वो पूरा करके दिखाऊंगा : हर्ष महाजन

## हर्ष महाजन के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब, पांगी के लिए सुरंग-सड़क पर तेज हुई उम्मीद

अनंत ज्ञान


राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन का चंबा पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच हुए इस भव्य स्वागत में खास तौर पर पांगी घाटी व लाहौल से आए लोगों ने हिस्सा लिया। लोगों ने पांगी घाटी के लिए सुरंग व सड़क परियोजना को आगे बढ़ाने के प्रयासों पर सांसद का आभार जताया।

इस दौरान राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन का एक बयान लोगों के बीच जोश भर गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'जो काम मैं अपने हाथ में लेता हूं, उसे पूरा करके ही दिखाता हूं।' और यह काम होकर ही रहेगा, इस आश्वासन ने वर्षों से उपेक्षा और कठिनाइयों से जूझ रहे पांगी क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद जगा दी। पांगी घाटी के निवासियों की पीड़ा किसी से छिपी नहीं है। कनेक्टिविटी के अभाव के चलते सर्दियों में उन्हें अपने ही जिला मुख्यालय चंबा पहुंचने के लिए 700 से 800 किलोमीटर तक का लंबा व कठिन सफर तय करना पड़ता है। ऐसे में प्रस्तावित सड़क और सुरंग परियोजना उनके जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। बताया गया कि बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के प्रोजेक्ट दीपक द्वारा इस मार्ग को लेकर विस्तृत प्रस्ताव उच्च मुख्यालय को भेजा जा चुका है। इस प्रस्ताव में इसे राष्ट्रीय अवसंरचना विकास कार्यक्रम में शामिल करने की सिफारिश की गई है, क्योंकि यह क्षेत्र सामरिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील है और भारत-पाकिस्तान सीमा तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट स्थित है। यह मार्ग न केवल पांगी घाटी के लोगों के लिए जीवनरेखा साबित होगा, बल्कि सेना की आवाजाही और रसद आपूर्ति के लिए भी एक अहम वैकल्पिक रास्ता बन सकता है। विशेष परिस्थितियों में मनाली-लेह और रोहतांग मार्ग बाधित होने पर यह मार्ग रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। करीब 14,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित साच दर्रा व प्रस्तावित तीसा-चैहणी सुरंग इस परियोजना की धुरी माने जा रहे हैं। सुरंग के निर्माण से चंबा से किलाड़ की दूरी लगभग 88 किलोमीटर तक कम हो सकती है, जिससे पांगी घाटी में सालभर आवागमन संभव होने की उम्मीद है। फिलहाल यह मार्ग राज्य लोक निर्माण विभाग के अधीन है, लेकिन इसे बीआरओ को सौंपने की सिफारिश की गई है, ताकि केंद्र सरकार की मदद से निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। रा'य सरकार भी इस प्रस्ताव के समर्थन में खड़ी है। यदि इस परियोजना को रणनीतिक दर्जा मिलता है, तो यह केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती नहीं देगा, बल्कि चंबा और पांगी क्षेत्र के लिए पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि यह बहुप्रतीक्षित सपना कब हकीकत में बदलता है।

# चंबा में 1236 बालिकाओं को मिला सुरक्षा कवच

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में जिला चंबा ने सराहनीय प्रगति दर्ज की है। जिले ने 1000 का आंकड़ा पार करते हुए अब तक 1236 बालिकाओं को यह जीवनरक्षक टीका लगाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलेभर में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 5452 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 1236 बालिकाओं को अब तक टीका लगाया जा चुका है। यह कुल लक्ष्य का 22.7 प्रतिशत है, जो अभियान की सकारात्मक दिशा को दर्शाता है। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य खंडों में भी टीकाकरण की गति तेज रही है। पुखरी में 194, तीसा में 169, किहार में 221, चूड़ी में 173, किलाड़ में 104, भरमौर में 174 तथा समोट में 201 बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए आगे आएं व स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

# 'वॉइस ऑफ चंबा' व 'डांस चंबा डांस' ऑडिशन में युवाओं ने बिखेरा जलवा

अनंत ज्ञान



**डलहौजी।** चंबा जिले के पहले टीवी रियलिटी शो 'वॉइस ऑफ चंबा' और 'डांस चंबा डांस' के ऑडिशन बचत भवन, डलहौजी में उत्साह व उमंग के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुए। जिले के कोने-कोने से पहुंचे प्रतिभाशाली युवाओं ने मंच पर अपनी कला का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि 'नशा मुक्त हिमाचल' का सशक्त संदेश भी युवाओं तक पहुंचाया गया। आयोजकों ने प्रतिभागियों को नशे से दूर रहकर अपनी प्रतिभा को सही दिशा देने के लिए प्रेरित किया, जिससे कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता का भी माध्यम बना। इस अवसर पर डलहौजी विधायक डीएस ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के मंच युवाओं को अपनी पहचान बनाने का अवसर देते हैं व उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही, उन्होंने आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में जज की भूमिका में डांसर एवं मॉडल ऋतिका ठाकुर और पहाड़ी लोक गायक मेहर सिंह मौजूद रहे। दोनों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया और अपने अनुभवों के आधार पर उन्हें महत्वपूर्ण सुझाव दिए। ऑडिशन के दौरान गायन व नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। हर प्रस्तुति में प्रतिभागियों का आत्मविश्वास व जुनून साफ झलक रहा था, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन के पीछे 'वॉइस ऑफ चंबा' के फाउंडर विजय भवानी की अहम भूमिका रही, जबकि निर्देशन विशाल ठाकुर ने किया। दोनों के समन्वय व मेहनत से यह कार्यक्रम न केवल सफल रहा, बल्कि जिले की उभरती प्रतिभाओं के लिए एक नया मंच भी बन गया।

**कार्यालय खंड विकास अधिकारी बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी पंचायत चुनाव वर्ष 2026 की निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु विकास खंड बालीचौकी में आवश्यक प्रबंधन के लिए टेंट, कुर्सी, मेज, बिस्तर, खान पान व अन्य व्यवस्था की आपूर्ति के लिए इच्छुक, अनुभवी एवं पात्र फर्मों/ आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं (Sealed Tenders) आमंत्रित की जाती हैं। आपूर्ति की प्रमुख सामग्रीः **टेंट, कुर्सी, मेज, बिस्तर, खान पान व अन्य व्यवस्था**

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः **27.04.2026, सायं 5:00 बजे** तक निविदा खोलने की तिथि एवं समयः **28.04.2026, प्रातः 11:30 बजे** (या तत्पश्चात) स्थानः कार्यालय खंड विकास अधिकारी, बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)

(खंड विकास अधिकारी)
विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी (हि.प्र.)

क्रमांकः 329/रीडर
दिनांक : 04/04/2026

**मुशत्री मुनादी**

कृष्ण कुमार पुत्र कशमीरी लाल पुत्र अमीं चन्द वासी गांव पंडोगा उप-तहसील ईसपुर जिला ऊना (हि.प्र.) ...वादी

**बनाम आम जनता**

...प्रतिवादी

दरखास्त बुमराद दरुस्ती नाम राजस्व रिकार्ड उप महाल पंडोगा उपरला, पंडोगा, पंडोगा निचला उप तहसील ईसपुर, जिला ऊना (हि.प्र.)

**नोटिस बनाम प्रतिवादी-** कृष्ण कुमार पुत्र कशमीरी लाल पुत्र अमीं चन्द वासी गांव पंडोगा उप-तहसील ईसपुर जिला ऊना (हि.प्र.)। ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र दरुस्ती नाम प्रस्तुत किया कि उप महाल पंडोगा उपरला, पंडोगा, पंडोगा निचला उप तहसील ईसपुर जिला ऊना के राजस्व रिकार्ड में उसका नाम किशन चन्द पुत्र कशमीरी लाल गलत दर्ज हुआ है जिसकी दरुस्ती करके राजस्व रिकार्ड उप महाल पंडोगा उपरला, पंडोगा, पंडोगा निचला में उसका नाम कृष्ण कुमार पुत्र कशमीरी लाल दर्ज किया जावे ।

अतः इस इश्तहार समाचार पत्र के माध्यम से सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को नाम दरुस्ती बारे कोई आपत्ति हो तो वह अपना उजर लिखित या मौखिक तौर पर इस न्यायालय में तारीख पेशी 05.05.2026 प्रातः 10 बजे से लेकर 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तारीख पेशी तक उजर प्राप्त न होने की सूरत में यक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दरूस्ती बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। निर्धारित तारीख पेशी के उपरान्त कोई भी उजर कावले समायत ना होगा।

**नायव तहसीलदार सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी उप तहसील ईसपुर जिला ऊना हि.प्र.**

समस्त भारतीय भाषाओं के लिए यदि कोई एक लिपि आवश्यक हो तो वह देवनागरी ही हो सकती है।

–न्यायमूर्ति कृष्णास्वामी अय्यर

## संपादकीय

# लोकतंत्र की निष्पक्षता

हिमाचल प्रदेश एक बार फिर चुनावी माहौल में प्रवेश कर चुका है। राज्य चुनाव आयोग ने नगर निकाय चुनावों की घोषणा कर दी है और अब पंचायत चुनावों का इंतजार भी जल्द ही खत्म होने वाला है। जैसे ही पंचायत चुनावों का ऐलान होगा, पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी और शासन-प्रशासन की गतिविधियां सख्त नियमों के दायरे में आ जाएंगी। यह समय न केवल राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि मतदाताओं के लिए भी एक बड़ी जिम्मेदारी का दौर है।

आदर्श आचार संहिता का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावमुक्त बनाना होता है। इसके लागू होते ही सरकार और प्रशासन के सामान्य कामकाज पर कई तरह की पाबंदियां लग जाती हैं। मंत्री, विधायक, सलाहकार और विभिन्न बोर्ड-निगमों के पदाधिकारी चुनाव प्रचार के दौरान सरकारी संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकते। सरकारी वाहनों का इस्तेमाल चुनावी गतिविधियों में प्रतिबंधित कर दिया जाता है, ताकि सत्ता का दुरुपयोग न हो और सभी प्रत्याशियों को समान अवसर मिल सके। इसके अलावा, सरकार शहरी क्षेत्रों में नई योजनाओं या परियोजनाओं की घोषणा, शिलान्यास या उद्घाटन नहीं कर सकती। यह प्रतिबंध इसलिए लगाया जाता है ताकि चुनाव के दौरान कोई भी लोकलुभावन घोषणा मतदाताओं को प्रभावित न कर सके। लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह जरूरी है कि मतदाता किसी लालच या दबाव में नहीं, बल्कि अपने विवेक से निर्णय लें।

चुनाव आयोग की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उसे न केवल चुनावों का संचालन करना होता है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी होता है कि हर स्तर पर नियमों का पालन हो। सरकारी खर्च पर नए फैसले लेना, नई भर्तियों के विज्ञापन जारी करना, या बड़े पैमाने पर ट्रांसफर और पोस्टिंग करना भी चुनाव आयोग की अनुमति के बिना संभव नहीं होता। इससे प्रशासनिक मशीनरी के दुरुपयोग को रोका जाता है और निष्पक्ष वातावरण बनाए रखने में मदद मिलती है।

हालांकि, केवल सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी ही पर्याप्त नहीं है। मतदाताओं की भूमिका भी उतनी ही अहम है। उन्हें चाहिए कि वे संयम और जागरूकता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चुनाव केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी उसकी जिम्मेदारी और अधिकार दोनों है। एक सही प्रत्याशी का चयन विकास और सुशासन की दिशा तय करता है, जबकि गलत निर्णय लंबे समय तक नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। विशेष रूप से, चुनावों के दौरान शराब और अन्य नशे के उपयोग पर सख्ती से नियंत्रण जरूरी है। अक्सर देखा गया है कि कुछ लोग थोड़े से लालच में आकर अपने वोट को बेच देते हैं, जो कि लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। हिमाचल प्रदेश में हाल के वर्षों में नशे की समस्या बढ़ी है, और चुनावों के दौरान इसका दुरुपयोग होने की संभावना भी अधिक रहती है। यदि इस पर कड़ा नियंत्रण नहीं रखा गया, तो यह न केवल चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करेगा, बल्कि समाज पर भी नकारात्मक असर डालेगा।

सरकार को भी इस समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, पक्षपातपूर्ण निर्णय या किसी विशेष वर्ग को लाभ पहुंचाने की कोशिश चुनावी नैतिकता के खिलाफ है। यदि ऐसा होता है, तो यह न केवल चुनाव आयोग की सख्ती को चुनौती देता है, बल्कि लोकतंत्र की नींव को भी कमजोर करता है। आदर्श आचार संहिता केवल एक नियमों का सेट नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का एक सशक्त माध्यम है। इसका पालन करना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है।

सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, प्रशासनिक अधिकारियों और मतदाताओं को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हों। हिमाचल प्रदेश के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां वह अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत कर सकता है। यदि सभी पक्ष अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करें, तो यह चुनाव न केवल सफल होंगे, बल्कि आने वाले समय के लिए एक सकारात्मक उदाहरण भी स्थापित करेंगे। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्म निर्माता-निर्देशक



बीआर चोपड़ा
**जन्म :** 22 अप्रैल, 1914
**मृत्यु :** 5 नवंबर, 2008

**बलदेव राज चोपड़ा,** जिन्हें सिने जगत में बीआर चोपड़ा के नाम से जाना जाता है, भारतीय हिंदी सिनेमा के उन महान फिल्मकारों में से एक थे जिन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उनका जन्म 22 अप्रैल 1914 को लुधियाना में हुआ था और 5 नवंबर 2008 को मुंबई में उनका निधन हुआ। लगभग पांच दशकों तक उन्होंने भारतीय सिनेमा में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखी।

बीआर चोपड़ा ने अपनी शिक्षा गवर्नमेंट कॉलेज लाहौर से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर के रूप में पूरी की। बचपन से ही उनका झुकाव फिल्मों की ओर था और वे इस क्षेत्र में कुछ बड़ा करना चाहते थे। देश के विभाजन के बाद उनका परिवार दिल्ली आ गया, लेकिन अपने सपनों को साकार करने के लिए वे मुंबई चले गए।

उन्होंने अपने करियर की शुरुआत फिल्म पत्रकारिता से की और 'सिने हेराल्ड' पत्रिका में फिल्म समीक्षाएं लिखीं। धीरे-धीरे उन्होंने फिल्म निर्माण की ओर कदम बढ़ाया। प्रारंभिक असफलताओं के बाद 1951 में फिल्म 'अफसाना' की सफलता ने उन्हें पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने 'बीआर फिल्म्स' की स्थापना की और 'नया दौर' जैसी ऐतिहासिक फिल्म बनाई, जिसने उन्हें सफलता के शिखर पर पहुंचा दिया। उनकी फिल्मों की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे सामाजिक मुद्दों को केंद्र में रखकर बनाई जाती थीं। 'साधना', 'कानून', 'गुमराह' और 'हमराज' जैसी फिल्मों में उन्होंने विधवा पुनर्विवाह, वेश्यावृत्ति और नैतिक मूल्यों जैसे विषयों को उठाया। ■

## गज़ल

### आओ पृथ्वी दिवस मनाएं



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

रवि कुमार, मैहरी काथला, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

**धरा** का कर्ज चुकाएं। वर्ष 1970 में आयोजन प्रथम बार,
करीब दो सौ देश मनाते त्योहार। धरा जीवनदायिनी बने सदाबहार,
समुचित सामायिक चिंतन करे विश्व परिवार।
हमारी शक्ति-हमारा ग्रह, थीम है इस बार।
मानव डराता, भागो जीव-जंतु, यह तो अपना निवास स्थान।
व्यथित जीव-जंतु प्रति उत्तर देते, यह था हमारा पुस्तैदी मकान।
अब हम भी रहे कहां, विचार करें श्रेष्ठ मनु संतान।
पिघल रहे बर्फानी ग्लेशियर, ग्लोबल वार्मिंग का है असर।
आपदाएं नित बरसाती लहर, अल्पवृष्टि-अनावृष्टि का ढाते कहर।
अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा,जागो सुषुप्त प्राणी।
प्रकृति का इशारा समझ, हर दिन मनाएं पृथ्वी दिवस।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शारीरिक व्यायाम के अभाव में बच्चों में बढ़ती गंभीर समस्याएं



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज के आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने जहां मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, वहीं इसके कुछ नकारात्मक प्रभाव भी समाज पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से बच्चों और युवाओं में शारीरिक गतिविधियों की कमी एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रही है। यह केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास पर भी गहरा प्रभाव डाल रही है।

वर्तमान समय में देखा जाए तो अधिकांश बच्चे अपना अधिकतर समय मोबाइल फोन, टीवी और कंप्यूटर जैसे उपकरणों में व्यतीत कर रहे हैं। पहले जहां बच्चे मैदानों में खेलते थे, दौड़ते थे और विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लेते थे, वहीं आज वे डिजिटल दुनिया में सिमटते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह हो रहा है कि बच्चों में शारीरिक व्यायाम की आदत धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है।

शारीरिक व्यायाम के अभाव का सबसे बड़ा प्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। बच्चों में मोटापा, कमजोरी, थकान, आंखों की समस्या और हृदय से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इसके साथ ही उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर हो रही है, जिससे वे जल्दी-जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। यह स्थिति भविष्य में और भी गंभीर रूप ले सकती है यदि समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए। केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ता है।

जब बच्चे बाहर खेलने के बजाय अकेले मोबाइल या अन्य उपकरणों में व्यस्त रहते हैं, तो वे सामाजिक संपर्क से दूर हो जाते हैं। इससे उनमें अंतर्मुखी स्वभाव विकसित होने लगता है। वे अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाते और धीरे-धीरे तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं के शिकार हो सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, आज के बदलते पारिवारिक ढांचे ने भी इस समस्या को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चों को दादा-दादी और अन्य बुजुर्गों के साथ समय बिताने का अवसर मिलता था।

वे उनसे जीवन के अनुभव, संस्कार और परंपराओं की जानकारी प्राप्त करते थे। इससे उनका मानसिक और सामाजिक विकास संतुलित रूप से होता था। लेकिन आज के छोटे परिवारों में, जहां माता-पिता दोनों कामकाजी होते हैं, बच्चों को वह वातावरण नहीं मिल पाता। वे अकेलेपन का अनुभव करते हैं और धीरे-धीरे डिजिटल साधनों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। इस स्थिति का एक और गंभीर पहलू यह है कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों की कमी भी देखने को मिल रही है। जब बच्चों का संपर्क समाज, रिश्तेदारों और परंपराओं से कम हो जाता है, तो वे इन महत्वपूर्ण पहलुओं से अनजान रह जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप उनमें अनुशासन, सहनशीलता और सहयोग जैसी भावनाओं का विकास नहीं हो पाता।

आज समाज में कई ऐसी घटनाएं देखने को मिलती हैं जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती हैं। बच्चों और युवाओं में नशे की लत, बुरी संगत, आत्महत्या जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इन सबके पीछे कहीं न कहीं मानसिक कमजोरी और सामाजिक अलगाव प्रमुख कारण हैं।

यदि बच्चों को बचपन से ही स्वस्थ दिनचर्या, शारीरिक व्यायाम और सकारात्मक वातावरण मिले, तो इन समस्याओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। इस समस्या के समाधान के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना होगा।

सबसे पहले, माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को प्रतिदिन कुछ समय शारीरिक व्यायाम या खेलकूद के लिए प्रेरित करें। उन्हें मोबाइल और अन्य डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर नियंत्रण रखना चाहिए। साथ ही बच्चों के साथ समय बिताकर उनकी समस्याओं और भावनाओं को समझने का प्रयास करना चाहिए।

विद्यालयों की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। स्कूलों में खेलकूद और शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य और रोचक बनाया जाना चाहिए ताकि बच्चे इसमें रुचि लें। इसके अलावा, समाज और मीडिया को भी इस विषय पर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। जनहित में ऐसे कार्यक्रम और अभियान चलाए जाने चाहिए जो लोगों को शारीरिक व्यायाम के महत्व के बारे में समझाएं।

इसके साथ ही बच्चों को अपने आसपास के समाज, रिश्तेदारों और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्हें अपने इतिहास, रीति-रिवाजों और मूल्यों के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए ताकि वे एक संतुलित और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

यह कहा जा सकता है कि शारीरिक व्यायाम का अभाव केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो इसके दुष्परिणाम और भी गंभीर हो सकते हैं। इसलिए हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे बच्चे स्वस्थ, सक्रिय और संस्कारित बनें। यही एक सशक्त और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# 'हमारी शक्ति, हमारी धरती : मंडी की महिलाओं का हरित परिवर्तन'



तारा देवी सेन
सचिव, रोटरी क्लब, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हर वर्ष 22 अप्रैल को पूरी दुनिया पृथ्वी दिवस मनाती है- एक ऐसा दिन जो हमें यह याद दिलाता है कि धरती की रक्षा की जिम्मेदारी केवल नीतियों की नहीं, बल्कि हम सभी की है। वर्ष 2026 का विषय 'Our Power, Our Planet' इस बात पर जोर देता है कि असली बदलाव हमारी अपनी शक्ति, हमारी सोच और हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से ही संभव है,लेकिन यह थीम केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह तब जीवंत होती है जब हम इसे अपने आसपास घटित होते हुए देखते हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी में रोटरी क्लब द्वारा शुरू किया गया वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर इसका एक सशक्त उदाहरण है।

**जब 'Our Power' बनता है 'Our Planet' का सहारा :** जनवरी 2026 में शुरू हुआ यह प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। यहां 18-20 महिलाएं रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विभिन्न कौशल सीखती हैं और अपने जीवन को नई दिशा दे रही हैं। इस केंद्र की खास बात यह है कि यह केवल हुनर सिखाने का स्थान नहीं, बल्कि सस्टेनेबल लिविंग का एक बेहद जीवंत मॉडल है।

**प्रकृति से जुड़ता हुनर :** प्रशिक्षिका एवं उद्यमी संतोष सचदेवा के मार्गदर्शन में महिलाएं स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों से ईको-फ्रेंडली उत्पाद तैयार कर रही हैं। इन उत्पादों में उपयोग होने वाले प्रमुख पौधे हैं- पाइन (चीड़) गिरे हुए पाइन नीडल (चलारू), बैजयंती माला (सोर्नू), जंगली खजूर, कुश घास। यह कार्य कई स्तरों पर पृथ्वी दिवस की भावना को साकार करता है जैसे-जंगल में गिरे अपशिष्ट का उपयोग कर वनाग्नि के खतरे को कम करना, प्लास्टिक का प्राकृतिक विकल्प तैयार करना, जैव विविधता का संरक्षण और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक आजीविका से जोड़ना।




**हुनर से आत्मनिर्भरता तक :** यहां महिलाएं कई सुंदर और उपयोगी उत्पाद बनाती हैं जैसे-टी कोस्टर, पेन स्टैंड, फ्लावर पॉट, पूजा और रोटी रखने की टोकरियां, फूल और गजरे, ड्रीम कैचर, बैजयंती (सोर्नू) के बीजों से बने माला, झुमके और कंगन।

**बाजार और आय का स्रोत :** ये ईको-फ्रेंडली उत्पाद हर शुक्रवार और शनिवार को सेरी मंच, मंडी में बेचे जाते हैं। महिलाएं राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों और मेलों में भी भाग लेती हैं। मात्र 4-5 घंटे के कार्य से महिलाएं 7000-8000 रुपए तक की आय अर्जित कर रही हैं, जो उनके आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत उदाहरण है।

**बदलती जिंदगियां-असली 'पॉवर' :** इस पहल की सबसे बड़ी ताकत हैं यहां की महिलाएं। कुसुम-तांदी गांव से आकर पाइन वर्क और क्रोशे में निपुण बनीं, आज अपने हुनर से आजीविका कमा रही हैं। दिशा-जंगल से स्वयं कच्चा माल लाकर सुंदर टोकरियां बनाती हैं और अपने जीवन को सच में नई दिशा दी है। कल्पना जी-सेवानिवृत्त शिक्षिका, जिनका उत्साह आज भी प्रेरणा देता है। प्रियंका-महाराष्ट्र से आकर अपने समय का सदुपयोग करते हुए नए कौशल सीख रही हैं।

**परंपरा, पर्यावरण और आजीविका का संगम :** आज 'अवर पॉवर, अवर प्लैनेट' का अर्थ केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं, बल्कि ऐसा मॉडल बनाना है जो प्रकृति के साथ संतुलन बनाए, स्थानीय संसाधनों का सम्मान करे तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाए। रोटरी क्लब का यह प्रशिक्षण केंद्र इन तीनों का अद्भुत संगम है।

कुल मिलाकर, विश्व पृथ्वी दिवस हमें यह सिखाता है कि बदलाव बड़े स्तर पर नहीं, बल्कि छोटे-छोटे स्थानीय प्रयासों से शुरू होता है। मंडी का यह प्रशिक्षण केंद्र यह सिद्ध करता है कि जब समुदाय जागरूक होता है, तो वह न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन भी लाता है। धरती को बचाने की शक्ति हमारे पास हैऔर जब यह शक्ति जागती है, तो वह जीवन बदल देती है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# राजनीतिक दलों का दायित्व महिलाओं को नेतृत्व भूमिका देना जरूरी



योगिंद्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) जिला मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लोकसभा के विशेष सत्र में 21 घंटे चर्चा उपरांत नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में संशोधन प्रस्तावों का पारित न होना, लैंगिक असमानता को महत्व मिल गया। कौन जीता, कौन हारा, सवाल यह नहीं है, बल्कि लैंगिक समानता की हार हुई, साथ उन तमाम महिलाओं के सपनों को आघात पहुंचा, जो राजनीतिक दलों से जुड़कर समाज और संसदीय प्रणाली में नेतृत्व करना चाहती है।

महिला आरक्षण मुद्दे से जो उम्मीद की किरण जागृत हुई थी, वह किरण धूमिल हो गई। संसद में महिला आरक्षण मुद्दे पर समस्त राजनीतिक दलों को एकजुट होना चाहिए था, ऐसा नहीं हुआ, जो की चिंताजनक है। संसदीय प्रणाली में नेतृत्व और समानता के अवसर के लिए अब महिलाओं को इंतजार करना पड़ेगा। विपक्षी दलों ने प्रतिष्ठा बनाने के बदले परित्याग किया होता तो संसद सत्र में सर्वसम्मति से पारित संसोधन अधिनियम सुनहरे अक्षरों से लिखा जाता। प्रतिपक्ष और विपक्ष दोनों के आरोप प्रत्यारोप में महिलाएं अब केंद्र बिंदु बनकर रह गई। सच्चाई जनता के सामने आई, साथ ही राजनीतिक दलों से जुड़ी तमाम महिलाओं ने संसद की चर्चा को स्वयं देखा।

विश्व के अनेक देश हैं, जहां महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित नहीं होती, बल्कि महिलाओं को भागीदारी मिलती है। विश्व की संसदीय प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी 27% है। अमेरिका में 35%, यूरोप में 32%, स्वीडन नार्वे आदि में 45%, मध्य पूर्वी उत्तरी अफ्रीका में 17% महिलाओं की भागीदारी दर्ज रहती है, लेकिन भारत में 8% से 14% तक रही है। 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम जनगणना और परिसीमन उपरांत 2034 तक लागू होता इसलिए 2029 लोकसभा के चुनावों में महिला आरक्षण अनिवार्य ढंग से मिलने के लिए संशोधन जरूरी था। वर्तमान 543 सीटों में 181 सीटें महिलाओं को आवंटित हो जाए तो पुरुष समाज जो पहले से सीटों पर विद्यमान है, वह वर्ग नाराज हो जाता। कोई भी राजनीतिक दल इस तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। वर्तमान सीटों में 50% बढ़ोतरी के साथ लोकसभा की सीटें 850 निर्धारित होती हैं, तो किसी वर्ग को आपत्ति नहीं होगी, साथ में महिलाओं को 273 सीटों पर नेतृत्व करने का गौरव प्राप्त होता।

सुनहरा मौका राजनीतिक दलों ने गंवा दिया। कारण क्या रहे होंगे, यह तो राजनीतिक दल के शीर्ष नेतृत्व को ही मालूम होंगे, परंतु महिलाओं में मायूसी की लहर अवश्य दिखाई देगी। महिला आरक्षण लोकसभा चुनाव 2029 से शुरू होता हुआ तो नहीं दिखाई देता। यदि केंद्र सरकार कोई तरीका निकाल कर 2029 से लागू करने का प्रयास करें, तो प्रशसनीय पहल होगी। महिलाओं को राजनीति में आरक्षण 33% देना, राजनीतिक दलों को स्वयं से शुरुआतत करनी होगी। 33% के हिसाब से पार्टी उम्मीदवार बनाकर महिलाओं को टिकट दे। लैंगिक समानता के लिए जरूरी है कि पुरुष समाज अपनी उम्मीदवारी को पीछे रखे और महिलाओं को आगे आने दें। संगठन में मात्र महिला मोर्चा बनाकर नहीं, बल्कि अग्रणी भूमिका में नेतृत्व देकर महिलाओं का सहयोग प्राप्त करना जरूरी होना चाहिए।

प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों के चुनाव 2027 के अंतिम माह में आयोजित होंगे। चुनाव में 33% की हिस्सेदारी के साथ 23,25 सीटों पर प्रत्येक राजनीतिक दल महिलाओं को उम्मीदवार बनाकर टिकट दें, तो प्रसंसनीय कार्य कहलाएगा।

हिमाचल प्रदेश से यह शुरुआत हो जाए, ताकि पहाड़ी राज्य की महिलाएं देश के लिए अनुकरणीय बन सकती हैं। विकास की यात्रा में महिलाओं का सहयोगी बनना, राजनीति में महिला सशक्तिकरण है। संसदीय प्रणाली में सीटें कम हो या ज्यादा, उस तरफ ना देखकर राजनीतिक दलों को सुनिश्चित करना होगा कि आधी आबादी महिलाओं को नेतृत्व करने वाले स्थान मिलें। प्रत्येक राजनीतिक दल का दायित्व बनता है कि आरक्षण के इंतजार के बदले चुनावों में महिलाओं को 33% से अधिक उम्मीदवार बनाएं। केंद्र सरकार को एक बार फिर से संशोधन प्रस्ताव पर अन्य सभी दलों से सहमति बनाने के प्रयास करने चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# सीबीएसई स्कूलों में अस्थायी नहीं, स्थायी रूप से नियुक्त हों सभी शिक्षक



डॉ. नितिका शर्मा
भोरंज, हमीरपुर, (लेखिका हि.प्र. केंद्रीय विवि की शोधार्थी रही हैं)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्कूली शिक्षा में बड़े बदलाव की पहल की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हिमाचल के विद्यार्थियों में शिक्षा की गुणवत्ता लाना है। इसके लिए हिमाचल सरकार ने लगभग 150 सरकारी स्कूलों को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से सीबीएसई यानी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध में परिवर्तित किया है।

इन स्कूलों के विद्यार्थियों को एनसीईआरटी अर्थात राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। इसके पीछे हिमाचल सरकार का लक्ष्य प्रदेश के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के अवसर प्रदान करना है।

यहां तक सब चीजें ठीक हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या अस्थायी शिक्षकों के दम पर इतना बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है? हाल ही में इन सीबीएसई स्कूलों के लिए राज्य चयन आयोग द्वारा अस्थायी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की है, जिसमें लगभग 2200 से अधिक अस्थायी शिक्षकों को पांच साल के लिए और वर्ष में दस महीने के लिए रखा जा रहा है, जिसके बदले उन शिक्षकों को 30 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय देने का प्रावधान किया है। क्या सरकार अस्थायी शिक्षकों के दम पर शिक्षा में गुणवत्ता लाना चाहती है? ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सीबीएसई भी संबंद्धता प्रदान करते समय सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों के स्थायी होने के मापदंड को नहीं रखता है? अगर रखता है, तो फिर अस्थायी शिक्षकों के दम पर चलने वाले स्कूलों को क्यों मान्यता दी गई?

दूसरा प्रश्न यह भी उठता है कि जो शिक्षकों दस महीने के मानदेय पर नियुक्त हो रहे हैं, वह कितनी गंभीरता से विद्यार्थियों को पढ़ा पाएंगे, क्योंकि कहीं न कहीं वह भी पूर्व की भांति पीटीए शिक्षकों, पैरा शिक्षकों, ग्रामीण विद्या उपासक, कंप्यूटर शिक्षक और एसएमसी शिक्षकों की तर्ज पर पांच साल बाद सड़कों पर या कोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर मजबूर दिखाई देने की कतार में शामिल होंगे। यह पूरा घटनाक्रम बेरोजगार शिक्षित युवाओं के साथ एक मजाक है, जिस पर सभी मौन हैं। कहीं न कहीं बेरोजगारों के पास डिग्री पूरी करने के बाद कोई विकल्प न होने के चलते मजबूरी में ही इस अस्थायी शिक्षक की भर्ती में आवेदन करना पड़ रहा है, जिसके बाद उसे स्पष्ट पता है कि उसे आगे भी संघर्ष ही करना पड़ेगा। एकतरफ हिमाचल सरकार दावा कर रही है कि सीबीएसई के चलते इन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ौतरी हुई है। अगर संख्या बढ़ौतरी हुई है, तो यह अच्छी बात है। हर अभिभावक चाहता है कि उसके बच्चे को अच्छी स्कूली शिक्षा मिली, लेकिन अच्छी शिक्षा के लिए अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति देना कहां तक तर्कसंगत है? जो शिक्षक नियुक्ति भी होंगे, उनके मानसिक संतुलन को भी देखना होगा, क्योंकि हर कोई स्थायी नौकरी की चाह रखता है। इसके अलावा इन अस्थायी शिक्षकों पर हिमाचल सरकार के कोई सेवा नियम लागू नहीं होंगे अर्थात न मातृत्व अवकाश, न कोई अन्य छुट्टी। ऐसे में जो महिला इस अस्थायी शिक्षक नियुक्ति की स्कीम में शिक्षिका लगेगी, तो उन्हें मातृत्व अवकाश के नाम पर अस्थायी नियुक्ति से भी हाथ धोना पड़ेगा। शिक्षा के क्षेत्र में पढ़े-लिखे बेरोजगारों के साथ विद्यार्थियों से इससे भद्दा मजाक क्या ही हो सकता है? साथ ही इन सीबीएसई स्कूलों में कुछ स्थायी शिक्षकों भी होंगे, जिन्हें शिक्षा विभाग ने पहले से कार्यरत शिक्षकों में ही परीक्षा के माध्यम से चयनित किया है। ऐसे में अस्थायी शिक्षकों के साथ भेदभाव होने जैसी स्थिति भी पनप सकती है, इसलिए अस्थायी की बजाए स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**




**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जिप की 36 सीटों पर चुनावी सरगर्मी तेज, आरक्षित वार्डों पर टिकी निगाहें

अनंत ज्ञान

◆ खिलड़ा, सदयाणा, नबाही रोड़ व नौण से चुने सदस्य बन सकते हैं चेयरमैन

मंडी। मंडी जिला में जिला परिषद के 36 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रस्तावित चुनावों को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं और खासकर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित वार्ड सुंदरनगर ब्लॉक से खिलड़ा, सदर मंडी से सदयाणा, गोपालपुर से नबाही, बालीचौकी से रोड़ और गोहर से नौण—इस बार चुनावी केंद्र में आ गए हैं। राजनीतिक हलकों में इन वार्डों को 'हॉट सीट' माना जा रहा है, क्योंकि इन्हीं क्षेत्रों से जीतकर आने वाले सदस्य के जिला परिषद चेयरमैन बनने की संभावनाएं अधिक मानी जा रही हैं। ऐसे में प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ-साथ संभावित उम्मीदवारों ने भी इन सीटों पर खास रणनीति बनानी शुरू कर दी है। जिला परिषद के गठन में इन वार्डों की निर्णायक भूमिका को देखते हुए यहां मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। दूसरी ओर, जिला में 14 ब्लॉक समितियां—धनोटू, गोहर (अनुसूचित जाति महिला), बालीचौकी, निहरी (अनुसूचित जाति), द्रंग (अन्य पिछड़ा वर्ग महिला), धर्मपुर, चुराग, सराज, करसोग (महिला), सुंदरनगर, चौंतड़ा, गोपालपुर, सदर मंडी व बल्ह (अनारक्षित)—भी इस चुनावी परिदृश्य में अहम भूमिका निभाते नजर आएंगी।

इन ब्लॉक समितियों से जुड़े प्रतिनिधि जिला परिषद की बैठकों में भाग ले सकते हैं और सुझाव दे सकते हैं, हालांकि उन्हें मतदान का अधिकार नहीं होगा। इसके बावजूद इनकी उपस्थिति और राय को स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समग्र रूप से देखा जाए तो इस बार जिला परिषद चुनाव केवल प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि चेयरमैन पद की संभावनाओं को लेकर भी सियासी तापमान लगातार बढ़ता नजर आ रहा है।

# एनएच-03 के निर्माण में लापरवाही तीन साल से टूटा रास्ता बना मुसीबत

## चोलथरा पंचायत के बासी मोड़ पर नहीं बना तोड़ा रास्ता, ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ा

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। सड़क परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार के तहत निर्माणाधीन एनएच-03 के कार्य में लापरवाही और घटिया निर्माण को लेकर क्षेत्र में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्राम पंचायत चोलथरा के बासी मोड़ के पास आरडी 164/280 पर स्थित वर्षों पुराना रास्ता, जिसे वर्ष 2022-23 में निर्माण कंपनी द्वारा तोड़ा गया था, आज तक बहाल नहीं किया जा सका है।



तीन साल पहले तोड़ा गया रास्ता नहीं हुआ बहाल। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार, निर्माण कार्य कर रही गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा यहां अब तक करीब छह बार डंगा लगाया जा चुका है, लेकिन घटिया गुणवत्ता के कारण कोई भी डंगा टिक नहीं पाया। परिणामस्वरूप राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज 4 से 5 मीटर का यह रास्ता पिछले तीन वर्षों से अवरुद्ध पड़ा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक तथा ग्रामीण विकास कमेटी के प्रधान रणधीर राणा ने उपमंडल अधिकारी (ना0) के माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भेजकर शीघ्र समाधान की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर पहले भी स्थानीय विधायक चंद्रशेखर, प्रशासनिक अधिकारियों और कंपनी प्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गौरतलब है कि यह रास्ता ग्रामीणों के लिए खेत-खलिहानों तक पहुंचने, कुलदेवी मूंडखर देवी के मंदिर जाने तथा स्थानीय पाठशाला में आने-जाने का मुख्य मार्ग था। रास्ता बाधित होने के कारण सैकड़ों लोगों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस समस्या से नाराज ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही रास्ते का निर्माण नहीं किया गया, तो वे कंपनी कर्मचारियों का घेराव करने पर मजबूर होंगे।

वहीं, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद चोलथरा के चेयरमैन अमर सिंह राणा, सर्वोदय जन कल्याण समिति के प्रधान परमजीत ठाकुर, काली माता मुंडखर देवी समिति के प्रधान अटल और सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग को शीघ्र बहाल कर लोगों को राहत दी जाए।

# एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में कैंडल मार्च निकालकर दी सिया को श्रद्धांजलि



एसपीएस स्कूल में कैंडल मार्च निकालते हुए छात्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सरकाघाट क्षेत्र के नैन, गोपालपुर में हाल ही में हुई दुखद घटना के विरोध और दिवंगत युवती सिया की आत्मा की शांति के लिए एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों व स्टाफ ने कैंडल मार्च निकालकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षक व कर्मचारी हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्वक मार्च में शामिल हुए। सभी ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज के लिए गंभीर चेतावनी हैं और नशे का बढ़ता प्रभाव युवाओं के भविष्य के साथ-साथ समाज की सुरक्षा के लिए भी चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे मामलों में त्वरित व कठोर कार्रवाई की मांग की। वहीं शिक्षक नवजोत कुमार व अरुण कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कैंडल मार्च के दौरान 'हम न्याय चाहते हैं' और 'नशा मुक्त समाज हमारा लक्ष्य' जैसे नारों के माध्यम से छात्रों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

## न्यूज ब्रीफ

### मां और शिशु के लिए सही पोषण जरूरी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। आंगनबाड़ी केंद्र घटासणी में वृत्त स्तरीय आठवें पोषण पखवाड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों को पोषण, स्वास्थ्य और बच्चों के समग्र विकास के प्रति जागरूक करना रहा। इसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य कार्यकर्ता अंजलि ने की। उन्होंने जन्म से छह वर्ष तक की आयु को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही पहले एक हजार दिनों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस दौरान मां और शिशु को संतुलित आहार, नियमित जांच और उचित देखभाल मिलना जरूरी है। कार्यक्रम में स्वच्छता, टीकाकरण, स्तनपान और पूरक आहार पर भी चर्चा की गई।

### बस सेवा के अनियमित संचालन पर नाराजगी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। गोपालपुर रूट पर बस सेवा के अनियमित संचालन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों, अभिभावकों और विद्यार्थियों में भारी नाराजगी है। सरकाघाट से चलने वाली बस सुबह करीब 9:30 बजे गोपालपुर पहुंचती है, जिससे स्कूल, कॉलेज और आईटीआई के छात्रों को समय पर पहुंचने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समय विद्यार्थियों के लिए अनुपयुक्त है, जिससे उन्हें देरी या वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ता है। लोगों ने बस का समय सुबह 8:25 बजे करने और वापसी में 9 बजे बस चलाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि सुधार न होने पर आंदोलन किया जाएगा। वहीं आरएम राजकुमार ने स्टाफ की कमी को कारण बताते हुए व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया है।

### कैंटीन परिसर में बनाया जाए शौचालय

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा सरकाघाट ने सीएसडी कैंटीन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए सेना मुख्यालय योल कैंप के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में सूबेदार मेजर (सेवानिवृत्त) रविंद्र कुमार चौहान की मैनेजर के रूप में बेहतर कार्यशैली और पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रयासों की प्रशंसा की गई है। यह जानकारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा और सरकाघाट इकाई के प्रधान कैप्टन अशोक कुमार ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में दी। उन्होंने कैंटीन परिसर में शौचालय निर्माण की मांग भी उठाई है। साथ ही ग्राउंड फ्लोर से जुड़े स्थान को किराए पर लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देने का आग्रह किया गया है, ताकि बुजुर्ग पूर्व सैनिकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

### अंजना बनीं स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान

अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुरकोठा में जनरल हाउस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नई स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। बैठक में अंजना कुमारी को सर्वसम्मति से एसएमसी प्रधान चुना गया। इसके साथ ही भारती, मंजू देवी, परमाराम, कृत्तिका, हिम्मती देवी, शीतला देवी, प्रेमी देवी, रश्मि देवी, इंदिरा देवी, भावना देवी, सुमति, प्रवीण कुमारी और खेमराज को सदस्य बनाया गया। प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने पुरानी एसएमसी का आभार जताते हुए नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और विद्यार्थियों के हित में कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में लगभग 120 अभिभावकों ने भाग लिया।

### बरोट में अक्षय मेमोरियल क्रिकेट स्पर्धा आज से

अनंत ज्ञान, बरोट। बरोट पंचायत के दुर्गा माता मंदिर के समीप पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के मैदान में 22 अप्रैल से अक्षय मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका आयोजन खलैहल पंचायत के खलैहल गांव के युवा कर रहे हैं। प्रतियोगिता आयोजक डागी राम, ओम कुमार, रमेश कुमार व मदन ने बताया कि यह प्रतियोगिता पिछले तीन वर्षों से आयोजित की जा रही है और इस बार भी एक सप्ताह तक चलेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम से 500 रुपये प्रवेश शुल्क लिया जाएगा। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 25 हजार रुपये नकद, ट्रॉफी व सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो दिए जाएंगे, जबकि उपविजेता टीम को 18 हजार रुपये, ट्रॉफी व खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज व बेस्ट प्लेयर को एक-एक हजार रुपये व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने चौहार व छोटाभंगाल घाटी सहित दूरदराज के खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया है तथा क्रिकेट प्रेमियों से भी बड़ी संख्या में पहुंचकर आयोजन का आनंद लेने की अपील की है। समापन समारोह में बरोट पंचायत के पूर्व प्रधान व पद्धर भाजपा के उपाध्यक्ष सुभाष चंद ठाकुर को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# मुल्थान-लोहारड़ी सड़क पर ल्हासे का खतरा बरकरार, बीच में फंसे पत्थरों से बढ़ी परेशानी



मुल्थान-लोहारड़ी सड़क मार्ग पर ल्हासे वाले स्थान पर बीच में फंसे पत्थर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

रूपी ठाकुर, बरोट। छोटाभंगाल घाटी के तहत लोक निर्माण विभाग उपमंडल बीड़ के अंतर्गत आने वाले मुल्थान-लोहारड़ी छह किलोमीटर सड़क मार्ग पर पुरानी हैचरी के समीप ल्हासे का खतरा लगातार बना हुआ है, जहां बरसात के दौरान बार-बार मलबा व बड़े पत्थर गिरने से मार्ग पहले ही जोखिम भरा हो चुका है।

दो माह पूर्व हुई भारी वर्षा में गिरे मलबे को विभाग ने हटा दिया, लेकिन अब भी सड़क के किनारे एक बड़ा पत्थर और बीच सड़क में फंसा दूसरा पत्थर वाहन चालकों के लिए मुसीबत बना हुआ है। स्थानीय वाहन चालक बलदेव सिंह, हरी सिंह, मंगत राम, जय चंद व दान सिंह ने बताया कि इस स्थान से गुजरते समय छोटे वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि किनारे से निकालने पर पत्थर से टकराने का डर रहता है और बीच से निकालने पर वाहन की बॉडी क्षतिग्रस्त हो रही है। उन्होंने बताया कि कई बार विभाग को अवगत करवाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता दिनेश ठाकुर ने कहा कि डंगे का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही सड़क के बीच फंसे पत्थर को ब्लास्ट कर हटाया जाएगा तथा किनारे पड़े पत्थर को भी शीघ्र हटाया जाएगा।

# सरकाघाट में सभी गैस उपभोक्ताओं के लिए डोर-टू-डोर आपूर्ति व्यवस्था लागू

◆ ई-केवाईसी समय पर करें पूर्ण : एसडीएम

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि सरकाघाट उपमंडल के सभी गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति निर्धारित रूटों के माध्यम से नियमित रूप से डोर-टू-डोर सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस एजेंसियों से सीधे उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित नहीं किए जाएंगे। अतः सभी उपभोक्ताओं से आग्रह है कि वे गैस एजेंसी कार्यालयों में अनावश्यक भीड़ एकत्रित न करें, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। एसडीएम ने आगे बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी पहचान सत्यापन (ई-केवाईसी) प्रक्रिया पूरी नहीं की है, वे इसे आई-ओ-सी वन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आसानी से पूरा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित गैस एजेंसी कार्यालयों में भी ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है, जहां उपभोक्ता जाकर अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह भी व्यवस्था की गई है कि जब गैस एजेंसी की गाड़ियां अपने निर्धारित रूटों पर जाएंगी, तब उनके साथ विभागीय कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।



इस दौरान उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी/पहचान सत्यापन प्रक्रिया मौके पर ही पूर्ण की जा सकेगी।

उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समय पर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने से भविष्य में गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा से बचा जा सकेगा। प्रशासन द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर और सुगम सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# गोहर के राजेश 'इंडियन पुलिस मेडल' से सम्मानित क्षेत्र में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर। मंडी जिले के गोहर क्षेत्र के निवासी राजेश कुमार (पुत्र स्वर्गीय चुन्नीलाल) को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए भारत मंडपम, प्रगति मैदान दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इंडियन पुलिस मेडल से अलंकृत किया। राजेश कुमार ने साल 1999 में एसएसबी शामशी में भर्ती होकर देश सेवा शुरू की थी। उन्होंने 2002 से 2007 तक जम्मू-कश्मीर और भारत-नेपाल सीमा पर चुनौतीपूर्ण सेवाएं दीं। 2011 में एसएसबी मुख्यालय दिल्ली के बाद वे प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई की बैंक सिक्योरिटी एवं फ्रॉड ब्रांच, मुंबई में 4 साल रहे और 2015 से स्पेशल क्राइम ब्रांच चंडीगढ़ में कार्यरत हैं।



वर्ष 2017 में कांस्टेबल बने राजेश ने हाल ही में 2 फरवरी 2026 को विभागीय परीक्षा पास कर हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नति प्राप्त की है। राजेश कुमार की बेदाग सेवा को देखते हुए 26 जनवरी 2025 को उनके नाम की घोषणा पदक के लिए की गई थी। इस बड़ी उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव गोहर में उत्सव जैसा माहौल है। स्थानीय लोग उनके घर पहुंचकर उनकी माता व परिजनों को बधाई दे रहे हैं।

# जिला परिषद चुनाव: सोशल मीडिया पर दावेदारी जताने से बचें कार्यकर्ता: पूर्ण चंद

अनंत ज्ञान, कविता, पधर। पधर में द्रंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला परिषद चुनावों को लेकर कोई भी कार्यकर्ता अपनी दावेदारी सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक न करे। विधायक ने कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस विषय में पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है और सभी निर्णय संगठनात्मक प्रक्रिया के तहत ही लिए जाएंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद चुनावों के लिए पार्टी द्वारा एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है, जो संभावित उम्मीदवारों का आकलन कर अंतिम निर्णय लेगी। पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि पार्टी उन्हीं उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारेगी, जिनका क्षेत्र में मजबूत जनाधार हो, जिनकी छवि साफ-सुथरी हो, जो मिलनसार स्वभाव के हों तथा जनसेवा के प्रति समर्पित हों। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन बनाए रखने और संगठन के निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर अनावश्यक प्रचार या दावेदारी जताने से संगठन की छवि प्रभावित होती है, इसलिए इससे बचना चाहिए। विधायक ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# अमित इंटरप्राइजिज ने क्रिकेट स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के सौजन्य से एमएलएसएम कॉलेज मैदान में आयोजित राजा हरी सेन स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत खेले गए मुकाबले में अमित इंटरप्राइजिज इलेवन ने चामुंडा स्पोर्ट्स क्लब कुल्लू को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमित इंटरप्राइजिज की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 233 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से गिल ने 55, रविकांत ने 46, वीरेंद्र डोगरा ने 27 तथा इरशाद ने 23 रन का योगदान दिया। चामुंडा स्पोर्ट्स क्लब कुल्लू की ओर से खुमांत ने तीन विकेट चटकाए, जबकि लक्ष्मण, गौरव और जसोधन को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चामुंडा स्पोर्ट्स क्लब की टीम निर्धारित ओवरों में 169 रन ही बना सकी। टीम के लिए अमित ने 43, विजय और चंदन ने 28-28 तथा जसोधन ने 25 रन बनाए। अमित इंटरप्राइजिज की ओर से गेंदबाजी में रविंद्र ने चार, कुशल ने तीन, पंकज ने दो और कर्ण ने एक विकेट हासिल कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

# विधायक दलीप ठाकुर ने किया गौटा स्टेडियम में नए मंच का लोकार्पण

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। क्षेत्र के अंतर्गत गौटा स्टेडियम में नव-निर्मित मंच का विधिवत उद्घाटन विधायक दलीप ठाकुर द्वारा किया गया। इस मंच के निर्माण के लिए विधायक दलीप ठाकुर ने अपनी विधायक निधि से 3 लाख रुपये की राशि प्रदान की थी। इस मंच के बनने से अब क्षेत्र में खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह मंच स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ क्षेत्रीय गतिविधियों को भी नई दिशा देगा। स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंच क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है, जिससे युवाओं और आम जनता को लाभ मिलेगा।



◆ कहा- खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने विधायक दलीप ठाकुर का धन्यवाद किया और क्षेत्र के विकास के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर, स्थानीय पंचायत के पूर्व उप-प्रधान जसवंत सिंह, पूर्व प्रधान जमणी ज्ञान चंद, पूर्व प्रधान चौरी कांता, पूर्व प्रधान टिक्कर रजनी ठाकुर, पूर्व प्रधान खाहन मीना शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल, भाजपा मंडल महामंत्री शिवम शर्मा, संदीप जसवाल, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जालम सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# छोटाभंगाल और चौहार घाटी में शिक्षा व्यवस्था चरमराई, कई पद वर्षों से रिक्त

अनंत ज्ञान

◆ स्कूलों में प्रधानाचार्य व शिक्षकों की कमी से छात्रों का भविष्य अधर में

रूपी ठाकुर, बरोट। बरोट क्षेत्र की दुर्गम छोटाभंगाल व चौहार घाटी में प्रदेश सरकार के शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं, जहां अधिकांश स्कूलों में वर्षों से प्रधानाचार्य, प्रवक्ता तथा अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। स्कूल प्रबंधन समितियों व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कई बार स्थानीय विधायक व शिक्षा विभाग को लिखित प्रस्ताव भेजने के साथ शिष्टमंडल स्तर पर भी मांग उठाई गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुल्थान के स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष मंगत राम तथा मुल्थान पंचायत के निवर्तमान प्रधान दुर्गेश कुमारी ने बताया कि घाटी के राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में भी प्राचार्य सहित कई प्रोफेसरों के पद रिक्त हैं, वहीं स्कूलों में भी शिक्षकों की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष तक एकमात्र राजनीतिक शास्त्र प्रवक्ता के भरोसे चल रहा यह स्कूल अब उनके तबादले के बाद पूरी तरह शिक्षकविहीन हो गया है। वर्तमान में यहां 120 छात्र अध्ययनरत हैं और नए प्रवेश भी जारी हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने सरकार से शीघ्र सभी रिक्त पद भरने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

## लापरवाही कैंची मोड़ मघोगरी के पास डंगा ढहने से सरकाघाट-धर्मपुर यातायात प्रभावित

# निर्माणाधीन भवन से गिरा पीडब्ल्यूडी का डंगा

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। उपमंडल मुख्यालय से एक किलोमीटर दूर कैंची मोड़ मघोगरी के पास कट स्टोन से लगा भारी भरकम डंगा ढह जाने से धर्मपुर, मढ़ी, सिद्धपुर, ग्योह, भरौरी सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क अवरुद्ध हो गई है। हालांकि करीब पचास साल पुरानी एकखस्ताहाल सड़क से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है जिससे सारे वाहन खैर से 33 केवी सब स्टेशन से होकर धर्मपुर पुल पर पहुंचेंगे। डंगा गिरने की वजह साथ बन रहे एक निजी मकान बताया जा रहा है जिसके लिए सुरक्षा दीवार लगाने के लिए सड़क की तरफ कटिंग कर दी गई और पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाया गया लाखों का डंगा भरभरा कर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार मकान का कार्य काफी अरसे से चला हुआ था और सड़क में दरारें आ गई थीं लेकिन लोनिवि ने संज्ञान लेना उचित नहीं समझा। सरकारी संसाधनों के प्रति



डंगा ढहने से दर्जनों गांवों की सड़क हुई अवरुद्ध। अनंत ज्ञान

विभागीय उदासीनता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूर्व में लगा लाखों रुपए की लागत से कट स्टोन का विशालकाय डंगा अब फिर लाखों रुपए में लगेगा। बताया जा रहा है कि इस डंगे को लगाने के लिए हजारों कट स्टोन लगे हैं। जिक्र योग्य है कि लोक निर्माण विभाग में अधिकतर स्टॉफ लोकल होने के कारण सड़क किनारे बनने वाले निजी भवनों में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना के बावजूद नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। डंगा ढहने के तुरंत बाद मलबा हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी के श्रमिकों और निजी ठेकेदारों की मशीनरी लगा दी गई है।

◆ एक्सईएन ने एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

डंगा गिरने के तुरंत बाद भवन बना रहे मालिक के खिलाफ पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दे दिए गए हैं। नया डंगा लगाने और सड़क बहाली के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जाएगा ताकि जनता को परेशानी न हो।

- अंशुमन सोनी अधिशाषी अभियंता लोनिवि मंडल, धर्मपुर।

# पंचायती राज चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत तय: निहाल चंद शर्मा

अनंत ज्ञान

◆ कहा- कांग्रेस की नीतियों से जनता नाराज

ब्यूरो, मंडी। भाजपा के मंडी जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि आगामी पंचायती राज चुनावों में भाजपा पूरे हिमाचल प्रदेश सहित जिला मंडी में बड़ी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा लिए गए जनविरोधी फैसलों का जवाब अब जनता चुनावों में देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार पिछले कई महीनों से अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए पंचायती राज चुनावों को टालने का प्रयास कर रही थी, लेकिन अब जनता पूरी तरह से जागरूक है और कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए तैयार है।



निहाल चंद शर्मा ने कहा कि भाजपा समर्थित एवं भाजपा विचारधारा से जुड़े उम्मीदवार जिला परिषद, पंचायत और अन्य स्तरों पर जीत हासिल करेंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को इन चुनावों में पूरी तरह सफाया होना तय है। उन्होंने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि 1500 रुपये देने का वादा करके सत्ता में आई और सभी वर्गों को ठगने का काम किया है। कांग्रेस सरकार अब अपने वादों से पीछे हट गई है। साथ ही महिला आरक्षण जैसे मुद्दों पर कांग्रेस का रुख भी महिलाओं के खिलाफ रहा है, जिससे उसकी मानसिकता महिला विरोधी उजागर होती है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करें। निहाल ने कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है और कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेंगे। भाजपा से जुड़े हुए समर्थित उम्मीदवार ज्यादातर जीत कर आएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को सांप ने काटा, एम्स में उपचार जारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** थाना घुमारवीं क्षेत्र के अंतर्गत गांव दड्याना की एक महिला को खेतों में काम करते समय सांप ने काट लिया। घायल महिला रीता कुमारी (45) को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर ले जाया गया, जहां वह आईसीयू में उपचाराधीन है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

### संदिग्ध हालत में मिला व्यक्ति का शव, जांच जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत घाघस के समीप गांव मकड़ोग में सड़क किनारे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मृत पाया गया। मृतक की पहचान कपिल देव (44) निवासी गांव गसौड़, डाकघर जुखाला के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की तथा फॉरेंसिक टीम से निरीक्षण करवाया गया। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण गिरना प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### पशु मित्र भर्ती परीक्षा, युवाओं ने दिखाया दम

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** ग्राम पंचायत सुन्हाणी में पशु मित्र पदों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें घुमारवीं क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरुष अभ्यर्थियों को 5000 मीटर दौड़ 30 मिनट में व महिला अभ्यर्थियों को 1500 मीटर दौड़ 10 मिनट में पूरी करनी थी। चयन प्रक्रिया में 50 पुरुष व 33 महिला उम्मीदवार शामिल हुए, जिनमें से 40 पुरुष व 28 महिलाएं सफल रहीं। आयोजन के दौरान सुरक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर तैनात रहीं, जबकि प्रतिभागियों के लिए पेयजल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। इस दौरान डॉ. रविंद्र, डॉ. सुशील शर्मा व अन्य पशु चिकित्साधिकारी मौजूद रहे व पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। यह पहल युवाओं के लिए रोजगार का अच्छा अवसर बनी।

### पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** आंगनबाड़ी सर्कल टाहलीवाल में पोषण पखवाड़ा उत्साह व जागरूकता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में सर्कल से जुड़ी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने माताओं को बच्चों के संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिशु के जन्म के बाद पहले छह महीने तक केवल स्तनपान ही सर्वोत्तम आहार है, लेकिन इसके बाद बच्चों को स्तनपान के साथ-साथ पूरक आहार देना आवश्यक हो जाता है। कार्यकर्ताओं ने समझाया कि बच्चों को हमेशा घर का बना, ताजा व गाढ़ा भोजन देना चाहिए, जिससे उन्हें पर्याप्त पोषण मिल सके। उन्होंने आहार में दाल, चावल, हरी सब्जियां, घी, तेल व फलों को शामिल करने पर विशेष जोर दिया, ताकि बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास संतुलित रूप से हो सके।

### मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का मौका

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन 2026 के मद्देनजर जिला ऊना में अनुपूरक मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार यह प्रकाशन 1 अप्रैल को अर्हता तिथि मानकर सभी ग्राम पंचायतों (पुनर्गठन या विभाजन वाली पंचायतों को छोड़कर) के लिए किया गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल से लेकर निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने तक पात्र व्यक्ति अपने नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र-2 दो प्रतियों में भरकर मात्र दो रुपए शुल्क के साथ कार्यालय में जमा करना होगा। उन्होंने नागरिकों से समय रहते आवेदन कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने और अपने मताधिकार का उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की।

### हीमोग्लोबिन जांच व कुपोषण से बचाव की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आंगनबाड़ी केंद्र माकड़ी-1 में राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी सत्या ठाकुर ने की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया व छह वर्ष पूर्ण करने वाली एक बच्ची का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को संतुलित आहार व बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। सत्या ठाकुर ने बताया कि शुरुआती छह वर्षों में बच्चों का लगभग 85 प्रतिशत मानसिक विकास होता है, इसलिए इस दौरान पोषण पर विशेष ध्यान जरूरी है। उन्होंने हीमोग्लोबिन जांच व कुपोषण से बचाव की जानकारी भी दी। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा कई बेटियों को सम्मानित भी किया गया।

### शाहतलाई में 30 को महादंगल, बैठक में बनी रूपरेखा

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** शाहतलाई में 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले महादंगल को लेकर मंगलवार को संरक्षक तारा दत्त शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में वर्ष 2025 की आय-व्यय रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए पिछले छह वर्षों में 37.34 लाख रुपए खर्च पर प्रस्ताव पारित किया गया। कमेटी का नाम बदलकर 'श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ दंगल कमेटी शाहतलाई' रखा गया व सर्वसम्मति से शिवम चौहान को प्रधान नियुक्त किया गया। इस वर्ष अंडर-21 माली के लिए 21 हजार रुपए की राशि निर्धारित की गई है, जिसमें विजेता को 11 हजार व उपविजेता को 10 हजार मिलेंगे। शाहतलाई केसरी, बिलासपुर केसरी व हिमाचल केसरी के लिए विशेष कुश्तियां भी होंगी। 30 अप्रैल सुबह शोभायात्रा के बाद हनुमान चालीसा के साथ दंगल शुरू होगा।

### भाषण प्रतियोगिता में आदित्य रहे प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हीमोफिलिया विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएमओ कार्यालय झंडूता से हेल्थ एजुकेटर दीप कुमार और कमल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हीमोफिलिया एक आनुवंशिक रक्त विकार है, जिसमें खून का थक्का बनने में समस्या होती है। इसके लक्षणों में चोट लगने पर लंबे समय तक रक्तस्राव, जोड़ों में सूजन और दर्द शामिल हैं। समय पर पहचान और उपचार से इस रोग को नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम, शिवानी द्वितीय और गुंजन तृतीय स्थान पर रहे, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में ओम प्रथम, हर्षित द्वितीय और साहिल तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### डीसी की अपील, समय रहते बनवाएं वोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) व उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार उन ग्राम पंचायतों की अनुपूरक मतदाता सूची, जो पंचायतें परिसीमन/विभाजन/पुनर्गठन की प्रक्रिया से प्रभावित नहीं हुई हैं तथा जिनकी मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संदर्भ में प्रपत्र-15 जारी किया जा चुका था, उसका अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। राहुल ने बताया कि जिन व्यक्तियों के किसी पात्र मतदाता का नाम प्रकाशित मतदाता सूची में शामिल होने से रह गया है, तो वह प्रारूप-2, 3 व 4 भरकर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी, जिला बिलासपुर तथा जिला पंचायत अधिकारी, बिलासपुर के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस के दौरान कार्यालय समय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया केवल राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने तक ही जारी रहेगी, इसके उपरांत जिले में अनुपूरक मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी।

### घरों की सुरक्षा को लेकर बरतें सतर्कता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में हाल के दिनों में चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस के अनुसार असामाजिक तत्त्व उन घरों को निशाना बना रहे हैं, जिनके मालिक बाहर रहते हैं या घर खाली होते हैं। पुलिस ने लोगों से घर छोड़ते समय दरवाजे-खिड़कियां अच्छी तरह बंद रखने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, कीमती सामान सुरक्षित रखने व किरायेदारों का पुलिस सत्यापन करवाने की सलाह दी है। इसके अलावा पड़ोसियों से संपर्क बनाए रखने व संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को देने को कहा गया है। पुलिस ने यह भी अपील की है कि घर खाली होने की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करें व किसी भी आपात स्थिति में 112 नंबर या नजदीकी पुलिस थाना से संपर्क करें।

### जिला अध्यक्षों को संगठन सशक्तिकरण का मिलेगा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के जिला अध्यक्षों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कांगड़ा में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ऊना कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देसराज गौतम भी शामिल होंगे। यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी की विचारधारा को सुदृढ़ करने और जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसमें संगठनात्मक ढांचे, नेतृत्व क्षमता और जनहित मुद्दों पर रणनीति तैयार करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। देसराज गौतम ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस अनुभव को जनसेवा में समर्पित भाव से लागू करेंगे।

## चिंतपूर्णी मंदिर में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की पूजा-अर्चना

# 'प्रसाद योजना' के तहत कायाकल्प पर जोर

अनंत ज्ञान



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधायक सुदर्शन बबलू व अन्य माता चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेकने के बाद। अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी/ऊना।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपने चिंतपूर्णी दौरे के दौरान विश्व विख्यात शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी प्रसाद योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा करना रहा।

उपमुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में जारी विस्तारीकरण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने बताया कि मंदिर न्यास द्वारा अधिकृत 30 दुकानों को हटाने का कार्य अंतिम चरण में है और इसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। दुकानों के हटते ही नए निर्माण कार्य को गति दी जाएगी, जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी निर्माण में श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अत्याधुनिक वेटिंग हॉल, सुगम दर्शन मार्ग व विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि दक्षिण भारत के भव्य मंदिरों की तर्ज पर चिंतपूर्णी को एक आदर्श धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को लंबी कतारों और अव्यवस्था से राहत मिलेगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि माता का दरबार करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और यहां आने वाले प्रत्येक भक्त को शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सभी विकास कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने व स्थानीय हितधारकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर के इस आधुनिक स्वरूप से न केवल हिमाचल प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर भी सृजित होंगे। रोपवे परियोजना को लेकर स्थानीय दुकानदारों के विरोध के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे लगातार पांचवीं बार जनता द्वारा चुने गए हैं व हर निर्णय से पहले लोगों से संवाद करना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चिंतपूर्णी में रोपवे परियोजना पर आगे बढ़ने से पहले स्थानीय दुकानदारों से बातचीत की जाएगी। वहीं, उच्च न्यायालय द्वारा डीसी ऊना व पुलिस वाहन को जब्त करने के आदेश पर उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में अपना पक्ष अदालत में मजबूती से रखेगी।

## उपमुख्यमंत्री ने बीटन में 2.03 करोड़ के तालाब जीर्णोद्धार कार्य का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को बीटन गांव में 2.03 करोड़ रुपए की लागत से वर्षा जल संग्रहण जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया।

इस परियोजना को छह माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जनांदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने पूबोवाल में निर्मित तालाब को सफल मॉडल बताते हुए बताया कि गोंदपुर जयचंद, दुलैहड़ व हिरां थड़ा सहित कई क्षेत्रों में तालाबों का जीर्णोद्धार तेजी से चल रहा है। हरोली क्षेत्र में लगभग 20 करोड़ रुपए से पुराने टोबे-तालाबों का कायाकल्प किया जा रहा है, जिससे इन्हें आधुनिक सरोवरों के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास भूजल स्तर सुधारने व ग्रामीण क्षेत्रों को हरियाली व जल सुरक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## थापना-काथला लिंक रोड एनएच से जुड़ी, छोटे वाहनों के लिए बहाल

अनंत ज्ञान



**स्वारघाट।** थापना क्षेत्र में लिंक रोड को लेकर उठी आवाज आखिरकार रंग लाई है। ग्रामीणों के विरोध व प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद थापना से काथला को जोड़ने वाली संपर्क सड़क अब नेशनल हाईवे से टच हो गई है, जिससे छोटे वाहनों व दोपहिया वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। इससे क्षेत्र के लोगों ने बड़ी राहत की सांस ली है।

फ्लाईओवर निर्माण कार्य के चलते पिछले कई महीनों से यह सड़क बंद पड़ी थी, जिससे थापना, मंझेड, मतनोह, भुलान सहित कई गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों को रोजमर्रा के कामों के लिए लंबा चक्कर काटना पड़ रहा था व आपात स्थिति में मरीजों का अस्पताल पहुंचाना भी चुनौती बना हुआ था। बीते दिनों ग्रामीणों ने एकजुट होकर कंपनी व ठेकेदार के खिलाफ रोष प्रकट किया था व लिंक रोड को जल्द नेशनल हाईवे से जोड़ने की मांग उठाई थी। इसके बाद कंपनी व संबंधित विभाग ने 20 अप्रैल तक सड़क जोड़ने का आश्वासन दिया था, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। स्थानीय निवासियों, जिनमें रेड क्रॉस सोसायटी सदस्य विद्या सागर ठाकुर, बाल कृष्ण ठाकुर, डॉ. अनिल ठाकुर, वीरी सिंह, महिला मंडल प्रधान सुमन ठाकुर, युवा मंडल मंझेड निर्मल ठाकुर, नानक चंद, लकी, हुक्म सिंह, सूंका राम, सुभाष, पूर्व सदस्य समलेटू वार्ड वंदना, पूर्व सदस्य थापना वार्ड सरोज ठाकुर, सतपाल व अन्य ग्रामीण शामिल हैं, उन्होंने सड़क बहाल होने पर जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग व कंपनी का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह सुचारू कर दी जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि यह राहत अस्थायी न रहे, इसके लिए निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को भविष्य में ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## बॉलीवुड में गूंजी अजय की आवाज, 'वॉइस ऑफ बॉलीवुड' का खिताब किया अपने नाम

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** बिलासपुर की तहसील घुमारवीं के छोटे से गांव जमन से संबंध रखने वाले अजय धर्माणी ने अपनी प्रतिभा व मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बना ली है। एक साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखने वाले अजय ने यह साबित कर दिया कि इंसान के भीतर जुनून व समर्पण हो, तो वह किसी भी मुकाम को हासिल कर सकता है।

अजय धर्माणी ने फिल्म प्रोडक्शन द्वारा आयोजित रियलिटी शो 'The Rising Star' में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले भी वह 'वॉइस ऑफ हिमाचल' के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं, और अब 'वॉइस ऑफ बॉलीवुड' का खिताब जीतकर उन्होंने प्रदेश का नम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस रियलिटी शो के मैनेजिंग डायरेक्टर अमन सलारिया रहे, जिनके मार्गदर्शन में देशभर से आए प्रतिभाशाली व प्रशिक्षित कलाकारों ने इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता में कई प्रतिभागी पेशेवर कोचिंग लेकर पहुंचे थे, लेकिन अजय धर्माणी ने बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के अपनी प्रतिभा के दम पर सभी को पीछे छोड़ दिया। अजय की सफलता इस बात का जीवंत उदाहरण है कि कठिन परिस्थितियां भी मजबूत इरादों के सामने टिक नहीं पातीं। उनकी आवाज में ऐसी मिठास व गहराई है, जिसने जजों व दर्शकों दोनों का दिल जीत लिया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवर में खुशी का माहल है, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में गर्व की लहर दौड़ गई है। अजय धर्माणी आज युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं, जो यह सिखाते हैं कि सच्ची लगन, मेहनत व आत्मविश्वास के बल पर किसी भी सपने को साकार किया जा सकता है।

## बिलासपुर में टीबी उन्मूलन अभियान तेज घर-घर जाकर होगी जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 263 गांवों में घर-घर स्क्रीनिंग शुरू की है। 14 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को इसमें शामिल किया गया है, ताकि संभावित मरीजों की समय पर पहचान हो सके। अभियान के तहत करीब 1.80 लाख लोगों की जांच का लक्ष्य रखा गया है। सभी का एक्स-रे किया जाएगा व लक्षण मिलने पर विस्तृत जांच कर उपचार शुरू होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जा रहे हैं, जहां अन्य बीमारियों की जांच व परामर्श दिया जा रहा है। आशा कार्यकर्ता लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। विभाग ने लोगों से निशुल्क जांच व उपचार का लाभ उठाने की अपील की है।

## राष्ट्रीय संत बाबा बाल का भक्त के घर आकस्मिक आगमन, भावुक हुआ माहौल

अनंत ज्ञान



अपने भक्त के घर पहुंचे बाबा बाल जी। अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** श्रद्धा, विश्वास व भक्ति का एक अनोखा दृश्य उस समय देखने को मिला, जब राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी तलवाड़ा की ओर जाते हुए अचानक बड़ूही क्षेत्र में अपने एक भक्त के घर पहुंच गए।

यह दौरा पूरी तरह से आकस्मिक था, लेकिन इससे जुड़ी भावनाएं वर्षों पुरानी आस्था का परिणाम थीं। जानकारी के अनुसार, ग्राम टकारला की निवासी आशा देवी धिमान ने काफी समय पहले एक सत्संग के दौरान बाबा बाल जी से अपने घर आने की इच्छा प्रकट की थी। उस समय तो यह एक सामान्य आग्रह था, लेकिन बाबा ने आज उस भावना का मान रखते हुए उसे साकार कर दिखाया। बताया जाता है कि जब बाबा बाल जी तलवाड़ा के लिए रवाना हुए, तो बड़ूही पहुंचने पर उन्होंने अचानक अपने चालक को वाहन टकारला की ओर मोड़ने के निर्देश दिए। इसके बाद वह सीधे आशा देवी के घर पहुंचे, जहां उनके पहुंचते ही परिवार सहित आसपास के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। बाबा जी के इस अप्रत्याशित आगमन से पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। इस दौरान लगभग 1 से 2 घंटे तक सत्संग का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सत्संग के दौरान बाबा ने अपने प्रवचनों से उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने और मानव जीवन में सच्ची भक्ति के महत्व को समझाया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की, वहीं बाबा ने सभी को आशीर्वाद देते हुए सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का आकस्मिक आगमन उनके लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। आशा देवी व उनके परिवार के लिए यह पल जीवन भर की याद बन गया, जब उनकी वर्षों पुरानी इच्छा स्वयं संत के आगमन से पूरी हुई। इस पूरे आयोजन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास के आगे कोई दूरी मायने नहीं रखती।

## प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप: रणधीर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो चुके हैं व इसका मुख्य कारण कांग्रेस सरकार की वित्तीय कुप्रबंधन है। यह बात नयना देवी जी से भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों में ठेकेदारों के करोड़ों रुपए के भुगतान महीनों से लंबित पड़े हैं। ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो चुकी है, कई ठेकेदार कर्ज के बोझ तले दब गए हैं व मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल पा रही है। ठेकेदारों के पैसों से किए कामों पर सरकार वाह वाह लूट रही है। रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज जमीनी हकीकत यह है कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन तक नहीं है। भुगतान न होने के कारण कई परियोजनाएं अधर में लटक गई हैं, जिससे प्रदेश की जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही ठेकेदारों के बकाया भुगतान नहीं किए, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन करेगी व कांग्रेस सरकार की नाकामी को जनता के बीच उजागर करेगी।

## हिमकैपेस में राष्ट्रीय स्तर की मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आगाज

# देशभर की 18 टीमों ने दिखाई प्रतिभा

अनंत ज्ञान



मूक कोर्ट में पहुंचे मुख्यातिथि का स्वागत करते आयोजक। अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमकैपेस कॉलेज ऑफ लॉ में मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरी इंटर लॉ कॉलेज/यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आई 18 टीमों ने भाग लेकर अपनी कानूनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में डॉ. ललित मोहन डडवाल बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को कानून के व्यावहारिक पहलुओं से रूबरू कराती हैं व उनके व्यक्तित्व व पेशेवर कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जसवंत सिंह ने बताया कि मूट कोर्ट जैसी प्रतियोगिताएं छात्रों को भविष्य में सफल अधिवक्ता व न्यायविद बनने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करती हैं। वहीं, संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला, जहां छात्रों ने गणेश वंदना, भांगड़ा और नाटी की शानदार प्रस्तुतियां देकर माहौल को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिता में बेंगलुरु, दिल्ली, फरीदाबाद, उत्तर प्रदेश, जयपुर, हैदराबाद और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों के विधि महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। पहले दिन दो प्रीलिमिनरी राउंड के बाद 8 टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां से कड़े मुकाबलों के बाद 4 टीमें सेमीफाइनल के लिए चयनित हुईं। इस अवसर पर फैकल्टी कन्वीनर डॉ. एकता सूद, को-फैकल्टी कन्वीनर डॉ. संदीप कुमारी सहित अंशु जसवाल, आयुषी शुक्ला व अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले बुधवार को आयोजित किए जाएंगे। विजेता टीमों को 40 हजार रुपए से अधिक के नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## पंचायतीराज की समझ के बिना चुनाव लड़ना चिंता का विषय: हीरा पाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पंचायत व नगर निकाय चुनावों में बड़ी संख्या में ऐसे उम्मीदवार सामने आ रहे हैं, जिन्हें पंचायतीराज प्रणाली, विशेषकर 73वें व 74वें संविधान संशोधन के प्रावधानों की पर्याप्त जानकारी नहीं है।

ये संशोधन स्थानीय स्वशासन को मजबूत बनाने व पंचायतों व नगर निकायों को अधिकार देने के लिए किए गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। केरल में पंचायतीराज का मॉडल काफी मजबूत माना जाता है, जहां वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीधे स्थानीय निकायों को दिए गए हैं। इसके विपरीत, अन्य राज्यों में यह व्यवस्था पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है, जिसका एक कारण जागरूकता और इच्छाशक्ति की कमी भी है। अधिकांश जनप्रतिनिधि अपने अधिकारों से अनभिज्ञ रहते हैं, जिससे वे अधिकारियों पर निर्भर हो जाते हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को पंचायतीराज अधिनियम, योजनाओं व अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे प्रभावी ढंग से विकास कार्य कर सकें और जनता के हित में निर्णय ले सकें।

> **उम्मीदवारों** का चयन ऐसे लोगों में से होना चाहिए, जिन्हें पंचायतीराज व्यवस्था की समझ हो। जनप्रतिनिधियों को केवल बड़े नेताओं के नाम पर वादे करने के बजाय जमीनी मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए व अपने अधिकारों के तहत कार्य करना चाहिए।
> **हीरापाल सिंह, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन।**



वरिष्ठ नागरिक सभा की बैठक में मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

## वरिष्ठ नागरिक सभा की बैठक में विभागीय कार्यशैली पर असंतोष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक वरिष्ठ नागरिक सभागार में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान डॉ. जेएन मिश्रा ने की, जबकि संचालन महासचिव मस्तराम वर्मा ने किया। बैठक में नए सदस्यों का स्वागत किया गया तथा मस्तराम वर्मा को सदर खंड कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी गई। सभा ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए जल्द बैठक बुलाने की मांग की। सभा ने वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वित्तीय लाभ जारी करने पर सरकार का आभार जताया, साथ ही अन्य कर्मचारियों के लंबित लाभ, चिकित्सा बिलों व महंगाई भत्ते की किश्तों के जल्द भुगतान की मांग की। जिला अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता न मिलने पर भी चिंता व्यक्त करते हुए इस दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की गई। बैठक में अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

## गगरेट में पशु मित्र भर्ती, 40 अभ्यर्थियों ने अगले चरण के लिए किया प्रवेश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, ऊना।** पशुपालन विभाग में पशु मित्रों के चयन के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंबोटा के खेल मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह परीक्षा उपमंडल अधिकारी (नागरिक) गगरेट सौमिल गौतम की अध्यक्षता में गठित पशु मित्र एंगेजमेंट कमेटी के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

उपनिदेशक ऊना पशुपालन वीरेंद्र पटियाला ने बताया कि शारीरिक परीक्षा में कुल 47 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 36 पुरुष एवं 11 महिला उम्मीदवार शामिल रहीं। इनमें कुल 40 अभ्यर्थियों ने शारीरिक परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अगले चरण में प्रवेश किया है, जिसमें 30 पुरुष तथा 10 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। सफल उम्मीदवारों की वीडियोग्राफी भी करवाई गई, जिससे चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। सफल अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के अगले चरण, दस्तावेज सत्यापन व साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

परीक्षा का संचालन पशुपालन विभाग के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा की देखरेख में किया गया। उन्होंने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में पुरुष वर्ग के लिए 5000 मीटर दौड़ 30 मिनट के भीतर तथा महिला वर्ग के लिए 1500 मीटर दौड़ 10 मिनट के भीतर पूरी करना अनिवार्य रखा गया था। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा अध्यापक दीपक शारदा सहित मेडिकल टीम और विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मजारी में 20 लीटर अवैध देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना कोट कैहलूर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव मजारी के पास एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर कशीद की हुई अवैध देसी शराब बरामद की। आरोपी की पहचान जसबीर सिंह निवासी मजारी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(ड़) के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दबट में 10 लीटर अवैध शराब के साथ व्यक्ति पकड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना कोट कैहलूर पुलिस ने गश्त के दौरान गांव दबट में एक व्यक्ति के पास से 10 लीटर देसी शराब बरामद की। आरोपी की पहचान सुनील कुमार निवासी दबट के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(ड़) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पंजगाई में बनेगा कम्युनिटी सेंटर : जितेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने ग्राम पंचायत पंजगाई का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधान पुष्पा शर्मा, सुशील कुमार शर्मा सहित अन्य लोगों से बातचीत की। चंदेल ने बताया कि पूर्व विधायक बाबू राम गौतम की इच्छा के अनुसार पंजगाई में कम्युनिटी सेंटर बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार ने 70 लाख रुपए की स्वीकृति दी है, जिसका निर्माण हिमुडा द्वारा किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने गूग्गा घाट-कूननू सड़क का मुद्दा भी उठाया और ग्रामीणों से विकास कार्यों के लिए एकजुट होने की अपील की।

## डॉ. प्रदीप कृषि विवि ग्वालियर में निदेशक नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बड़ोआ-औहर गांव निवासी डॉ. प्रदीप कुमार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में निदेशक (निर्देश व छात्र कल्याण) नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व वे चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में मृदा विज्ञान के प्रधान वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत थे। कुलपति प्रो. अशोक कुमार ने उनके अनुभव को विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण बताया, वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. राज पाल शर्मा ने शुभकामनाएं दीं। लगभग तीन दशक की सेवा में डॉ. प्रदीप ने कई शोध परियोजनाओं का नेतृत्व किया और 120 से अधिक लेख प्रकाशित किए हैं।

# सहकारिता के क्षेत्र में डब्ल्यू.यू. हॅराथ को वेदराम अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

## भुट्टिको में ठाकुर वेदराम राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित, कई प्रतिभाओं को नवाजा

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** देश-विदेश में प्रसिद्ध बुनकर सोसायटी भुट्टिको के सभागार में ठाकुर वेदराम जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने की, जबकि मुख्यातिथि के रूप में पूर्व कुलपति गुलाब सिंह आजाद उपस्थित रहे। स्वर्गीय ठाकुर वेदराम की स्मृति में आयोजित इस समारोह का उद्देश्य सहकारिता व हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करना है। इसी क्रम में सहकारिता के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रीलंका के डब्ल्यू.यू. हॅराथ को वेदराम अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया। राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुभाष चंद आर्य (नागौर, राजस्थान) और करनैल राणा (पूर्व अध्यक्ष हिमकोफैड, नूरपुर कांगड़ा) को सम्मानित किया गया। वहीं, बुनकर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुल्लू के विश्वनाथ सुम्मा, जुगत राम और राजू (पुत्र चोहू भुलंग) को वेदराम राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। साहित्य के क्षेत्र में गणेश गनी भारद्वाज (कुल्लू) को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मीडिया क्षेत्र में भी प्रतिभाओं को सराहा गया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए संजीव शर्मा (एडिटर, डिजिटल एडिशन, हिंदी दैनिक सवेरा, जालंधर) और प्रिंट मीडिया के लिए विविंद्र वशिष्ठ (स्थानीय संपादक, अमर उजाला, शिमला) को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त, पुरोहित चंद्र शेखर बेबस लोक साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कार डॉ. हेमेंद्र वाली (कुमारसैन, शिमला) को प्रदान किया गया। चांद कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी पहाड़ी कला-संस्कृति राष्ट्रीय पुरस्कार सविता सहगल (सिरमौर) को तथा ठाकुर मौलू राम पहाड़ी भाषा साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कार यतिन पंडित (कुल्लू) को दिया गया। लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड के तहत राजेंद्र राजन (हमीरपुर) और डॉ. कमला सैनी रत्तू (जालंधर) को उनके दीर्घकालिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भुट्टिको के चेयरमैन व पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने सभी सम्मानित विभूतियों को बधाई देते हुए कहा कि भुट्टिको के उत्पाद आज अपनी गुणवत्ता के कारण देश-विदेश में पहचान बना चुके हैं।

उन्होंने बताया कि संस्था अपने बुनकरों को सरकारी स्तर की सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान पुरोहित चंद्र शेखर बेबस की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से समां बांधा। वहीं 21 अप्रैल को शेर-ए-कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी की स्मृति में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने पहाड़ी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, साहित्यकार, कलाकार और बुनकर समुदाय के लोग उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक व सम्मानपूर्ण ऊर्जा से सराबोर रहा।



ठाकुर वेदराम अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय सम्मान समारोह की विभूतियों के साथ अन्य गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

### नवनियुक्त कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल का कुल्लू में भव्य स्वागत

# पंचायतीराज चुनावों को चुनौती के रूप में लड़ेगी कांग्रेस: गोपाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू पहुंचने पर नवनियुक्त कुल्लू कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल ठाकुर का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में जहां उन्होंने कांग्रेस हाईकमान सहित कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर का उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपने पर आभार जताया। वहीं, उन्होंने कहा कि कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस अब और मजबूती से एकजुट होकर कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि अब पंचायतीराज चुनाव हैं, जिन्हें हम सेमीफाइनल के रूप में लेकर इन चुनावों में जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन चुनावों को एक बड़ी चुनौती के रूप में देख रही है व जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गोपाल ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए एक मजबूत रणनीति की आवश्यकता है। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए एक मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि मैं जमीन से जुड़ा हुआ कार्यकर्ता हूं और मुझमें कार्य करने की पूरी क्षमता है, लेकिन कार्यकर्ताओं के सहयोग के बिना मैं कुछ भी नहीं हूं। उन्होंने कहा कि हमें चुनावी मैदान फतह करने के लिए युवाओं के जोश के साथ-साथ वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और होश की भी सख्त जरूरत पड़ेगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष ने आगामी चुनावों को लेकर संगठन के रोडमैप पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी इस बार केवल उन्हीं चेहरों को मैदान में उतारेगी जिनकी जनता के बीच पकड़ मजबूत है और जो जिताऊ श्रेणी में आते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव की पूरी रणनीति वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के मार्गदर्शन में तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की जमीनी मेहनत के बीच तालमेल बिठाकर कार्य किया जाएगा। गोपाल सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वह स्वयं जमीन से उठकर इस पद तक पहुंचे हैं, इसलिए वह हर कार्यकर्ता की मेहनत की कद्र करना जानते हैं।

उन्होंने आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत करें ताकि आने वाले समय में कांग्रेस एक बड़ी जीत दर्ज कर सके।



कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल ठाकुर का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### नप के लिए अनुपूरक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व उपमंडल अधिकारी कुल्लू निशांत ठाकुर ने जानकारी दी कि नगर परिषद कुल्लू के संबंध में वार्ड नंबर-1 से 11 के लिए अनुपूरक मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि यह मतदाता सूची पूर्व में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुपूरक मतदाता सूची के रूप में 'हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 2015' के प्रावधानों के तहत तैयार की गई है। वहीं, नगर पंचायत भुंतर के संबंध में वार्ड नंबर-1 से 7 के लिए अनुपूरक मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि यह मतदाता सूची पूर्व में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुपूरक मतदाता सूची के रूप में 'हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 2015' के प्रावधानों के तहत तैयार की गई है।

### सिरीगढ़ में गढ़ पूज का आयोजन 23-24 को



**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी क्षेत्र के सिरीगढ़ में स्थित आराध्य देवता कुईकांडा बिंगड़ी (चोपडू) नाग देवता की पावन 'गढ़ पूज' का आयोजन इस वर्ष 23 और 24 अप्रैल को देववाणी के अनुसार किया जाएगा। मंदिर कमेटी शगोगी, कार करिंदों व समस्त स्थानीय जनता द्वारा इस आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत 23 अप्रैल (वीरवार) को नाग देवता के गढ़ स्थल पर आगमन के साथ होगी। देवता के पहुंचते ही डिंगीधार फाटी द्वारा चढ़ावा अर्पित किया जाएगा तथा विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही सनेऊडी पर चढ़ावे की व्यवस्था जाबन फाटी द्वारा तथा दीप प्रज्वलन (सदीया) गूंगी-रामोही द्वारा किया जाएगा। दूसरे दिन 24 अप्रैल (शुक्रवार) को सुबह दिशा पूजन के तहत विभिन्न फाटियों द्वारा चारों दिशाओं में पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके अलावा शिखा पूजन, शुपली स्वाह, कुईकांडा पूज (गाड़ा-डीम), पर्वत पूज, काली पूजन (शगोगी) तथा जाडू नाग पूजन जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। विशेष बात यह है कि सभी पूजन कार्य एक ही समय पर आयोजित किए जाएंगे, जब गढ़ पर नाग देवता की सुबह की फेरी प्रारंभ होगी। मंदिर कमेटी ने बताया कि पिछली बार यह गढ़ पूज 30 अप्रैल और 1 मई को आयोजित हुई थी। स्थानीय मान्यता के अनुसार, इस पूज के आयोजन से नाग देवता क्षेत्र को ओलावृष्टि, आंधी-तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखते हैं। ।

### सांस्कृतिक रंग में रंगा उझी घाटी का शिम क्षेत्र

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** उझी घाटी के शिम गांव में आयोजित खनाणी मेला पारंपरिक उत्साह व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया व विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। पूरे क्षेत्र में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विशेषातिथि बीरू तथा मुख्यातिथि अधिवक्ता तारा चंद कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि का स्थानीय लोगों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। अधिवक्ता तारा चंद कौशिक ने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति व परंपराओं के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन केवल मनोरंजन का साधन नहीं होते, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं।कौशिक ने आगे कहा कि मेलों के माध्यम से हमारी सभ्यता, रहन-सहन, पारंपरिक पहनावा और आपसी मेलजोल की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। देवभूमि की यह विरासत आज भी इन आयोजनों के जरिए जीवित है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले समाज में भाईचारे को मजबूत करते हैं और आपसी भेदभाव को मिटाने में अहम भूमिका निभाते हैं। देव संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मेले देव परंपराओं से गहराई से जुड़े होते हैं और हमारी आस्था के प्रतीक हैं। इस दौरान मेले में नाटी सहित कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में मुख्य अतिथि ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपनी देव परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान करें तथा आने वाली पीढ़ियों तक इसे संरक्षित और जीवंत बनाए रखें।

# लाहौल के दूरस्थ क्षेत्र में शिक्षा सचिव का दौरा शिक्षा गुणवत्ता सुदृढ़ करने पर दिया विशेष जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्र में मंगलवार को शिक्षा, एमपीपी, पावर तथा सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के सचिव राकेश कंवर ने शैक्षणिक संस्थानों का विस्तृत निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत का आकलन किया।

उनका यह दौरा प्रदेश सरकार की 'गुणवत्तापूर्ण व समावेशी शिक्षा' के लक्ष्य को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। अपने दौरे की शुरुआत उन्होंने क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दारचा से की। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं स्थानीय समुदाय द्वारा उनका पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की भौतिक सुविधाओं, कक्षा-कक्षों, प्रयोगशालाओं तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अनुशासन का गहन अवलोकन किया। शिक्षा सचिव ने स्टूडेंट्स के साथ संवाद स्थापित कर उनके शैक्षणिक अनुभव, रुचियों एवं भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि 'कठिन भौगोलिक परिस्थितियां सफलता के मार्ग में बाधा नहीं, बल्कि उसे और मजबूत बनाने का अवसर होती हैं। निरंतर मेहनत, अनुशासन व सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।' उनके प्रेरक शब्दों से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसके उपरांत सचिव ने केलांग स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में चल रही शिक्षण गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन करते हुए आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का भी उन्होंने मूल्यांकन किया। दारचा व केलांग विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के साथ आयोजित बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस एवं व्यवहारिक सुझाव आमंत्रित किए गए। सचिव ने शिक्षकों से नवाचार, छात्र-केंद्रित शिक्षण एवं तकनीक के समुचित उपयोग के माध्यम से शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास—शैक्षणिक, मानसिक एवं नैतिक—पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।



## महिलाओं को वितरित किए पोषण किट

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में मंगलवार को गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए 'सुपोषित मां अभियान' के तहत पोषण किट वितरित किए गए। इन किट में न्यूट्रिशनल मिक्स पाउडर, खजूर, आयरन सिरप, घी व दालें जैसी पौष्टिक सामग्री शामिल हैं, जो माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए दी गई। इस दौरान भाजपा शहरी अध्यक्ष अजय अबरोल व कार्यकर्ताओं सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे। मनला शहरी भाजपा अध्यक्ष अजय अबरोल ने कहा कि केंद्र सरकार की यह पहल मिशन शक्ति और महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही है, ताकि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व (आयरन, कैल्शियम) मिल सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और बच्चों में एनीमिया (खून की कमी) को कम करना और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना है।

# 30 सड़कों से जुड़ेंगे कुल्लू के दुर्गम क्षेत्र: सुंदर ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुंदर ठाकुर ने कहा है कि क्षेत्र में विकास को नई गति देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में करीब 30 नई सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्र भी सड़क सुविधा से जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से जहां लोगों की आवाजाही आसान होगी, वहीं क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी मजबूती मिलेगी। सुंदर ठाकुर ने कहा कि लंबे समय से जिन क्षेत्रों में सड़क सुविधा नहीं थी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जा रहा है। विधायक ने जानकारी दी कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं। इनमें सड़क निर्माण, बुनियादी ढांचा विकास और अन्य जनहित की परियोजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में चहुंमुखी विकास सुनिश्चित होगा व लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन परियोजनाओं के साकार होने से उनके ऊपर क्षेत्र के विकास को लेकर जो जिम्मेदारी थी, वह काफी हद तक पूरी होगी। सुंदर ठाकुर नवनिर्मित कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सिंह के स्वागत समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायती चुनावों को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

# केलांग में 23 को 'पशु मित्र' भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन विभाग, केलांग द्वारा 'पशु मित्र नीति-2025' के अंतर्गत रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उपनिदेशक डॉ. सुदर्शन ने बताया कि विभाग को कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से सभी पात्र अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जा रही है। संशोधित अधिसूचना के अनुसार जिला लाहौल-स्पीति के विभिन्न पशु औषधालयों व उपमंडलीय पशु चिकित्सालयों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

प्राप्त आवेदनों में उपमंडलीय पशु चिकित्सालय केलांग के लिए 5 तथा उदयपुर स्थित उपमंडलीय पशु चिकित्सालय के लिए 26 आवेदन शामिल हैं। विभाग द्वारा सभी पात्र अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण 23 अप्रैल को प्रात: 9 बजे लता ठसकु मेमोरियल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पहले स्थल पर पहुंचें व अपने साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र अवश्य लाएं। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पुरुष अभ्यर्थियों को 5000 मीटर की दौड़ 30 मिनट में तथा महिला अभ्यर्थियों को 1500 मीटर की दौड़ 10 मिनट में पूरी करनी होगी। परीक्षण के दौरान मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्वयं की जिम्मेदारी पर बाहर सुरक्षित रखने होंगे। साथ ही, सभी अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षण से पूर्व एक स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं व किसी भी प्रकार की चिकित्सीय समस्या से ग्रस्त नहीं हैं।

शारीरिक परीक्षण से संबंधित सभी निर्णय आयोजन उपसमिति के अंतिम और बाध्यकारी होंगे। यदि किसी अभ्यर्थी को डाक के माध्यम से सूचना प्राप्त नहीं हुई है, तो वे 22 अप्रैल 2026 तक संबंधित कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग द्वारा जारी संपर्क नंबरों पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह पहल न केवल भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगी, बल्कि क्षेत्र में पशु सेवाओं को सुदृढ़ करने में भी सहायक साबित होगी।

## प्रणव नेगी ने जेई मेन्स में मारी बाजी, देशभर में 6576वीं रैंक

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली उपमंडल के अंतर्गत आने वाले डोभी गांव के होनहार छात्र प्रणव नेगी ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेई मेन्स 2026 में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कुल्लू वैली सीनियर स्कूल (केवीएस) रामशिला के छात्र प्रणव ने अपने दूसरे प्रयास में 99.59693 पर्सेंटाइल हासिल करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 6576वां रैंक (सीआरएल) प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल प्रणव व उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे जिला कुल्लू के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण बन गई है, जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए, घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। प्रणव के पिता रमेश नेगी व माता ईशा नेगी ने बेटे की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए इसे उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। परिवार ने कहा कि प्रणव ने लगातार प्रयास करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल किया, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है।

# आपदा प्रबंधन की बारीकियों को सीखा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू के तत्वावधान में आयोजित उपमंडल स्तरीय इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को कुल्लू के मल्टीपर्पज भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सफलतापूर्वक समापन हुआ।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर आपदा प्रबंधन की बारीकियों को सीखा। इस कार्यक्रम का प्राथमिक लक्ष्य आपदा जैसी आपातकालीन स्थितियों में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय स्थापित करना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि आपदा के समय 'किसे क्या करना है (भूमिकाओं की स्पष्टता) व किस प्रकार एक त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम से जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कुल्लू के सभी उप-मंडलों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर आपदा प्रबंधन की तैयारियों को इतना सुदृढ़ करना है कि किसी भी चुनौती का सामना पूरी मुस्तैदी से किया जा सके।

इस अवसर पर एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर और सुरभि नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ होम गार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के कंपनी कमांडर कमल किशोर भंडारी, डीडीएमए कुल्लू के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों को मेडिकल फर्स्ट एड, फायर सेफ्टी और सीपीआर का गहन प्रशिक्षण दिया गया। एक विशेष ग्रुप एक्सरसाइज आयोजित की गई, जिसमें इंसीडेंट रिस्पांस टीम के सदस्यों ने अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का सजीव प्रदर्शन किया। भारत सरकार के आईआरएस मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार ने संसाधन व्यक्ति के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ आपदा प्रबंधन के वैश्विक मानकों व व्यावहारिक अनुभवों को साझा किया।



आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के दौरान। अनंत ज्ञान

# अब सीएचसी मनाली में भी होंगे आंखों के सफल ऑपरेशन

अनंत ज्ञान

**मनाली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनाली में अब आंखों से संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं का सफल इलाज होगा।

एलाइन दुहांगन जलविद्युत परियोजना प्रीणी की ओर से लगभग 14 लाख की लागत से आंख संबंधी स्वास्थ्य सुविधाओं के उपकरण मनाली अस्पताल में स्थापित किए गए। इस अवसर पर मनाली विस के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सभी उपकरणों का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मनाली में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पूरी इच्छाशक्ति से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आंखों की बीमारियों व उनके बेहतर इलाज के लिए मनाली अस्पताल में स्थापित सभी अत्याधुनिक उपकरणों के आ जाने से घाटी के लोगों को अब निजी अस्पतालों या मनाली से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनाली अस्पताल में सेवाएं दे रहे आई सर्जन डॉ. अंचित वापा के बेहतर डॉक्टर हैं और अब आंखों की बीमारियों से संबंधित उपकरणों के आ जाने से मनाली अस्पताल में ही लोगों को बेहतर सुविधाएं देंगे।

विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि पिछले तीन सालों में प्रदेश सरकार ने मनाली अस्पताल के लिए बेहतर चिकित्सकों से लेकर आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई हैं जिसका स्थानीय जनता और पर्यटकों को बेहतर लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर बीएमओ नग्गर डॉ. करनजीत सिंह ने कहा कि मनाली अस्पताल को मिले इन उपकरणों में एक पोर्टेबल एक्सरे मशीन भी शामिल है, जिससे टीवी के संभावित मरीजों की जगह जगह जाकर उनके घर द्वार जाकर मरीजों की पहचान और उनका तुरंत इलाज संभव हो सकेगा। मनाली अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी एवं आई सर्जन डॉ. अंचित वापा ने बताया कि मनाली अस्पताल को मिले स्वास्थ्य उपकरणों की मदद से अब आंखों पर पड़ने वाले दबाव और आई लेंस की पावर को भी मापा जा सकता है।

**आयोजन** ईको टूरिज्म सोसायटी कुल्लू व नेचर कंजरवेशन की गवर्निंग बॉडी की हुई बैठक

# ईको टूरिज्म गतिविधियों में स्थानीय भागीदारी को बढ़ावा देने पर बल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** ईको टूरिज्म सोसायटी कुल्लू तथा नेचर कंजरवेशन सोसायटी की गवर्निंग बॉडी की 17वीं बैठक अरण्यपाल संदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा गवर्निंग बॉडी की बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति के वार्षिक कार्य योजना को अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विकासात्मक व इको टूरिज्म से जुड़े महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई व कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में मौहल स्थित वाटर पोंड/लेक के संचालन काइसधार व जाना के फॉरेस्ट रेस्ट हाउसों के सुदृढ़ीकरण के लिए किचन, हाउस कीपिंग व डाइनिंग हॉल सेवाओं, सहित सोलंग नाला स्थित गैंग हट में किचन, हाउसकीपिंग व डाइनिंग हॉल सेवाओं को आउटसोर्स करने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त मनाली क्षेत्र में डंपिंग साइट के पास एडवेंचर गतिविधियों को बढ़ावा देने, सोलंग नाला से अंजनी महादेव तक एटीवी ट्रैक संचालन, मनाली के होटल चंद्रताल क्षेत्र में कैंपिंग साइट विकसित करने तथा जरड़ विहाल वन विहार राफ्टिंग गतिविधियों के लिए यूजर चार्ज निर्धारित करने पर भी सहमति बनी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इको टूरिज्म गतिविधियों के संचालन में स्थानीय युवक मंडलों व महिला मंडलों को पहली प्राथमिकता दी जाए। दूसरे स्थान पर ऑनलाइन माध्यम से निजी पार्टियों और इसके बाद निकटवर्ती होटलों को भी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत जोड़ा जाएगा। गवर्निंग बॉडी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी गतिविधियां प्रकृति के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए संचालित की जाएं, ताकि पर्यावरण को बिना क्षति पहुंचाए स्थानीय स्तर पर रोजगार और आजीविका के अवसर सृजित किए जा सकें। इसके तहत 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन साइट' के रूप में स्थानीय युवाओं एवं महिला मंडलों को प्राथमिकता देने पर सहमति जताई गई, जिससे क्षेत्रीय भागीदारी व स्वामित्व की भावना को बढ़ावा मिलेगा। डीसी ने बैठक में माउंटेन ट्रेल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के सुझाव दिए, ताकि जिले के विभिन्न ट्रैकिंग रूट्स को व्यवस्थित, सुरक्षित व पर्यावरण के अनुकूल तरीके से विकसित किया जा सके। इसमें ट्रेल्स की पहचान, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, साइनज, सुरक्षा उपायों और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। अध्यक्ष ने कहा कि ईको टूरिज्म के माध्यम से न केवल प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा, बल्कि स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाते हुए सतत विकास की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में सभी सदस्यों ने प्रस्तावित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने पर बल दिया। बैठक में हेड साइंटिस्ट जीबी पंत नेशनल इंस्टीट्यूट राकेश कुमार सिंह, डीएफओ सिराज मनोज, डीएफओ लाहौल इंद्रजीत, डीएफओ कुल्लू एंजेल चौहान, डीएफओ हैडक्वाटर शशि किरण, जिला पर्यटन विकास अधिकारी रोहित शर्मा, बीडीओ लक्ष्मण चंद शर्मा, रोशन ठाकुर, पूर्व प्रधान मोहर सिंह, एसीएफ लाहौल अनु ठाकुर, जिला पंचायत अधिकारी दयाराम ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी, किशोर कुमार, एसीएफ कुल्लू वनिश मौजूद रहे।



बैठक के दौरान डीसी सहित अन्य गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

# भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ ने 12 मंडलों में सह-संयोजकों की नियुक्तियां की

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ, जिला कुल्लू ने अपनी संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाते हुए कार्यकारिणी का विस्तार किया है।

जिला संयोजक हरीश चंद्र गौतम ने प्रदेश व जिला नेतृत्व के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद जिला के सभी 12 मंडलों में सह-संयोजकों की नियुक्तियों की घोषणा की है। यह विस्तार भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जगदीश चंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष अमित सूद व जिला कुल्लू के सभी 12 मंडलों के अध्यक्षों की सहमति के उपरांत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जिला संयोजक हरीश चंद्र गौतम द्वारा जारी सूची के अनुसार नियुक्तियां इस प्रकार हैं। मंडल नियुक्त सह-संयोजक मनाली राजकुमार, राम सिंह, सुरेश नेगी, भोप राम। नगर-गौरव ठाकुर, कर्म चंद, अभिषेक ठाकुर, घनश्याम ठाकुर। कुल्लू- रोशन लाल, मोहर सिंह, कर्ण सिंह, इंद्र सिंह। भुंतर- श्याम चंद, रीगलू राम, जय सिंह, जीव नंद। पार्वती- हीरा लाल, गोपाल, कमल चंद, बबु राम। बजौरा- सोम देव शर्मा, चमन लाल, मोहर सिंह, विजय कुमार, सैंज-रघुवीर सिंह, रोशन लाल, पूर्ण चंद, सपन शर्मा। मंगलौर-कनु, रोशन नेगी, तेजस्वी, छापे राम। बंजार-महेंदर सिंह, प्रशांत शर्मा, भागा सिंह, शरवन शर्मा। आनी- राम सिंह, मनोहर लाल, नित्या राम, ओमी दलाश सुमित कुमार, केहर सिंह, अशोक कुमार, पदम सिंह। निरमंड- रंजीत ठाकुर, रमन शर्मा, किशन, बाल कृष्ण।

### संगठन को मिलेगी नई धार

**जिला** संयोजक हरीश चंद्र गौतम ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन नियुक्तियों से पार्टी की चुनावी तैयारियों व संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सह-संयोजक धरातल पर उतरकर संगठन को और अधिक सुदृढ़ करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद ने भी खुशी व्यक्त करते हुए सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## राजगढ़ एचआरटीसी सब डिपो : बसें घटीं; सुविधाएं ठप, लोगों में नाराजगी

# बसों की संख्या 13 से घटकर रह गई 10

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजगढ़ में एचआरटीसी सब डिपो की स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि यदि सरकार बसों की संख्या बढ़ाने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में असमर्थ है, तो सब डिपो का बोर्ड हटाना ही बेहतर होगा। स्थानीय निवासियों रामकुमार शर्मा, देसराज ठाकुर, रविंद्र सिंह चौहान और लेखराम शर्मा सहित कई लोगों ने बताया कि सब डिपो बनने से पहले राजगढ़ में 13 बसें और 30 से अधिक रूट संचालित होते थे, लेकिन सब डिपो बनने के बाद स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ गई है। वर्तमान में बसों की संख्या घटकर मात्र 10 रह गई है और रूट भी 30 से घटकर करीब 20 ही रह गए हैं।

लोगों का कहना है कि इस सब डिपो से कोई भी लंबी दूरी की बस सेवा शुरू नहीं की गई है, जबकि हरिद्वार, दिल्ली, चंडीगढ़ और शिमला के लिए सीधी बस सेवा की मांग लंबे समय से की जा रही है। वहीं क्षेत्र में निजी बसों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### ◆ लोगों ने उठाई सुधार या बोर्ड हटाने की मांग







### आठ साल बीते, सुविधाओं में कोई सुधार नहीं

**गौरतलब** है कि वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राजगढ़ में सब डिपो खोलने की घोषणा की थी, जिसके बाद 27 फरवरी, 2019 को इसका उद्घाटन किया गया। लेकिन लगभग आठ साल बीत जाने के बाद भी यहां सुविधाओं में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। स्टाफ के नाम पर केवल एक अड्डा इंचार्ज तैनात है और बसों की मरम्मत के लिए कोई मैकेनिक उपलब्ध नहीं है। छोटी-मोटी मरम्मत भी निजी वर्कशॉप में करानी पड़ती है।

**राजगढ़** के अधिकांश रूट घाटे में चल रहे हैं और बसों में अधिकतर स्कूली बच्चे सफर करते हैं। मांग के आधार पर लंबी दूरी की बसें शुरू की जा सकती हैं।

**सुरेंद्र राजपूत, क्षेत्रीय प्रबंधक, एचआरटीसी सोलन**

## सिरमौरी मंदिर में परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया पर मेला आयोजित

**अनंत ज्ञान, सारहां।** उपमंडल पछाद के अंतर्गत आने वाली पंचायत सिरमौरी मंदिर में परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर देवता परशुराम मेला कमेटी द्वारा एक दिवसीय मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में इलाके के जाने-माने ट्रांसपोर्टर एवं समाजसेवी विनोद शर्मा 'बिट्टू' ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि का मेला कमेटी के प्रधान राजेश गौतम, संजय गौतम, सत्य प्रकाश गौतम, संदीप शर्मा, खेमा ठाकुर, संजय शर्मा सहित स्थानीय लोगों व मेला कमेटी के अन्य सदस्यों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मेले के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने देवता परशुराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और मेले का आनंद लिया।

## अवैध पार्किंग से जाम: परवाणू बस अड्डे पर बस चालकों की बढ़ी परेशानी

# प्रवेशद्वार पर खड़े वाहनों से बाधित बस संचालन, हादसे का खतरा बढ़ा

अनंत ज्ञान

**परवाणू।** परवाणू शहर के अंतरराज्यीय बस अड्डे के प्रवेशद्वार के साथ दोनों ओर खड़े ट्रक, जीपें और निजी वाहन एचआरटीसी बस चालकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहे हैं। इस अवैध व अव्यवस्थित पार्किंग के चलते बसों को अड्डे के अंदर आने-जाने में कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। निजी वाहन चालक यहां अपनी उद्योग की बसें, छोटी-बड़ी गाड़ियों को पार्क करके चले जाते हैं, जिससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि कुछ ट्रक तो कई दिन यहीं खड़े रहते हैं।

एचआरटीसी बस चालकों का कहना है कि प्रवेशद्वार के पास वाहनों की भीड़ के कारण बसों को मोड़ने और निकालने में जोखिम बना रहता है। कई बार जाम जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। साथ ही यात्रियों को भी असुविधा झेलनी पड़ती है।


बस अड्डे के प्रवेशद्वार के साथ दोनों ओर खड़े वाहन। अनंत ज्ञान

**समस्या** को लेकर एचआरटीसी क्षेत्रीय प्रबंधक परवाणू को लिखित शिकायत भेजी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही उचित कार्रवाई करते हुए यहां खड़े वाहनों को हटवाया जाएगा, जिससे बसों की आवाजाही सुचारू हो सके।

**प्रीतम सिंह, अड्डा प्रभारी, परवाणू**

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन के नौणी में खाई में गिरी कार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन की नौणी पंचायत में एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। प्रारंभिक जांच में वाहन का स्टीयरिंग लॉक होना कारण बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी खाई में जा गिरी। वाहन को भारी नुकसान हुआ, लेकिन चालक को केवल हल्की चोटें आईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हादसे के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी। स्थानीय लोग वाहन की तकनीकी खराबी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। यह घटना क्षेत्र में सतर्कता बरतने की याद दिलाती है।

### सोलन में राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मई को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन परिसर सहित कंडाघाट, अर्की, कसौली और नालागढ़ न्यायालय परिसर में नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन के सचिव प्रशांत सिंह नेगी ने दी। प्रशांत सिंह नेगी ने कहा कि नौ मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई इच्छुक व्यक्ति राष्ट्रीय लोक अदालत अपने मामलों का निपटारा करवाना चाहता है तो वह निर्धारित तिथि से पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय सोलन अथवा जिला के सभी न्यायालयों में सादे कागज पर आवेदन कर सकता है।

### नालागढ़ में भारी मात्रा में चूरा-पोस्त बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** नालागढ़ क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बद्दी पुलिस की स्पेशल सैल एक्स टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए गांव शेरावाली बगलैहड़ में दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के रिहायशी मकान से 14.375 किलोग्राम चूरा-पोस्त बरामद किया गया। आरोपी की पहचान सुनील कुमार पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार निवासी शेरावाली बगलैहड़ तहसील नालागढ़ जिला सोलन के रूप में हुई है, जिस पर कार्यवाही करते एनडीपीएस अधिनियम के अधीन अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगामी अन्वेषण कार्यवाही की जा रही है।

### विद्यार्थियों को नशाखोरी के दुष्प्रभावों के प्रति किया जा रहा जागरूक : एसपी

**अनंत ज्ञान सोलन।** जिला सोलन पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान लगातार सख्त और प्रभावी रूप ले रहा है। एसपी सोलन के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 49 मामले दर्जकर 107 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 82 हिमाचल और 25 अन्य राज्यों से संबंधित हैं। इसके साथ ही सप्लाई चेन को तोड़ते हुए पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ से जुड़े 12 बड़े सप्लायरों की गिरफ्तारी कर नशे के नेटवर्क को कमजोर किया गया है। युवाओं को जागरूक करने के लिए शुरू की गई 'रुस्तम योजना' के तहत रुस्तम वॉलंटियर्स द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर स्किट और संवाद के माध्यम से लगभग 16,000 लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया है। इसके अलावा सभी राजपत्रित अधिकारियों को एक-एक स्कूल अडॉप्ट कर विद्यार्थियों को नियमित रूप से जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### धुंदन विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए स्वागत समारोह

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य मिस मनोरमा कुमारी चड्ढा की अध्यक्षता में एक सूक्ष्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छठी कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन करना था, ताकि नए विद्यार्थी विद्यालय के वातावरण में सहज महसूस कर सकें। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को मां सरस्वती के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करवाई गई तथा उनका विद्यालय में स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को एक-एक बॉल पेन और बिस्कुट का पैकेट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य ने क्षेत्रवासियों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों तथा आसपास के बच्चों का अधिक से अधिक संख्या में इस विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करें।

## राज्य निर्वाचन आयोग से चुनाव की तिथियों में बदलाव की मांग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा शहरी मंडल सोलन के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नगर निगम सोलन का चुनाव दिनांक 17 मई को निर्धारित किया गया है। उसी समय राधा स्वामी सत्संग ब्यास द्वारा दिनांक 16 एवं 17 मई को एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बाहर से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसी स्थिति में एक ही समय पर इतने बड़े धार्मिक आयोजन और नगर निगम चुनाव का होना प्रशासनिक दृष्टि से एक गंभीर चुनौती उत्पन्न कर सकता है। शहर में यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। साथ ही मतदान का समय दोपहर 3:00 बजे तक सीमित होने के कारण आम मतदाताओं को भी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन को एक ओर इतने बड़े धार्मिक सम्मेलन को सुचारू रूप से संपन्न करवाने की जिम्मेदारी होगी। अत: प्रशासन एवं राज्य निर्वाचन आयोग से विनम्र आग्रह है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर पुनर्विचार किया जाए, ताकि दोनों महत्वपूर्ण आयोजनों का सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित हो सके।

## बेसहारा एवं जरूरतमदों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत प्रदेश सरकार : डॉ. शांडिल

# ममलीग में जरूरतमंद महिलाओं को वितरित कीं 50 सिलाई मशीनें

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन विधानसभा क्षेत्र के ममलीग में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार बेसहारा और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से जरूरतमंद महिलाओं को 50 सिलाई मशीनें वितरित की गईं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।

डॉ. शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है। एक सशक्त नारी ही समाज को मजबूत आधार प्रदान करती है और इसी उद्देश्य से सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण देन है। इसके अतिरिक्त पुलिस भर्ती में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। सरकार ने लड़कियों की विवाह योग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने का निर्णय भी लिया है, जिससे महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है।

स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि हिमकेयर योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसमें कई सुधार किए गए हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण लगेगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।


जन समस्याएं सुनते मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल। अनंत ज्ञान

### कथेड़ में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल ने सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और समयबद्ध पूर्णता के सख्त निर्देश दिए। यह अस्पताल मातृ-शिशु इकाई सहित लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है। अस्पताल से हिमाचल व अन्य राज्यों के यात्रियों व स्थानीय निवासियों को आधुनिक चिकित्सा व आपात सुविधाएं मिलेंगी। मंत्री ने गुणवत्ता व समयबद्धता पर जोर दिया। निर्माण एजेंसियों को मेले तक पूरा करने का लक्ष्य सौंपा गया।

## सोलन तथा कसौली में पशु मित्र भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा 24 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पशुपालन विभाग द्वारा सोलन एवं कसौली में पशु मित्रों की भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा 24 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को वरिष्ठ पशु चिकित्सक धर्मपुर एवं पशु मित्र एन्गेजमेंट समिति के सदस्य सचिव डॉ. बीबी करकरा ने दी। डॉ. करकरा ने कहा कि शारीरिक परीक्षा 24 अप्रैल को प्रात: 09.00 बजे पाईनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के तहत सोलन में 3 तथा कसौली में 5 पदों के लिए यह चयन किया जाना है। कुल 54 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इनमें सोलन उपमंडल से 17 तथा कसौली उपमंडल से 37 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि सोलन उपमंडल में 6 महिला तथा 11 पुरुष और कसौली उपमंडल में 12 महिला तथा 25 पुरुषों ने आवेदन किया है। सदस्य सचिव ने कहा कि सभी अभ्यार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों एवं खेल परिधान सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## महलोग सभा का जनसंपर्क अभियान घ्याण में बैठक, जनभागीदारी पर जोर

अनंत ज्ञान

**कसौली।** कसौली क्षेत्र की महलोग सभा द्वारा पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत ग्राम पंचायत बाड़ियां के गांव घ्याण में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिया लाल ठाकुर ने की, जिसमें महासचिव देवकरण कौशल सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। सभा में क्षेत्रीय समस्याओं, संगठन के विस्तार और जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक लोगों को सभा से जोड़ने और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती उसके सदस्यों की संख्या और सक्रियता पर निर्भर करती है, जिससे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर सकारात्मक प्रभाव डाला जा सकता है। क्षेत्र में सड़क, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान में सभा की भूमिका को भी रेखांकित किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में जिया लाल ठाकुर ने महलोग सभा के गौरवशाली इतिहास, उद्देश्यों और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि यह संस्था स्वतंत्रता से पूर्व की है और वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही है। हालांकि आज भी कई पंचायतों में इसके बारे में जानकारी का अभाव है, जिसे दूर करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## शूलिनी विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# समुदाय की सहभागिता से सतत् भविष्य की दिशा में मंथन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह-विज्ञान और समुदाय के माध्यम से सतत् विकास को प्रेरित करना' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने विज्ञान आधारित समाधानों और समुदाय-नेतृत्व वाली कार्रवाई पर चर्चा की। जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान संकाय द्वारा टैगोर सेमिनार हॉल में आयोजित यह सेमिनार, नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज इंडिया (NASI), चंडीगढ़ चैप्टर और सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। उद्घाटन सत्र में पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए वैज्ञानिक नवाचार के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया गया। संस्थापक कुलाधिपति प्रो. पीके खोसला ने छात्रों और शोधकर्ताओं से सतत विकास के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। विज्ञान विभाग के डीन प्रो. सुनील पुरी ने बेहतर भविष्य के लिए संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। चंडीगढ़ चैप्टर के सचिव और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग के मानद प्रोफेसर, प्रो. केके भासिन ने सतत् विकास को आगे बढ़ाने में वैज्ञानिक संस्थानों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक ज्ञान को व्यावहारिक समाधानों में बदलने के लिए शिक्षा जगत, अनुसंधान संस्थानों और समुदायों के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है।

जयपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूआईटी), वाकनाघाट के भौतिकी और पदार्थ विज्ञान विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर पी.बी. बर्मन ने सतत विकास में नैनो तकनीक की भूमिका पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे हरित नैनो तकनीक ऊर्जा प्रणालियों, पर्यावरण सफाई, जल शोधन और कृषि में सहायक हो सकती है। एमिटी विश्वविद्यालय पंजाब, मोहाली के पूर्व कुलपति, प्रोफेसर आर.के. कोहली ने शासन और सतत विकास के विषय पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक प्रगति संरक्षण और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने पर निर्भर करती है। संगोष्ठी में छात्रों द्वारा विषय से संबंधित शोध प्रस्तुतियाँ और पोस्टर सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे शैक्षणिक सहभागिता और नए विचारों को प्रोत्साहन मिला। जैविक और पर्यावरण विज्ञान संकाय की एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, डॉ. रचना वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## अर्की में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर उपमंडल अर्की के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों ने न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारा, बल्कि उन्हें अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। 14 से 20 अप्रैल तक चले इस विशेष अभियान के अंतर्गत 'सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पहल में कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को सशक्त ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने समाज को सुरक्षा के महत्व का संदेश दिया। लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की की छात्रा भानवी शर्मा द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त करना इस आयोजन की प्रमुख उपलब्धि रही, जिसे विद्यालय परिवार ने गर्व के साथ सराहा।

## महिला सशक्तिकरण संकल्प का प्रतीक नारी शक्ति वंदन कानून : बलदेव तोमर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देश की राजनीति एक बार फिर गर्मा गई है, जहां भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी बयानबाजी देखने को मिल रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव तोमर ने इस अधिनियम को महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए विपक्ष पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को बराबरी और नेतृत्व के अवसर देने की सोच का प्रतीक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है। वहीं कांग्रेस पर आरोप लगाया गया कि उसने वर्षों तक महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया, लेकिन उसे लागू करने की इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच बढ़ती बयानबाजी ने इसे एक बड़ा जनचर्चा का विषय बना दिया है।



### नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध निंदनीय : दर्पणा

**अनंत ज्ञान, अर्की।** महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दर्पणा ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय यह कार्य मन को आहत करने वाला है। जिस तरह लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का विरोध कर कांग्रेस और विपक्ष ने नारीशक्ति की आवाज को दबाने का प्रयास किया है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर कांग्रेस के विरोध के खिलाफ महिला मोर्चा 23 अप्रैल को चौड़ा मैदान शिमला में पहुंच कर सड़कों पर उतरेगी और जन-आक्रोश के साथ महिला पदयात्रा भी निकलेगी। दर्पणा ठाकुर ने कहा की यह पदयात्रा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण की बुलंद आवाज है। यह एक सिर्फ शुरुआत है, नारीशक्ति अब रुकने वाली नहीं है।

## पांवटा में वन्य जीव अवशेष बरामदगी पर एसपी से मिले ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के सीमावर्ती क्षेत्र पांवटा साहिब के घुतनपुर गांव में 15 अप्रैल को एक घर में वन्य जीवों के अवशेष बरामदगी मामले को लेकर मंगलवार को दर्जनों ग्रामीण नाहन पहुंचे और पुलिस अधीक्षक सिरमौर से मुलाकात की। ग्रामीणों का कहना है कि साजिश के तहत मामले में दो लोगों को फसाया गया है। ऐसे में इस मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### यह है मामला

**गौर** हो कि 15 अप्रैल को पांवटा साहिब के घुतनपुर गांव के एक घर से तेंदुए की खाल, तेंदुए के पंजे, घोरल के सींग के 3 जोड़े, काकड़ के सींग के 2 जोड़े, 3 खाली कारतूस, मांस काटने का तेजधार हथियार बरामद हुआ था और इस मामले में वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## गौरव | नई दिल्ली में हुई 'मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ सब्स्टेंस' के 15वें सीजन की प्रतियोगिता

# सुमेहा पलाटिया बनीं 'मिसेज इंटेलिजेंस इंडिया-2026

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन की सुमेहा पलाटिया ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन करते हुए 'मिसेज इंटेलिजेंस इंडिया-2026' का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह प्रतियोगिता नई दिल्ली में आयोजित 'मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ सब्स्टेंस' के 15वें सीजन के तहत हुई, जिसमें देशभर से चयनित 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सुमेहा ने अपने आत्मविश्वास, प्रभावशाली व्यक्तित्व और बहुआयामी प्रतिभा के दम पर सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के टैलेंट राउंड में उन्होंने शास्त्रीय नृत्य (कथक) और गायन की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे जजों और दर्शकों दोनों ने खूब सराहा। उनकी प्रस्तुति की विशेष प्रशंसा अभिनेता कुणाल कपूर, पैमी कौल और अभिनेत्री महिमा चौधरी सहित प्रतिष्ठित जूरी पैनल द्वारा की गई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन आत्मविश्वास, सामाजिक जागरूकता, प्रतिभा और व्यक्तित्व के आधार पर किया।

### ◆ सोलन की बेटी ने हासिल किया प्रतिष्ठित खिताब



### शैक्षणिक और पेशेवर सफर

**सुमेहा** पलाटिया का शैक्षणिक और पेशेवर सफर भी उतना ही प्रेरणादायक है। उन्होंने कुरुक्षेत्र के एनआईटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की, इसके बाद एसजेवीएन में नौकरी प्राप्त की और आगे चलकर आईआईएम रांची से एमबीए किया। वह आकाशवाणी शिमला की ग्रेडेड कलाकार, लेखिका और मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। वर्ष 2025 में उनका काव्य संग्रह 'अंतरगाथा' प्रकाशित हुआ था। वर्तमान में सुमेहा शिमला स्थित एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी यह सफलता आधुनिक भारतीय नारी की शक्ति, आत्मविश्वास और बहुमुखी प्रतिभा का प्रतीक बन गई है।


### महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी सुमेहा

**सुमेहा** की यह उपलब्धि न केवल उनकी कड़ी मेहनत और लग्न का परिणाम है, बल्कि यह आधुनिक भारतीय नारी के आत्मविश्वास और सशक्त व्यक्तित्व का प्रतीक भी है। उनकी सफलता ने हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है और देशभर की महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।

# सेंसेक्स में 753 अंक की तेजी निफ्टी में भी 212 अंक का उछाल

## एफएमसीजी और रियल्टी के शेयर्स सबसे ज्यादा चढ़े

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स** मंगलवार को 753 अंक (0.96%) की तेजी के साथ 79,273 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 212 अंकों (0.87%) की तेजी रही, ये 24,577 पर पहुंच गया। कारोबार में निफ्टी एफएमसीजी और रियल्टी शेयरों में खरीदारी रही, जबकि फार्मा में सबसे ज्यादा बिकवाली देखी गई। अमेरिकी बाजारों में मजबूती और एशियाई बाजारों (निक्केई और कोस्पी) में बढ़त का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ा। पॉजिटिव ग्लोबल सेंटीमेंट्स ने निवेशकों का उत्साह बढ़ाया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रेंट क्रूड की कीमतों में कमी आई है। भारत तेल का बड़ा आयातक है, इसलिए तेल सस्ता होने से इकोनॉमी और कंपनियों के मार्जिन को फायदा मिलता है। अमेरिका में 10 साल के ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड में गिरावट आई है। जब बॉन्ड यील्ड गिरती है, तो विदेशी निवेशक भारतीय जैसे उभरते बाजारों में पैसा लगाना पसंद करते हैं। उधर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे 'हैवीवेट' शेयरों में शुरुआती कारोबार में अच्छी खरीदारी देखी गई, जिससे इंडेक्स ऊपर चढ़ा। शेयर बाजार में सोमवार, 20 अप्रैल को मामूली बढ़त रही। सेंसेक्स 27 अंक की तेजी के साथ 78,520 पर बंद हुआ।

निफ्टी में 11 अंक की बढ़त रही, ये 24,365 के स्तर पर बंद हुआ। आज बैंकिंग, मीडिया और ऑटो शेयर्स में खरीदारी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट और 12 में बढ़त रही। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 612 रुपए सस्ती 2.50 लाख पर आई

## सोना 59 रुपए बढ़कर 1.52 लाख पर पहुंचा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोने** के दाम में मंगलवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 59 रुपए बढ़कर 152,155 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 20 अप्रैल को इसकी कीमत 1,52,096 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी के दाम में आज गिरावट देखने को मिल रही है। एक किलो चांदी 612 रुपए गिरकर 2,50,063 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले सोमवार को इसकी कीमत 2,50,675 रुपए प्रति किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए और चांदी 20 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.50 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक को सऊदी अरब से मिले एक अरब डॉलर

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक को सऊदी अरब के वित्त मंत्रालय से एक अरब अमेरिकी डॉलर मिले हैं। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सऊदी अरब के वित्त मंत्रालय से एक अरब अमेरिकी डॉलर मिले हैं। यह रकम 20 अप्रैल 2026 को बैंक के खाते में आई है। 'यह हाल ही में सऊदी अरब के साथ हुए तीन अरब डॉलर के समझौते की दूसरी किस्त है। पहली किस्त दो अरब डॉलर की थी, जो 15 अप्रैल 2026 को बैंक को मिल चुकी है। इससे पहले वीरवार को ही पाकिस्तानी केंद्रीय बैंक ने सऊदी अरब से दो अरब अमेरिकी डॉलर की राशि मिलने की पुष्टि की थी। यह राशि ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बना हुआ है। गौरतलब है कि सऊदी अरब ने पाकिस्तान के लिए अपनी पांच अरब डॉलर की जमा सुविधा को तीन वर्ष के लिए बढ़ा दिया था। इसके अलावा, अलग से तीन अरब डॉलर जमा करने का भी आश्वासन दिया था। (अनंत ज्ञान)




# ममता की चुनावी रणनीति बनाने वाली 'आई-पैक' का ऑफिस बंद

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और सीएम ममता बनर्जी का चुनावी कैंपेन संभाल रही फर्म 'आई-पैक' का कोलकाता के विधाननगर स्थित दफ्तर दो दिन से बंद है। सूत्रों के अनुसार इसके एचआर ने 1300 कर्मियों को काम पर न आने का लेटर भेजा है। यह सब ऐसे समय हुआ है जब पहले चरण का मतदान को 3 दिन बचे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण के तहत 152 सीटों पर वोटिंग होनी है। चुनाव प्रचार 21 को खत्म हो जाएगा। दूसरे चरण की वोटिंग 29 अप्रैल को है। रिजल्ट 4 मई को आएंगे।

◆ **चुनाव में 1 लाख एजेंट दिए फर्म पर ईडी और सीबीआई ने मनी लॉन्ड्रिंग केस किया**

दरअसल, तृणमूल की बूथ लेवल की गतिविधि से लेकर नेताओं की सभाएं, रैलियां, सब कुछ तय करने में 'आई-पैक' यानी इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी एक पॉलिटिकल कंसल्टेंसी कंपनी की अहम भूमिका निभा रही है। बंगाल में पार्टी के मौजूदा करीब 33% विधायकों के टिकट काटने के फैसले के पीछे भी इसी का सर्वे आधार था। इसने बंगाल के 93 हजार पोलिंग बूथों के लिए एक लाख शैडो एजेंट्स तैयार किए थे। तृणमूल भले ही इसके बंद होने की खबरों को खारिज कर रही है, लेकिन मतदान से ठीक पहले संगठन और कार्यकर्ता असमंजस में आ गए हैं। हालांकि भास्कर के सवाल पर पार्टी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा- हम संसद में दूसरी बड़ी विपक्षी पार्टी हैं। 5 एजेंसियां के साथ काम कर रहे हैं। सभी ठीक है। पार्टी के एक अन्य नेता ने बताया कि टीएमसी संगठन 4 स्तर पर काम कर रहा है। इस बीच, टीएमसी ने आशंका जताई है कि उसके 800 नेताओं, कार्यकर्ताओं को केंद्रीय सुरक्षा बल एहतियातन गिरफ्तार कर सकते हैं। इसे लेकर पार्टी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर तुरंत सुनवाई की मांग की है। पार्टी को यह भी आशंका है कि केंद्रीय बल राज्य के पुलिस थानों को कब्जे में ले सकते हैं। उधर, आई-पैक का मामला सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

# विज्ञान और धर्म दोनों से नहीं मिली शांति: भागवत

**एजेंसी, अगरतला।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि 2000 साल तक शासन, धर्म और विज्ञान के अलग-अलग प्रयोगों के बाद अब दुनिया भटक गई है और भारत के ज्ञान की ओर देख रही है। उन्होंने यह बात त्रिपुरा के मोहनपुर में धार्मिक कार्यक्रम में कही। भागवत मां सौंदर्य चिन्मयी मंदिर के प्रतिष्ठा और कुंभाभिषेक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



भागवत ने कहा कि पहले सत्ता राजा को दी गई, लेकिन बाद में राजा ही जनता का शोषण करने लगा। इसके बाद लोगों ने भगवान को सर्वोच्च मानकर धर्म बनाए, लेकिन इससे भी खून-खराबा नहीं रुका। विज्ञान के दौर में भी मानव की समस्याएं खत्म नहीं हुईं। लोगों ने कहा कि हम वैज्ञानिक हैं, जब तक भगवान लैब में नहीं दिखेगा, हम नहीं मानेंगे। इसके बाद विज्ञान का दौर आया। कई सुविधाएं और आराम मिले, लेकिन संतोष नहीं आया। आज भी दुनिया में दुख है, परिवार टूट रहे हैं, अपराध बढ़ रहे हैं। युद्ध शुरू होते हैं तो रुकते नहीं। विकास जितना बढ़ रहा है, पर्यावरण उतना ही नष्ट हो रहा है। अब 2000 साल के इन प्रयोगों के बाद दुनिया भटक रही है और भारत के ज्ञान की ओर उम्मीद से देख रही है। उन्होंने इसे भारत का कर्तव्य बताया और कहा कि यही भारत के जीवन का उद्देश्य है। कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# भारत की अर्थव्यवस्था 2026 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद

## यूएन रिपोर्ट: 2027 में 6.6 प्रतिशत रह सकती है विकास दर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की अर्थव्यवस्था 2026 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है और 2027 में यह दर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दी गई। एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (ईएससीएपी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में 2025 में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2024 में यह दर 5.2 प्रतिशत थी, और यह वृद्धि मुख्य रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.4 प्रतिशत की मजबूत विकास दर से बढ़ने के कारण थी। रिपोर्ट में कहा कि मजबूत ग्रामीण खपत, जीएसटी में कटौती, अमेरिकी टैरिफ से पहले एक्सपोर्ट फ्रंट लोडिंग ने भारतीय अर्थव्यवस्था की गति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रिपोर्ट कहा कि अगस्त 2025 में अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लागू किए जाने के बाद यूएस को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट के चलते, वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों में नरमी आई। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, भारत में मुद्रास्फीति 2026 में 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। व्यापारिक तनाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण विकासशील एशियाई और प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में गिरावट आई है, जबकि 2024 में इसमें 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, इस क्षेत्र में एफडीआई 2025 में 2 प्रतिशत तक गिर गया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, 'एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, पहली तीन तिमाहियों में सबसे अधिक ग्रीनफील्ड एफडीआई आकर्षित करने वाले देश भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और कजाकिस्तान थे, जिन्होंने क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की।' रिपोर्ट में भारत की उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजना की सराहना की गई है, जो सौर फोटोवोल्टिक, बैटरी और हरित हाइड्रोजन के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन देकर हरित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने वाली व्यापक आर्थिक नीति का प्रमाण है। (अनंत ज्ञान)

# पहलगाम हमले की पहली बरसी आज, बैसरन आज भी बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पहलगाम हमले की 22 अप्रैल को पहली बरसी है। कश्मीर के सभी टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा है। श्रीनगर से करीब 95 किमी दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों को आतंकियों ने गोलियों से भून दिया था। तब से यह घाटी बंद है। बैसरन घाटी में किसी को भी एक तय सीमा से आगे जाने की इजाजत नहीं है। पहलगाम के दूसरे टूरिस्ट स्पॉट बेताब वैली और चंदनवाड़ी तक जाने पर फिलहाल रोक नहीं है। पर्यटक पहले से 30-40% तक सिमट गए हैं। स्थानीय लोगों में गुस्सा है कि वैली को क्यों नहीं खोला जा रहा। आखिर उनका क्या कसूर है, जो आने वाले सैलानियों पर पाबंदियां लगा दीं। इधर, भारतीय सेना ने मंगलवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट किया है, जिसमें आतंकियों और उनके रहनुमाओं को चेतावनी दी है। पोस्ट के साथ जारी तस्वीर में सिंदूर और भारत का नक्शा दिखाया गया है, जिसकी थीम ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी है। सेना ने कहा कि भारत कुछ नहीं भूला है, जो हदें लांघेगा उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

◆ **भारत कुछ नहीं भूला जो हदें लांघेगा उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा**

# महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी दीक्षांत समारोह में डॉल्फिन पीजी कॉलेज का परचम




अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** डॉल्फिन पीजी कॉलेज ने शैक्षणिक उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एमआरएस-पीटीयू) के दीक्षांत समारोह में 38 मेडल अपने नाम किए।

यह समारोह हाल ही में बठिंडा स्थित विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के तहत 19 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 19 को रजत पदक से सम्मानित किया गया। ये पदक वर्ष 2020 से 2025 के बीच आयोजित विश्वविद्यालय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किए गए। मेडल विजेता छात्रों ने फॉरेंसिक साइंस, ऑप्टोमेट्री, माइक्रोबायोलॉजी, रेडियोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी और कृषि जैसे विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता हासिल की। समारोह की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने की। उन्होंने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में आगे बढ़कर देश निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही युवाओं को नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजक बनने और अपने ज्ञान का उपयोग वास्तविक चुनौतियों के समाधान में करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विवेक प्रताप सिंह (आईएएस), प्रमुख सचिव; डॉ. संजीव शर्मा, कुलपति एमआरएस-पीटीयू; सुशील, सदस्य बीओजी एवं कुलपति पीटीयू; गुरिंदर, रजिस्ट्रार एमआरएस-पीटीयू बठिंडा; और मोनेश कुमार (आईएएस), निदेशक तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, पंजाब भी उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय अनुशासित अध्ययन, शिक्षकों की समर्पित मेहनत और मजबूत शैक्षणिक माहौल को दिया। वाइस चेयरमैन विभव मित्तल ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों को और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करेगी।

# घग्गर नदी के बांध का मजबूती संबंधी दौरा किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल द्वारा ने एसडीएम डेराबस्सी अमित गुप्ता तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर गांव तिवाणा में घग्गर नदी के बांध की मजबूती संबंधी दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने मौके पर प्रबंधों का जायजा लिया और संभावित कार्यों के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श किया। उन्होंने बताया कि इस दौरे के दौरान ग्रामीणों द्वारा घग्गर नदी को चौड़ा करने तथा मौजूदा रिवेटमेंट की मरम्मत व मजबूती संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे जिला समिति द्वारा विचार किया गया। इस प्रस्ताव के अनुसार गांव तिवाणा में घग्गर नदी की बुर्जी आर.डी. 33500 के डाउनस्ट्रीम से गांव की सीमा तक नदी की मौजूदा चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा, खुदाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी का उपयोग मौजूदा रिवेटमेंट के पीछे एक मजबूत बांध के निर्माण के लिए किया जाएगा। यह बांध लगभग 40 फुट चौड़ा होगा और इसकी लंबाई रिवेटमेंट के अनुरूप रखी जाएगी, जिससे रिवेटमेंट को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी।

# रैंप पर छात्रों ने बिखेरे रचनात्मकता के रंग

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** सीजीसी यूनिवर्सिटी, मोहाली के फैशन डिजाइनिंग विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाला वार्षिक फैशन शो मेराकी-2026 बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर एक शानदार मंच में परिवर्तित हो गया, जहां फैशन को केवल परिधान के रूप में नहीं बल्कि पहचान, संस्कृति और नवाचार के रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रसिद्ध पंजाबी अभिनेत्री सिमी चाहल ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके साथ निकेत ढिल्लों, नितिश रायजादा, सुखांचल कौर, भावना वाई.आर., साहिल, अर्श हुंदल, विशाल सिंह देओत और गौरव शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में रवि, पुनीत भाटिया, प्रीति पठानिया और मुकुल अरोड़ा शामिल थे, जिन्होंने छात्रों के डिजाइनों का मूल्यांकन उनकी रचनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर किया। मेराकी-2026 के दौरान छात्रों ने विभिन्न थीमों पर आधारित कलेक्शन प्रस्तुत किए, जिनमें परवाज, नक्श-ए-शाम, डिविनिटी एंड डार्कनेस, नील रंगरेज़, डेनिम अलकेमी और हिमाचल प्रदेश के शाही परिधानों पर आधारित द रॉयल्स फिट मुख्य आकर्षण रहे। छात्रों ने केवल डिजाइनिंग ही नहीं, बल्कि स्टाइलिंग, कोरियोग्राफी और रैंप प्रेजेंटेशन में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसका संपूर्ण प्रबंधन छात्रों द्वारा किया गया, जिसमें बैकस्टेज से लेकर मॉडल मैनेजमेंट तक हर कार्य में पेशेवर दृष्टिकोण देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए। बेस्ट डिजाइनर श्रेणी में पहला पुरस्कार ज्योति, पूनम कुमारी, सुमनप्रीत कौर और तनु रानी को 'राजवाड़ा - एक परंपरा स्टोरी' के लिए मिला। दूसरा पुरस्कार मानसी को 'एथनारा' कलेक्शन के लिए मिला, जबकि तीसरा पुरस्कार अजय, मोहम्मद साकिब और मनोज को 'सस्टेनेबल चिक: डेनिम एडिशन' के लिए दिया गया। बेस्ट इनोवेटिव डिजाइन के लिए संजना और तानिया को 'नील धारा' के लिए सम्मानित किया गया। बेस्ट कलेक्शन श्रेणी में मोहित शर्मा, लक्ष्मी सिंह और प्रिया शर्मा ने 'नक्श-ए-शाम' के लिए खिताब जीता। मिस और मिस्टर मेराकी 2026 प्रतियोगिता बेहद रोमांचक रही, जिसमें दिव्या रानी को मिस मेराकी 2026 और नितिन वर्मा को मिस्टर मेराकी 2026 चुना गया। बेस्ट वॉक श्रेणी में महिला वर्ग में मार्लिन और पुरुष वर्ग में विक्रांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। यह फैशन शो उभरते डिजाइनरों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें इंडस्ट्री के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# मोहाली से विधायक कुलवंत सिंह ने 24वीं व 25वीं बस को किया रवाना

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मोहाली से विधायक कुलवंत सिंह ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, फेज-1 मोहाली से श्रद्धालुओं से भरी 24वीं और 25वीं बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने बताया कि श्रद्धालु तीन दिन और दो रातों के दौरान श्री दरबार साहिब (अमृतसर), श्री दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ वाल्मीकि मंदिर, वाघा बॉर्डर और जलियांवाला बाग के दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत श्रद्धालुओं द्वारा पंजीकरण का क्रम लगातार तेज हो रहा है, जो बेहद संतोषजनक है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु गुरुद्वारा साहिब से अरदास कर श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना हुए और उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण हों। विधायक ने कहा कि आने वाले दिनों में मोहाली विधानसभा क्षेत्र से और भी बसें इस योजना के तहत रवाना की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की यह इच्छा थी कि वरिष्ठ नागरिकों को आस्था स्थलों के दर्शन आसानी से करवाए जाएं और इसी उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है। उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक बस के साथ गाइड और मेडिकल टीम मौजूद रहती है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनता से किए गए वादों और गारंटियों को पूरा करने के साथ-साथ अन्य जनहितैषी योजनाएं भी लगातार शुरू की जा रही हैं।

# एलन करियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जेईई मेन्स परीक्षा में रचा इतिहास

# दो छात्रों ने एआईआर टॉप 100 में स्थान किया हासिल

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** जेईई मेन्स के परिणामों में एलन करियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड, चंडीगढ़ के क्लासरूम छात्र अंशवीर सिंह धालीवाल ने एआईआर 63 और भारत बंसल ने एआईआर 78 प्राप्त कर पूरे पंजाब क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इनके साथ ही ईशान मित्तल एआईआर 154 और अतिक्ष जैन एआईआर 186 हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपने माता-पिता और चंडीगढ़ का नाम रोशन किया। अब तक संकलित परिणामों के अनुसार, एलन चंडीगढ़ के 2 छात्रों ने टॉप 100 एआईआर में, 8 छात्रों ने टॉप 500 में और 18 छात्रों ने टॉप 1000 एआईआर में स्थान प्राप्त किया है। एआईआर 63 प्राप्त करने वाले अंशवीर सिंह धालीवाल ने इससे पहले सेशन 1 में 99.989 परसेंटाइल और कक्षा 10 में 97% अंक प्राप्त किए थे। उन्होंने इंडियन नेशनल फिजिक्स ओलंपियाड, ओसीएससी फिजिक्स, इंडियन नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड और आईएनओ में भाग लिया है। उनके पिता एनआईटीटीटीआर, सेक्टर 26, चंडीगढ़ में प्रोफेसर हैं और उनकी माता रायट बहरा यूनिवर्सिटी में शिक्षिका हैं। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए अंशवीर ने कहा कि उनका सपना आईआईटी बॉम्बे में पढ़ाई करना है, जिसे वह अपनी मेहनत से पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय एलन करियर इंस्टीट्यूट और अपने माता-पिता को दिया।

एआईआर 78 प्राप्त करने वाले भारत बंसल ने सेशन 1 में 99.9976982 परसेंटाइल और कक्षा 10 में 98% अंक प्राप्त किए थे। उन्होंने 2025 में इंडियन फिजिक्स ओलंपियाड में भाग लिया और 2026 में इंडियन केमिस्ट्री ओलंपियाड में भी भाग ले रहे हैं। उनके पिता सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं और उनकी माता एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। एलन करियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड, चंडीगढ़ उत्तरी क्षेत्र में हर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए जाना जाता है। संस्थान छात्रों को मजबूत कॉन्सेप्ट आधारित शिक्षा, नियमित टेस्ट मूल्यांकन, समर्पित डाउट सॉल्विंग सेशन और व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट और नॉर्थ जोन हेड सदानंद वाणी ने कहा कि संस्थान के छात्र मेहनती, अनुशासित और अपने लक्ष्यों के प्रति पूरी तरह केंद्रित हैं, जो उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दिलाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान की शिक्षा प्रणाली शिक्षकों, शिक्षा विशेषज्ञों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कोमल मित्तल ने टिवाना और लालड़ू मंडियों का किया दौरा, गेहूं के खरीद कार्यों का लिया जायजा

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने टिवाना और लालड़ू अनाज मंडियों का दौरा कर जिले में चल रहे गेहूं खरीद कार्यों का जायजा लिया गया।

दौरे के दौरान उन्होंने मंडियों में की गई तैयारियों, खरीद, लिफ्टिंग तथा भंडारण प्रबंधों की समीक्षा की और किसानों, आढ़तियों तथा अधिकारियों से बातचीत कर प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। गेहूं की खरीद की प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जिला एसएएस नगर में खरीद कार्य सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि आज की आमद 11,873 मीट्रिक टन रही है, जिससे कुल आमद 1,04,723 मीट्रिक टन तक पहुंच गई है। उन्होंने आगे बताया कि आज 12,052 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जबकि कुल खरीद 1,03,183 मीट्रिक टन हो चुकी है। लिफ्टिंग के संबंध में उन्होंने कहा कि आज 6085 मीट्रिक टन गेहूं की उठान की गई है और कुल उठान 30,241 मीट्रिक टन तक पहुंच चुकी है। डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदे गए गेहूं की समय पर उठान सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने मंडियों में पेयजल, स्वच्छता और बैठने की व्यवस्था सहित सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाए और किसानों को भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन किसानों को सुविधाजनक और निर्बाध खरीद सीजन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ऊर्जा व कचरा प्रबंधन में आईएचसीएल की बड़ी उपलब्धियां

## पृथ्वी दिवस पर दायित्वपूर्ण संसाधन प्रबंधन के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** पृथ्वी दिवसके मौके पर, भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी, इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने अपने पोर्टफोलियो में जिम्मेदारी के साथ रिसोर्स मैनेजमेंट (संसाधन प्रबंधन) के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। अपने ईएसजी प्लस फ्रेमवर्क 'पथ्य' के मार्गदर्शन में आईएचसीएल अपने परिचालन की मूल में संवहनीयता (सस्टेनेबिलिटी) को शामिल करना जारी रखे हुए है, जिससे पर्यावरण प्रबंधन पुख्ता होगा और दीर्घकालिक मजबूती को सहयोग मिलेगा।

आईएचसीएल के मानव संसाधन के कार्यकारी उपाध्यक्ष गौरव पोखरियाल ने कहा, 'आज, सस्टेनेबिलिटी महज़ चंद पहलकदमियों का समूह भर नहीं रह गई है, बल्कि उससे बढ़कर कारोबार चलाने का एक मुख्य अनुशासन बन गई है जो यह तय करती है कि वक्त साथ आगे बढ़ते हुए कोई उद्योग किस प्रकार मूल्य रचना करता है। जिस तरह से विभिन्न स्थानों पर हमारे पोर्टफोलियो का विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए हमारे दैनिक परिचालन में संवहनीय विधियों को शामिल करना दायित्वपूर्ण वृद्धि के लिए आवश्यक हो गया है।

पथ्य के अनुसार कार्य करते आईएचसीएल ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण व कचरा प्रबंधन को मजबूत करने पर फोकस कर रहा है, यह सुनिश्चित करते हुए कि पर्यावरण की जिम्मेदारी हमारे काम करने के तरीके में शामिल हो। 2016 से, आईएचसीएल ने अपनी ऊर्जा खपत को 18 प्रतिशत, उत्सर्जन की मात्रा को 35 प्रतिशत, पेयजल के इस्तेमाल को 34 प्रतिशत और लैंडफिल में कचरे की मात्रा को 46 प्रतिशत कम किया है, जो परिचालन में ऊर्जा दक्षता को मजबूत बनाने के निरंतर फोकस को दर्शाता है। 100 अर्थचैक-सर्टिफाइड होटलों की उपलब्धि इस कोशिश की निरंतरता को दिखाती है। आईएचसीएल की पहलों में नवीकरणीय ऊर्जा को ज्यादा अपनाना, उन्नत ऊर्जा प्रबंधन व चिलर ऑप्टिमाइजेशन सिस्टम का इस्तेमाल, कुशल व जीवाश्म ईंधन-मुक्त लॉन्ड्री ऑपरेशन में बदलाव, ऑर्गेनिक वेस्ट प्रोसेसिंग और कम्पोस्टिंग के तरीकों को मजबूत करना, पैकेज्ड पानी पर निर्भरता कम करने के लिए इन-हाउस वॉटर बॉटलिंग, और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का ईस्तेमाल बंद करना शामिल है, ये सब मिलकर ब्रांड के जिम्मेदार पर्यटन की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार संयुक्त बढ़त पर

**एजेंसी, लुबुम्बाशी (कांगो)।** युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार ने एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन छह अंडर 67 का समान स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। पिछले साल पेशेवर बनने वाले 21 वर्षीय पन्नू ने पांच बर्डी, एक ईगल और एक बोगी की जबकि हाल ही में महिला गोल्फ एसोसिएशन की पेशेवर बनी 19 वर्षीय बरार ने पहले दौर में एक भी बोगी नहीं की।



इन दोनों के बाद सुखमन सिंह का नंबर आता है जिन्होंने पांच अंडर 68 का स्कोर बनाया। वह अकेले तीसरे स्थान पर हैं जबकि अमन राज ने हरेंद्र गुप्ता संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन दोनों ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया। उदयन माने, मानव शाह और सैयद साकिब अहमद ने तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त छठे स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### सोनी ने एशियाई खेलों के प्रसारण अधिकार किए हासिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के प्रसारण के विशेष अधिकार हासिल किए हैं। प्रसारण अधिकार हासिल करने के संबंध में किए गए समझौते के अनुसार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर किया जाएगा। इसे पूरे भारत और उपमहाद्वीप में सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए थे और वह इस बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। एशियाई खेलों में ओलंपिक में शामिल 32 खेलों सहित 41 खेलों में खिलाड़ी अपना भाग्य आजमाएंगे। इस बार इन खेलों में मिश्रित मार्शल आर्ट और सर्फिंग जैसे नए खेल भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा एशियाई खेलों में क्रिकेट, टेनिस, ईस्पोर्ट्स, कबड्डी, सेपक टकरा और कुराश जैसे खेल भी शामिल हैं। क्रिकेट भारतीय दर्शकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। (अनंत ज्ञान)

### अल-अहली सऊदी एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के फाइनल में

**एजेंसी, जेद्दा (सऊदी अरब)।** इवान टोनी के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल की मदद से सऊदी अरब के क्लब अल-अहली सऊदी ने जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। जेद्दा में शनिवार को होने वाले फाइनल में अल-अहली सऊदी का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली और जापान के माचिदा ज़ेलविया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। विसेल कोबे के 32वें मिनट में युशिनोरी मुटो के गोल से बढ़त बनाई। अल-अहली सऊदी ने 62वें मिनट में ब्राजील के विंगर गैलेनो के गोल से बराबरी की। टोनी ने इसके आठ मिनट बाद अल-अहली सऊदी की तरफ से दूसरा गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। (अनंत ज्ञान)

### पाउला क्रीमर का खूबसूरत अंदाज

**अमेरिका।** पाउला क्रीमर एक अमेरिकी पेशेवर गोल्फर हैं। एक पेशेवर के रूप में, उन्होंने 12 टूर्नामेंट जीते हैं, जिनमें 10 एलपीजी टूर इवेंट शामिल हैं। क्रीमर महिला विश्व गोल्फ रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही हैं। वह 2010 की यूएस महिला ओपन चैंपियन थीं।



## आईपीएल-2026 राजस्थान की नजर वापसी पर, लखनऊ से मुकाबला आज

# संघर्षरत लखनऊ के खिलाफ जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा राजस्थान

**एजेंसी, लखनऊ**



लगातार दो हार से आहत राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने शुरुआती प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस 2008 की चैंपियन टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ की थी, लेकिन उसके बाद पिछले दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 57 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में तेज गेंदबाजों के सामने उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और उसने नौ रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पिछले मैच में राजस्थान अच्छी स्थिति में था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। केकेआर के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच का रुख पलट दिया। राजस्थान रॉयल्स के लिए उसकी फील्डिंग चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले मैच में रिंकू सिंह जब आठ रन पर खेल रहे थे तब नांद्रे बर्गर ने उनका कैच छोड़ दिया, जो टीम के लिए महंगा साबित हुआ। रिंकू ने अनुकूल रॉय के साथ मिलकर अंतिम ओवरों में मैच केकेआर के पक्ष में कर दिया।

राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव है। सनराइजर्स के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम नहीं चल पाया जबकि केकेआर के खिलाफ मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। पिछले दो मैच में हार के बावजूद राजस्थान रॉयल्स की टीम एलएसजी के सामने मजबूत नजर आती है। एलएसजी लगातार तीन हार के बाद नौवें स्थान पर है।

सूर्यवंशी और जायसवाल ने इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स को अच्छी शुरुआत दी है और अगर एलएसजी को मुकाबले में बने रहना है तो उसके गेंदबाजों को इन दोनों पर अंकुश लगाना होगा और शुरुआत में विकेट हासिल करने होंगे। लेकिन एलएसजी के गेंदबाजों के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह आसान नहीं होगा क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उसके गेंदबाज नहीं चल पाए थे। प्रियांश आर्य और कूपर कॉनॉली की शानदार पारियों से पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 254 रन बनाकर एलएसजी को 54 रन से हराया था। इस मैच में तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को छोड़कर एलएसजी का कोई भी अन्य गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। प्रिंस ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए थे, जबकि तेज गेंदबाज आवेश खान और मोहम्मद शमी अपनी गेंदों पर नियंत्रण नहीं रख पाए थे। मणिकरण सिद्धार्थ भी काफी महंगे साबित हुए हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलएसजी उसके मध्य क्रम के बल्लेबाजों रियान पराग, शिमरोन हेटमायर और डोनोवन फरेरा को निशाना बनाने की कोशिश करेगा क्योंकि ये बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), एडेन मार्करम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, वानिंदु हसरंगा, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा।

## शेफाली वर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अर्द्धशतक की बदौलत आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। शेफाली ने रविवार को डरबन में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 38 गेंद पर 57 रन बनाए थे लेकिन भारत मेजबान टीम से आठ विकेट से हार गया जिससे श्रृंखला में वह 0-2 से पिछड़ गया। भारत को इसी मैदान पर खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिसमें शेफाली ने 34 रन का योगदान दिया था।



भारत की उपकप्तान और शेफाली की सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना अब तक खेले गए दोनों मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। उन्होंने इन मुकाबलों में 13 और 12 रन बनाए। तीसरे स्थान पर अब वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान ऊपर चढ़कर अब शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। वह फिलहाल 11वें स्थान पर हैं। उन्होंने पहले टी20 में नाबाद 47 रन बनाए थे। महिला विश्व कप की स्टार खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स को चार स्थान का नुकसान हुआ है। खराब फॉर्म के चलते वह अब बल्लेबाजों की सूची में 14वें स्थान पर खिसक गई हैं। यह श्रृंखला दोनों टीम के लिए आगामी टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है जो जून में इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होने वाला है।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने भारत के खिलाफ दूसरे मैच में शानदार अर्द्धशतक लगाने के बाद बल्लेबाजों की सूची में अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल शीर्ष पर हैं। भारत की प्रमुख गेंदबाज दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी गेंदबाजों की रैंकिंग में नीचे खिसक गई हैं। दीप्ति दो स्थान नीचे पांचवें जबकि रेणुका चार स्थान नीचे नौवें स्थान पर हैं। अरुंधति भी तीन स्थान के नुकसान से 12वें स्थान पर खिसक गई हैं और शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची से बाहर हो गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# अश्वनी बोले- मैंने अपनी यॉर्कर और स्विंग पर की है कड़ी मेहनत

**एजेंसी, अहमदाबाद**

मुंबई इंडियंस के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने कहा कि उन्होंने यॉर्कर और स्विंग पर काफी कड़ी मेहनत की और धैर्यपूर्वक मौके का इंतजार किया, जिसका फायदा उन्हें गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल मैच में मिला।



तिलक वर्मा की 45 गेंदों पर नाबाद 101 रन की पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने पांच विकेट पर 199 रन बनाए। इसके बाद मौजूदा सत्र का अपना पहला मैच खेल रहे अश्वनी ने 24 रन देकर चार विकेट लिए और गुजरात टाइटंस को 15.5 ओवर में 100 रन पर आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैं यॉर्कर और स्विंग पर काम कर रहा था। मैं बस मौके का इंतजार कर रहा था। मुझे जब भी मौका मिलता, मैं अच्छा प्रदर्शन करता। अन्यथा मैं मंदिर जाता था। मैं बस यही कर रहा था।'' उन्होंने कहा, ''मैंने विकेट की परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी की। हमने कप्तान से इस बारे में चर्चा की और अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने की कोशिश की।''

अश्वनी ने कहा, ''यह काली मिट्टी की पिच है, इसलिए हमें पता था कि गेंद थोड़ी नीची रहेगी। पहली पारी में गेंद थोड़ा स्विंग हो रही थी। इसलिए हमारी रणनीति सही लेंथ पर गेंद डालना और पिच की परिस्थिति के अनुसार गेंदबाजी करना था।'' इस जीत से मुंबई इंडियंस का लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला खत्म हो गया और वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। अश्वनी ने कहा, ''हम अपनी गलतियों पर गौर कर रहे थे और कोच की सलाह का पालन कर रहे थे। हारने के बावजूद हमारा मनोबल कम नहीं हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# मैथ्यू हेडन ने बल्लेबाजों को लगाई फटकार

## बोले-भयावह बल्लेबाजी से मिली टीम को करारी हार

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के हाथों मिली 99 रन की हार के लिए अपने खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना करते हुए इसके लिए अपने बल्लेबाजों के 'भयावह प्रदर्शन' और डेथ ओवरों में खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया।



इस मैच में मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन उसने अंतिम चार ओवर में 73 रन बनाकर पांच विकेट पर 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 100 रन पर ढेर हो गई, जिसमें वाशिंगटन सुंदर के 26 रन सर्वोच्च स्कोर रहा। हेडन ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''मुझे उम्मीद थी कि हार का अंतर इससे काफी कम होगा। हमारे बल्लेबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वह बिल्कुल अस्वीकार्य है।''

उन्होंने कहा, ''आज का दिन हमारे लिए बेहद खराब रहा। ईमानदारी से कहूं तो कागिसो रबाडा के प्रदर्शन को छोड़कर आज का दिन कुछ भी अच्छा नहीं था। इसलिए हमें निश्चित रूप से काफी मेहनत करनी होगी।'' गुजरात टाइटंस के पास साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर के रूप में शीर्ष क्रम में धाकड़ बल्लेबाज हैं, जबकि उसने शाहरुख खान और राहुल तेवतिया के साथ मध्यक्रम में न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स को भी शामिल किया है। हेडन ने कहा, ''जब आप हमारी बल्लेबाजी पर नजर डालते हैं, तो हमारे पास शानदार खिलाड़ी हैं जिन्हें अवसरों का लाभ उठाने के लिए बेहतर मानसिकता और बेहतर स्थिति में होना होगा। इस टूर्नामेंट में हमारी उनसे यही उम्मीदें हैं।'' उन्होंने कहा, ''आप 20 ओवर के मैच में 100 रन (99) के अंतर से मिली हार पर खुश नहीं हो सकते। मेरा मतलब है कि मेरे जमाने में तो 50 ओवर के क्रिकेट में 100 रन लगभग जीत के लिए पर्याप्त स्कोर हुआ करता था।'' (अनंत ज्ञान)

# अल्काराज और सबालेंका को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**एजेंसी, मैड्रिड**

टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबालेंका ने लॉरियस पुरस्कारों में क्रमश: वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया, जबकि फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। अल्काराज ने पिछले साल फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीता था।



पीएसजी 2025 में पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियंस लीग का खिताब जीतने में सफल रहा था। इस महीने मास्टर्स खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले गोल्फर रोरी मैकलॉय को वर्ष में शानदार वापसी करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। बार्सिलोना और स्पेन के स्टार फुटबॉलर 18 वर्षीय लामिन यामल ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

फॉर्मूला वन चैंपियन लैंडो नॉरिस को विश्व का सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। जर्मनी के महान फुटबॉलर टोनी क्रूस ने विश्व खेल प्रेरणा पुरस्कार हासिल किया, जबकि अपने जमाने की दिग्गज जिम्नास्ट नादिया कोमानेसी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार दिया गया। अमेरिका के स्नोबोर्डर क्लो किम को 'वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन' का पुरस्कार दिया गया। ब्राजील के गैब्रियल अराउजो को दिव्यांग वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। स्पेन की राजधानी में आयोजित किए गए इस पुरस्कार समारोह की मेजबानी दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीयर एलीन गु ने की। (अनंत ज्ञान)


# भारत के पूर्व क्रिकेटर के साले और ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान के ससुर और साले के पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद उनके ससुराल में हड़कंप मच गया है। यूसुफ पठान के ससुराल वालों पर यह एक्शन बायकुला में कथित मारपीट के एक मामले में हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, मामला शनिवार रात करीब 9 बजे की है। बताया जा रहा है कि भायखला इलाके का रहने वाला यूसुफ खान और उसके परिवार पर हमला किया। दरअसल, यूसुफ खान की कार एक पानी के गड्ढे से गुजरी, जिससे पानी उछलकर शोएब खान पर चला गया। यूसुफ खान ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गाड़ी रोककर तुरंत माफी मांगी, लेकिन शोएब ने उसके साथ गाली गलौज किया और बांस की लकड़ी से कार का विंडशील्ड तोड़ दिया। जिसके बाद यूसुफ खान घर पहुंचा। जिसके बाद वो अपने परिवार के साथ पुलिस के पास शिकायत करने के लिए जा रहे थे तो यूसुफ पठान के ससुर खालिद खान और उनके रिश्तेदारों ने उन पर दोबारा हमला किया। पुलिस के अनुसार, खालिद ने अपने बेटे उमरशाद खान (35), शोएब खान और एक अन्य आरोपी शहबाज पठान के साथ मिलकर यूसुफ खान और उनके परिवार के साथ फिर से झगड़ा किया।

घटना के बाद अब पुलिस ने यूसुफ पठान के ससुर और साले समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 2 मई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की है। जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। (अनंत ज्ञान)



## चेल्सी क्लिंटन-सुनीता विलियम्स ने पूरी की बोस्टन मैराथन

**एजेंसी, बोस्टन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पुत्री चेल्सी क्लिंटन और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने सोमवार को बोस्टन मैराथन पूरी की। क्लिंटन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष 46 वर्षीय चेल्सी ने 26.2 मील (42.195 किलोमीटर) की दौड़ तीन घंटे, 40 मिनट और 52 सेकंड में पूरी की। चेल्सी के पिता बिल क्लिंटन और मां पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने फिनिश लाइन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर 2014 के चैंपियन मेब केफ्लेजघी भी उपस्थित थे जो इस दौड़ को जीतने वाले अंतिम अमेरिकी पुरुष धावक हैं। एथलिंक्स डॉट कॉम के अनुसार, चेल्सी क्लिंटन न्यूयॉर्क मैराथन सहित छह अन्य मैराथन में भाग ले चुकी हैं और सोमवार को उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने यह दौड़ पांच घंटे, 52 मिनट और 49 सेकंड में पूरी की।

# आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण आईपीएल से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है। म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें छह से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा।



सीएसके ने सोशल मीडिया पर कहा, ''आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।''

फ्रेंचाइजी ने कहा, ''आयुष को चोट से उबरने के लिए छह से 12 सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन पर रहना होगा।'' यह 18 वर्षीय बल्लेबाज सनराइजर्स के खिलाफ इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरा था। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण वह काफी असहज महसूस कर रहे थे। सनराइजर्स ने यह मैच 10 रन से जीता था।

म्हात्रे को मैदान पर ही उपचार दिया गया। दर्द के बावजूद उन्होंने खेलना जारी रखा था लेकिन इसके तुरंत बाद वह आउट हो गए थे। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, ''दुर्भाग्य से उसकी स्थिति काफी खराब दिख रही है। उसका बाहर होना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में है।'' म्हात्रे ने इस सत्र में छह मैचों में 177.87 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए। सीएसके की टीम को अभी तक छह मैचों में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और वह अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** पिच की समझ और सटीक रणनीति से मुंबई इंडियंस का टूटा हार का सिलसिला

# रणनीति पर अमल करने से हो सकती है हमारी टीम अजेय: तिलक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल मैच में अपने मैच विजेता शतक का श्रेय परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करने को दिया और कहा कि अगर उनकी टीम अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करती है तो उसे रोकना अब आसान नहीं होगा।

तिलक की विस्फोटक 101 रन की नाबाद पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस पर 99 रन की शानदार जीत हासिल की और आईपीएल 2026 में लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला समाप्त किया। तिलक ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''यह शतक टीम और मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। पिछले चार-पांच मैचों से मेरे दिमाग में लगातार एक ही बात चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया है और ज्यादा गेंदों का सामना नहीं किया था। इसलिए मेरा लक्ष्य विकेट पर कुछ समय बिताना और फिर टीम की स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करना था।''



तिलक ने अपनी रणनीति के बारे में कहा कि उन्होंने पिच का शुरुआती आकलन किया और सीधे शॉट लगाने पर ध्यान केंद्रित किया।

उन्होंने कहा, ''जब भी मुंबई इंडियंस की टीम अहमदाबाद आती है तो हम आमतौर पर काली मिट्टी वाली पिच पर मैच खेलते हैं, जो थोड़ी धीमी होती है। ऐसा नहीं है कि हमारे बल्लेबाज इसके अनुकूल नहीं ढल सकते, लेकिन हम जानते हैं कि अगर पिच पर ज्यादा उछाल हो तो हम क्या कर सकते हैं।''

तिलक ने कहा, ''गेंद धीमी और नीची रह रही थी, इसलिए हमें उससे तालमेल बिठाना पड़ा और सीधे शॉट लगाने की कोशिश करनी पड़ी। गेंद ज्यादा उछाल नहीं ले रही थी, इसलिए विकेट की सीध में आने वाली गेंदों पर 'एक्रास द लाइन' खेलना जोखिम भरा था। मैंने सीधे शॉट लगाने का फैसला किया। मैंने परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझा।''

इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है और तिलक को उम्मीद है कि उनकी टीम आगे भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगी।

उन्होंने कहा, ''हमें बहुत आगे की नहीं सोचनी चाहिए और एक समय में एक ही मैच पर ध्यान देना चाहिए। हमारे लिए हर मैच लगभग नॉकआउट मुकाबले जैसा है।''

तिलक ने कहा, ''हम जानते हैं कि हम क्या करने में सक्षम हैं। हमारी टीम में कई विश्व कप विजेता खिलाड़ी हैं। अगर हम अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करते हैं तो हमें कोई रोक नहीं सकता। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम खेल पर अपना ध्यान केंद्रित रखें और कड़ी मेहनत करते रहें।''

अपनी पसंदीदा बल्लेबाजी पोजीशन के बारे में पूछे जाने पर तिलक ने कहा कि उन्हें नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना पसंद है।

उन्होंने कहा, ''व्यक्तिगत तौर पर मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है। हालांकि, टीम को मेरी जहां भी जरूरत हो, मैं वहां बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हूं, लेकिन अगर कोई मुझसे पूछे तो मैं हमेशा तीसरा नंबर ही कहूंगा।'' (अनंत ज्ञान)